ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 8 जून 2024
वर्ष 34, अंक 132, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या 2
वरुण की फिल्म जुगजुग जियो का बनेगा सीक्वल 14

## एक नजर

### हनुमानगढ़ी में 10 जुलाई तक वीआईपी दर्शन नहीं

**अयोध्या।** रामनगरी के सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी का निकास मार्ग 10 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। वीआईपी दर्शन पर भी रोक रहेगी। निकास मार्ग के चौड़ीकरण के चलते हनुमानगढ़ी अखाड़े ने प्रशासन की सहमति के बाद शुक्रवार को यह निर्णय लिया है। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी में रोज एक लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। निकास मार्ग को 20 फीट चौड़ा किया जा रहा है। इसी को देखते हुए 10 जुलाई तक निकास मार्ग को बंद रखा जाएगा। अब सभी भक्तों को मुख्य प्रवेश द्वार से ही प्रवेश करना होगा। एक लेन से प्रवेश दिया जाएगा जबकि दूसरे लेन से श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जाएगा।

### ईएसआईसी के डीजी बने कमल किशोर सोन

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि कमल किशोर सोन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक (डीजी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। सोन की इस पद पर नियुक्ति 31 मई से प्रभावी है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि झारखंड कैडर के 1998 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कमल किशोर सोन वर्तमान में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक (श्रम कल्याण) के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने 31 मई 2024 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत ईएसआईसी के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। सोन के पास झारखंड में विभिन्न विभागों के शासन व प्रबंधन का व्यापक अनुभव है।

### मवेशी ले जा रहे दो लोगों की मौत, एक घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में एक ट्रक में मवेशियों को ले जा रहे तीन लोगों में से दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक कुछ लोगों ने ट्रक का पीछा किया था। रायपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) कीर्तन राठौर ने बताया कि घटना रायपुर-महासमुंद जिले की सीमा पर आरंग थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के हुई। महानदी पर 30 फुट ऊंचे पुल से तीन लोगों के गिरकर नीचे पड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस के एक दल को मौके पर भेजा गया।

# सेंसेक्स और निफ्टी 2% बढ़कर उच्चस्तर पर

मुंबई, एजेंसी

- 28.65 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक चढ़कर रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुए।आरबीआई ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जिसके चलते बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह एनएसई निफ्टी दिन के कारोबार में 498.8 अंक या 2.18 प्रतिशत चढ़कर 23,320.20 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में निफ्टी 468.75 अंक या 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक पर बंद हुआ। तीन दिन से जारी तेजी के बीच शुक्रवार तक निवेशकों की संपत्ति 28.65 लाख करोड़ बढ़ गई।


# लगातार आठवीं बार रेपो दर 6 .5 प्रतिशत पर कायम

## मौद्रिक नीति समीक्षा : आरबीआईने जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा। मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई को काबू में रखने के प्रयास के तहत आरबीआई ने लगातार आठवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया। साथ ही उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर भी कायम रहने का फैसला किया है। उदार रुख को वापस लेने से आशय अपेक्षाकृत आक्रामक रुख से है। हालांकि,



- मौद्रिक नीति समिति के दो सदस्य रेपो दर में 0.25% कटौती के पक्ष में

### मासिक किस्तों में बदलाव की संभावना कम

दास ने कहा कि सतत रूप से कीमत स्थिरता उच्च वृद्धि का आधार है। इन सब बातों पर गौर करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6 .5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि आरबीआई रेपो और रिवर्स रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी प्रबंधन में लचीला बना रहेगा।

मौद्रिक नीति समिति में इस बार दो सदस्यों ने अलग राय दी। पिछले बार के एक के मुकाबले दो सदस्यों ने नीतिगत दर में कटौती और रुख को कुछ नरम किए जाने के पक्ष में मतदान किया। एमपीसी के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने, जबकि दो...आशिमा गोयल और प्रोफेसर जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी लाने और रुख को तटस्थ करने के लिए मतदान किया। यह फैसला नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री का पद संभालने से कुछ ही दिन पहले आया है।

पिछले वित्त वर्ष में उम्मीद से अधिक जीडीपी वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में मजबूती और दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की भविष्यवाणी के साथ 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत पर कर दिया है। वहीं चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।

## राष्ट्रपति ने दिया सरकार बनाने का न्योता

# मोदी प्रधानमंत्री मनोनीत

## शपथ ग्रहण समारोह कल, राजग नेताओं ने राष्ट्रपति से मिलकर मोदी के समर्थन में सौंपा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत करते हुए उन्हें नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। नई सरकार का शपथग्रहण समारोह रविवार की शाम को होगा। मोदी ने शुक्रवार शाम राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने मोदी को मनोनयन पत्र सौंपा।

इससे पहले, भाजपा नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मोदी के लिए समर्थन पत्र सौंपा। मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने मुझे मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने के लिए कहा है और उन्होंने मुझे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है।



प्रधानमंत्री मोदी को दही खिलातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### आडवाणी और डॉ. जोशी से मोदी ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल का नेता, भाजपा संसदीय दल का नेता और लोकसभा में भाजपा का नेता चुने जाने के तुरंत बाद मोदी ने आडवाणी से मुलाकात की। आडवाणी से मुलाकात के बाद वह भाजाप के पूर्व अध्यक्ष जोशी के आवास पर गए। मुलाकातों के बाद मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आडवाणी जी के आवास पर गया और उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी से मुलाकात की। जब मैं पार्टी संगठन में काम कर रहा था तब मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। उनकी बुद्धिमत्ता और ज्ञान के लिए पूरे भारत में उनका बहुत सम्मान किया जाता है। मोदी ने इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की।

### जदयू हर दिन भाजपा के साथ रहेगी : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वास जताया कि मोदी बड़े स्तर पर भारत का विकास करेंगे और बिहार पर भी ध्यान देंगे। हमें विश्वास है कि मोदी भारत का विकास करेंगे और हम हर दिन तहेदिल से उनका समर्थन करेंगे। कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी मोदी के कार्यकाल में हर दिन भाजपा के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी लंबित काम किए जाएंगे।

### क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन जरूरी : चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली।** भाजपा के प्रमुख सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का समर्थन किया। नायडू ने इस अवसर पर क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन बनाकर चलने की जरूरत बताई। राजग संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दल जनता दल-सेक्युलर के नेता एच डी कुमारस्वामी, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार, हम (एस) के प्रमुख जीतन राम मांझी समेत अन्य सहयोगी नेताओं ने मोदी को राजग का नेता चुनने के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का समर्थन किया। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक में शिंदे ने गठबंधन को 'फेविकोल का जोड़' बताया, नीतीश कुमार ने मोदी के पैर छूने की कोशिश की लेकिन मोदी ने उनको बीच में ही रोक दिया। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बार-बार मोदी को 'सर' कहा। चिराग पासवान को प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी से गले लगाया। जनसेना पार्टी के पवन कल्याण का मोदी ने अपने भाषण में विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पवन हवा नहीं बल्कि तूफान हैं।

# नेपाल ने भारत सहित 11 देशों से राजदूत बुलाए

काठमांडू, एजेंसी

- सभी राजदूतों से तीन से चार सप्ताह में वापस लौटने को कहा
- नेपाली कांग्रेस कोटे के तहत हुई थी नियुक्ति, टूट चुका है गठबंधन

नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है, जिनमें भारत और अमेरिका में सेवारत राजदूत भी शामिल हैं और इनकी नियुक्ति नेपाली कांग्रेस के कोटे के तहत की गई थी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब तीन माह पहले प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पार्टी (नेपाली कांग्रेस) से गठबंधन समाप्त किया और केपी शर्मा ओली से हाथ मिलाया है।

उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की कड़ी आपत्तियों के बावजूद सरकार ने गुरुवार को यह कदम उठाया। समाचारपत्र 'द काठमांठू पोस्ट' की एक खबर के मुताबिक, नेपाल ने भारत में अपने राजदूत शंकर शर्मा को वापस बुला लिया है। खबर में विदेश मंत्रालय के अनेक अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि इस तरह के कदम से बहुत अराजनयिक संदेश जाता है। खबर में एक मंत्री के हवाले से कहा गया कि विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस और अन्य दलों के कोटे से नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के प्रस्ताव का कथित तौर पर विरोध कर रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री दाहाल और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया। माना जाता है कि विदेश मंत्री ने दाहाल और ओली दोनों से सभी 11 राजदूतों को वापस न बुलाने का अनुरोध किया था।

### नौ जून को भारत की यात्रा करेंगे प्रचंड



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जिस दौरान वह नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी भारत यात्रा का अनुमोदन किया गया।

## आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट का फैसला

# इरफान सोलंकी समेत 5 को 7 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सजा के बाद इरफान सोलंकी का चला जाएगा विधायक पद
- सभी आरोपियों पर 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया

**अमृत विचार :** जाजमऊ थानाक्षेत्र में आगजनी केस में शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 दोषियों को 7 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने सपा विधायक व उसके भाई पर 30 हजार 500 रुपये जुर्माना व अन्य तीन दोषियों पर 29 हजार 500 रुपये जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने करीब 350 पन्नों का जजमेंट दिया। चार बार के सपा विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई से जुड़े। सजा के बाद अब इरफान सोलंकी का विधायक पद भी चला जाएगा। सपा विधायक के अधिवक्ता ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की बात कही।

जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। मामले में इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था। 3 जून को न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सपा विधायक समेत पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को फैसला सुनाने से पहले कोर्ट ने बचाव व अभियोजन पक्ष की बहस सुनी, शाम करीब 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला व शौकत अली को 7 साल की सजा सुनाई।

### हम अखिलेश के साथ थे और साथ ही रहेंगे

सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट से बाहर निकलने पर रिजवान सोलंकी ने कहा कि हम लोग बेगुनाह हैं। हम अखिलेश यादव के साथ थे और उनके साथ ही रहेंगे। हम लोगों से जिस तरह से 30 साल की विधानसभा सीट छीनने का काम किया जा रहा है, उसमें कोई कामयाब नहीं होगा। मुझे अल्लाह की तरफ से इंसाफ मिलेगा, हम सभी हाईकोर्ट से बरी होंगे। रिजवान ने कहा कि ये फर्जी मुकदमा है, हमने केडीए से प्लॉट लिया था, क्या केडीए सरकारी संस्था नहीं है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां एम्स ऋषिकेश में भर्ती

**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को एम्स में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स की टीम उनकी जांच में जुटी है। बीती 14 मई को भी उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। तब उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (84) को आंखों में कुछ तकलीफ थी। इस वजह से उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। प्रोफेसर मीनाक्षी धर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने एम्स पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। योगी की मां पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित पंचूर गांव में रहती हैं। पंचूर योगी आदित्यनाथ का पैतृक गांव है जो ऋषिकेश से लगभग 50 किलोमीटर दूर है।



# मानहानि के मामले में राहुल गांधी को जमानत

बेंगलुरु, एजेंसी



- अपमानजनक विज्ञापन पर कर्नाटक भाजपा ने दर्ज कराया था मामला

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामला पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख अखबारों में कथित रूप से 'अपमानजनक' विज्ञापन जारी करने से संबंधित है। इनमें राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार पर 2019 से 2023 तक शासन के दौरान बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने एक जून को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार को इस मामले में जमानत दी थी। वे अदालत के समक्ष पेश हुए थे। न्यायाधीश के एन शिवकुमार ने राहुल गांधी को सात जून को निश्चित रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

## सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर, कई घायल

- मौके से चार बंदूकें बरामद, तीन जवान भी घायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी नक्सली मारे गए तथा कई अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने चार बंदूकें भी बरामद कीं। इस दौरान सुरक्षा बल के तीन जवान भी घायल हो गए। एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र आज पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी नक्सली मारे गए तथा साथ ही कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है।

## सीबीआई ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में दाखिल की चार्जशीट

- लालू प्रसाद और परिवार के सदस्य हैं मामले में आरोपी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में अपना अंतिम आरोपपत्र शुक्रवार को दाखिल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिए जाने के एवज में नौकरी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आरोपपत्र में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेज प्रताप यादव, बेटी हेमा यादव, पूर्व सहयोगी भोला यादव और अन्य को भी आरोपी बनाया है। उन्होंने कहा कि विशेष अदालत छह जुलाई को इस रिपोर्ट पर विचार करेगी।

## बीआरएस नेता कविता के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में पूरक आरोपपत्र दायर किया और दावा किया कि मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई ने अंतिम रिपोर्ट विशेष सीबीआई न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दाखिल की, जो मामले पर छह जुलाई को संज्ञान लेंगी। न्यायाधीश ने मामले में कविता की न्यायिक हिरासत भी 21 जून तक बढ़ा दी।

# तीन नए स्वदेशी कानूनों को लेकर बगैर देरी हो तकनीकी बदलाव

## 1 जुलाई से बदल रही आपराधिक न्याय प्रणाली, योगी ने की लागू होने के पहले तैयारी की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक बैठक में पहली जुलाई से लागू होने जा रही नई आपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में तैयारी की समीक्षा की। अपने सरकारी आवास पर बड़े अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए लागू होने जा रहे कानूनों में तकनीक का बड़ा महत्व है। डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है। इसके मद्देनजर आवश्यक तकनीकी बदलाव बिना देर किए हो जाएं।



- मुख्यमंत्री ने कहा, हर जिले में स्थापित होगा फॉरेंसिक लैब और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी सुविधा

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट लखनऊ का सहयोग लें। सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। कोर्ट में पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा रहे। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर रखें और प्रस्ताव तैयार करें, शासन स्तर से पूरा सहयोग मिलेगा। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की तैनाती करें। नए कानून के लागू होने से पहले इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एसओपी, शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, नए कानून सहजता से लागू किए जा सकें और अपने उद्देश्यों में सफल हों, इसके लिए तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। कॉन्स्टेबल, उपनिरीक्षक, इंस्पेक्टर, अभियोजक, जेल कर्मचारी आदि की विधिवत ट्रेनिंग कराएं। यह कार्य मास्टर ट्रेनर के तैयार कर आसानी से किया जा सकता है। यह भी कहा कि ये तीनों स्वदेशी कानून प्रधानमंत्री के प्रण को पूरा करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### यह होने जा रहा है बदलाव

संसद ने अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए इंडियन पीनल कोड- 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को समाप्त कर तीन नए कानून पारित किए हैं। यह कानून 1 जुलाई से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में लागू होना है। नई व्यवस्था के अनुसार, इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा।



## खेल डायरी

### जैसमीन पाओलिनी फ्रेंच ओपन फाइनल में



**पेरिस।** इटली की जैसमीन पाओलिनी ने मिर्रा आंद्रीवा को 6.3, 6.1 से हराकर फ्रेंच ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया जो उनके कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। इससे पहले किसी भी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे नहीं जा सकी पाओलिनी ने कहा कि ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह असंभव जैसा था लेकिन अब सच हो गया है। अब उनका सामना शनिवार को दो बार की गत चैम्पियन इगा स्वियातेक से होगा। इटली के यानिक सिनेर अगर कार्लोस अल्काराज को हरा देते हैं तो वह भी पुरुष एकल फाइनल में पहुंच जायेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सिनेर चाहे जीते या हारें लेकिन सोमवार को रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच जायेंगे। वहीं स्वियातेक ने कोको गाफ को 6.2, 6.4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोलां गैरो पर उनका जीत का सिलसिला 20 मैचों का हो गया।

### प्रदर्शन में सुधार चाहेगी भारतीय हॉकी टीम



**लंदन।** पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस सप्ताह के आखिर में जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों में अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को विश्व चैम्पियन जर्मनी से खेलना है जबकि रविवार को ब्रिटेन से मुकाबला होगा। बेल्जियम चरण और लंदन में दो मैचों के बाद भारत 14 मैचों में 24 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। जर्मनी छठे और ब्रिटेन सातवें स्थान पर है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हमने कुछ अच्छी हॉकी खेली लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। इन दो मैचों में हमारा लक्ष्य आक्रामक शुरुआत करने का होगा। हम अच्छी हॉकी खेलकर लय बनाये रखने की कोशिश करेंगे। बेल्जियम में भारत ने शूटआउट में अर्जेंटीना को हराया लेकिन बेल्जियम से 1-4 से हार गई। बेल्जियम ने उसे शूटआउट में हराया जिसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को 5-4 से मात दी। लंदन में भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया लेकिन ब्रिटेन से 1-3 से टीम हार गई। हार्दिक ने कहा कि टीम को पता है कि ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रो लीग के मैच कितने अहम है लिहाजा हम कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

### एसए20 लीग नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 तक

**नई दिल्ली।** बेतवे एसए20 लीग का तीसरा सत्र नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेला जायेगा। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले दो सत्र की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप की नजरें लगातार तीसरे खिताब पर होंगी। स्मिथ ने कहा कि पहले दो सत्रों की सफलता के बाद हम एक बार फिर इस सिलसिले को जारी रखते हुए सभी को विश्व क्रिकेट के नामी गिरामी सितारों को खेलते देखने का मौका देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम टूर्नामेंट के कार्यक्रम, नीलामी और खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करेंगे। इसकी तैयारी चल रही है। हम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिये खेल और मनोरंजन से भरा एक और सत्र लाने के लिये बेताब हैं।

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने अमेरिका से हार को काला दिन दिया करार

## डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन को हराकर अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने आईसीसी टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रहे अमेरिका के हाथों शिकस्त को अप्रत्याशित करार देते हुए इसे टीम के लिए 'काला दिन' करार दिया। अमेरिका ने डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हराकर इस विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर किया।



पूर्व कप्तान यूनिस खान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम ने इस मैच कई रणनीतिक गलतियां की, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। यूनिस ने कहा कि सुपर ओवर में जब बाए हाथ का गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा था तब फखर जमां को स्ट्राइक लेनी चाहिए थी। कोई भी ऐसे बुरे दिन से सीख सकता है और मुझे उम्मीद है कि बाबर आजम और अन्य खिलाड़ी अब हर मैच को करो या करो के रूप में लेंगे। यूनिस के अनुसार सबसे निराशाजनक बात यह थी कि अमेरिका में पाकिस्तानी मूल के लोग बड़ी संख्या में रहते है, जो पूरे दिल से टीम का समर्थन कर रहे हैं।

### अमेरिका को हलके में लेना भारी पड़ा , बाबर ने किया स्वीकार



**डलास।** अमेरिका के हाथों टी20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली हार से स्तब्ध पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि विरोधी टीम को हलके में लेना उनकी टीम पर भारी पड़ गया। अमेरिका ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए पूर्व चैम्पियन और पिछले उपविजेता पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने हराया था और हाल ही में बाबर आजम की टीम द्विपक्षीय शृंखला में आयरलैंड से हारी है। बाबर ने कहा कि किसी भी टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ तैयारी जरूरी होती है। यह मानसिकता की बात है । सहयोगी देशों जैसी टीम के खिलाफ आप चीजों को हलके में ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पाते और सामने वाली टीम आपको हरा देती है। हमारे साथ यही हुआ। हमारी तैयारी अच्छी थी लेकिन मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। हमने तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमने पहले छह ओवर का फायदा नहीं उठाया और दसवें ओवर के बाद विकेट गंवाते गए, जिससे लय ही नहीं बन सकी। बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### थेरोन ने रऊफ पर गेंद से छेड़खानी का लगाया आरोप



**डलास।** अमेरिकी गेंदबाज रस्टी थेरोन ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर टी20 विश्व कप के मैच के दौरान गेंद से छेडखानी का आरोप लगाया है। थेरोन अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रऊफ ने दो ओवर पुरानी गेंद पर नाखून लगाए, जिससे उन्हें रिवर्स स्विंग मिलने लगी। पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए खेल चुके 38 वर्ष के थेरोन ने इस कथित घटना पर आंख मूंदने के लिये आईसीसी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आईसीसी , क्या हम यह दिखावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने नई बदली गई गेंद को खरोचा नहीं है। दो ओवर के बाद ही गेंद को रिवर्स स्विंग कैसे मिलने लगी। आप साफ देख सकते हैं कि हारिस रऊफ ने गेंद पर नाखून लगाया है। अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराकर विश्व कप का पहला उलटफेर किया। रऊफ ने चार ओवर में 37 रन दे डाले।

### हार के बाद पाकिस्तानी टीम पर बरसे वसीम अकरम

**डलास।** महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार पर पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि अब टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाना बाबर आजम की टीम के लिये कठिन होगा। अकरम ने कहा कि निराशाजनक प्रदर्शन। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह बुरा दिन था। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए जूझना होगा क्योंकि अब उसे भारत (नौ जून) के बाद दो और अच्छी टीमों (आयरलैंड और कनाडा) से खेलना है। पाकिस्तान की 1992 विश्व कप जीत के नायक ने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ अमेरिका को शुरूआती विकेट मिलना था। उन्होंने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ यही था कि अमेरिका ने शुरूआती विकेट चटकाए। पाकिस्तान के लिए बाबर और शादाब ने छोटी सी साझेदारी की लेकिन उनके अलावा कोई नहीं चला । फील्डिंग बहुत खराब थी। उन्होंने कहा कि मुझे और पाकिस्तान के हर प्रशंसक को यकीन था कि हम अमेरिका को हराएंगे, लेकिन सुपर ओवर में 18 रन देने के बाद उम्मीदें ध्वस्त हो गई।



### भारत के खिलाफ आगामी मैच टीम के लिए करो या मरो मुकाबले की तरह हो गया: मोहसिन खान

पूर्व सलामी बल्लेबाज मोहसिन खान ने कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। मोहसिन 2010 से 2012 तक मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता थे। मोहसिन ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी मैच टीम के लिए करो या मरो मुकाबले की तरह हो गया है। मोहसिन ने कहा कि हमें वह मैच हर हाल में जीतना होगा, नहीं तो हम सुपर आठ से बाहर हो जायेंगे। पाकिस्तान के सात विकेट पर 159 रन के जवाब में अमेरिका की टीम ने तीन विकेट पर 159 रन बनाये। इसके बाद सुपर ओवर में अमेरिका के 18 रन के जवाब में पाकिस्तान 13 रन ही बना पाया।

### पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने नहीं दिखा जुझारूपन

क्रिकेट विश्लेषक ओमैर अलवी ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने वह आत्मसम्मान और जुझारूपन नहीं दिखाया जिसके लिए वह जाने जाते है। अमेरिका के खिलाफ उलटफेर से पहले, पाकिस्तान हाल के दिनों में अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड जैसी टीमों से भी हार गया है। पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने पउलटफेर करने के लिए अमेरिका की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आप अमेरिका की तुलना में हमारे अनुभव और प्रदर्शन को देखें। मैं धैर्य बनाए रखने और अनुशासन के साथ खेलने के लिए अमेरिका को पूरा श्रेय देता हूं। उन्होंने जो कैच लपके उससे मैच उनके पक्ष में हो गया। हमारे प्रशंसकों में निराशा है लेकिन मुझे लगता है हमारी टीम रविवार को भारत को हराकर कुछ सम्मान हासिल कर सकती है। सोशल मीडिया पर यह अटकलें भी लगने लगीं कि पाकिस्तान ड्रेसिंग रूम में सब कुछ ठीक नहीं है।

# पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या



**न्यूयॉर्क।** हार्दिक पंड्या पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के आगामी मुकाबले को 'जंग' की तरह नहीं देखते लेकिन भारतीय हरफनमौला उस प्रतिद्वंद्वी का सामना करने को बेताब हैं जिसके खिलाफ उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। भारत और पाकिस्तान की टक्कर रविवार को होगी और पंड्या चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछली सफलता दोहराना चाहेंगे।

**रविवार को भिड़ेंगे भारत पाकिस्तान**

पंड्या ने कहा कि मैं बड़े मैचों में खेलने को लेकर काफी रोमांचित रहता हूं। मुझे यह बहुत खास लगता है और पाकिस्तान ऐसी टीम है जिसके खिलाफ मैंने कई मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पंड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ छह टी20 मैच खेलकर 84 रन बनाए, लेकिन 7.5 की इकॉनॉमी रेट से 11 विकेट भी लिये हैं। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि यह कोई जंग नहीं है, एक मैच ही तो है। भारत और पाकिस्तान के मैच हमेशा से रोमांचक होते रहे हैं। जज्बात का सैलाब उमड़ता है लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि हम अनुशासित प्रदर्शन करेंगे और एक ईकाई के रूप में अपना लक्ष्य हासिल करेंगे। अगर ऐसा कर सके तो एक और दिन अच्छा होगा।

# थाईलैंड ओपन में लक्ष्य सेन की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

**जकार्ता, एजेंसी**



इंडोनेशिया के जकार्ता के इस्तोरा स्टेडियम में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य सेन।

स्टार शटलर लक्ष्य सेन की पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया में 14वें नंबर के खिलाड़ी सेन एक घंटे और एक मिनट तक चले मैच में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 22-24, 18-21 से हार गये। दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मैचों में यह एंटोनसेन की तीसरी जीत है।

सेन और एंटोनसेन के बीच पहले गेम में काफी करीबी मुकाबला देखने को मिला। डेनमार्क के खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरूआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। अब वापसी करने की बारी एंटोनसेन की थी। उन्होंने लगातार अंक जीतते हुए स्कोर को 16-16 से बराबर किया। दोनों खिलाड़ी 22 अंक तक लगभग बराबरी पर रहे लेकिन एंटोनसेन ने लगातार दो अंक बनाकर पहले गेम को 32 मिनट में जीत लिया। दूसरे गेम में भी कड़ा संघर्ष जारी रहा और दोनों खिलाड़ी एक समय 18-18 की बराबरी पर थे। सेन की गलतियों का फायदा उठाकर डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक बनाये और मैच जीत लिया। सेमीफाइनल में एंटोनसेन का मुकाबला आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा।

# स्कॉटलैंड ने नामीबिया को 5 विकेट से हराया

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

ब्रैड व्हील के 3 विकेट, माइकल लीस्क के प्रदर्शन तथा कप्तान रिची बेरिंगटन की नाबाद 47 रन की पारी के दम पर स्कॉटलैंड ने टी-20 विश्वकप के 12वें मुकाबले में नामीबिया को 5 विकेट से हरा दिया है।

नामीबिया ने गुरुवार को हुए मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआत में नामीबिया ने 37 रन अपने 3 गवां दिए थे। कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने 31 बॉल पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतर्राष्ट्रीय करियर का 10वां अर्धशतक था। जेन ग्रीन (28), निकोलस डेविन (20), डेविड वीजा (14), यान फ्रायलिंक (12) जेजे स्मिट (11) के योगदान से 20 ओवरों में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। स्कॉटलैंड के ब्रैड व्हील ने 3, ब्रैडली करी को दो विकेट मिले। क्रिस सोल, क्रिस ग्रीव्स और माइकल लीस्क ने एक -एक विकेट लिए।



156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड ने 73 के स्कोर तक 4 विकेट गवां दिये थे। जॉर्ज मंसी (7), माइकल जोंस (26), ब्रैंडन मक्मलेन (19) और मैथ्यू क्रॉस (3) रन बना सके। कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन ने 35 गेंदों में दो 47 रनों की पारी खेली। लीस्क ने 17 गेंद में 35 रन बनाये। क्रिस ग्रीव्स चार रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया।

# सिफत कौर ने म्यूनिख विश्व कप में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख।** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समारा ने शुक्रवार को आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के अंतिम दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से दो पदक जीत कर इस प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत किया।

सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। सिफत मामूली अंतर से रजत पदक से चूक गई। उन्होंने 452.9 अंक बनाए जो चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन हान जियायू से केवल 0.1 कम था। ग्रेट ब्रिटेन की विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सियोनैड मैकिन्टोश ने 466.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सिफत नीलिंग पोजीशन के बाद सातवें और प्रोन पोजीशन के बाद पांचवें स्थान पर चल रही थी। स्टैंडिंग पोजीशन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वह कांस्य पदक जीतने में सफल रही।

# कारूआना से प्रज्ञाननंदा को मिली मात, कार्लसन से हारे अलीरेजा

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**

**नॉर्वे शतरंज**



भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञाननंदा को नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से हार गए, जबकि विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को आर्मगेडन (टाइब्रेकर) में हराया। कार्लसन के अब 16 अंक हैं और उन्होंने हिकारू नाकामुरा पर 1.5 अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

नाकामुरा को चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से हार का सामना करना पड़ा। कारूआना से आर्मगेडन में हारने के बावजूद प्रज्ञाननंदा 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बने हैं। वह चौथे नंबर पर काबिज अलीरेजा से एक अंक आगे हैं। कारूआना के 10.5 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर हैं। लिरेन छह अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली को चीन की टिंगजी लेई के हाथों हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चौथे स्थान पर खिसक गईं। भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी भी चीन की वेन्जून जू से हार गईं। वेन्जून जू अब 16 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। टिंगजी लेई और यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक उनसे 1.5 अंक पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली 11.5 अंकों के साथ चौथे, जबकि हम्पी नौ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। स्वीडन की अनुभवी खिलाड़ी पिया क्रैमलिंग 6.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वैशाली क्लासिकल गेम में हारने वाली एकमात्र खिलाड़ी रही। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही, जिसके बाद परिणाम के लिए आर्मगेडन का सहारा लिया गया।

# मायूस होने की जरूरत नहीं है हम अब भी दौड़ में : स्टिमक

**कोलकाता, एजेंसी**



भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि उनकी टीम को कुवैत के खिलाफ विश्व कप के क्वालीफाइंग मैच गोलरहित ड्रॉ रहने पर निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि टीम अभी भी तीसरे दौर की दौड़ में बनी हुई है।

करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारतीय टीम ने निराश किया। छेत्री ने अपने 19 साल के करियर में 151 मैचों में 94 गोल दागकर विदा ली। स्टिमक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमें निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम अभी भी दौड़ में हैं। अगले पांच दिन में पूरी कोशिश करूंगा कि टीम में यह आत्मविश्वास पैदा कर सकूं कि हम कतर को हरा सकते हैं। यह छोटी सी आशा है लेकिन है और हमें खुद पर भरोसा करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को अब एशियाई दिग्गज कतर से 11 जून को खेलना है। वहीं कुवैत की टीम अफगानिस्तान से खेलेगी। भारत को हर हालत में हार से बचना होगा। कोच ने छेत्री का आखिरी मैच देखने बड़ी तादाद में आये दर्शकों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों की तारीफ करनी होगी जो बड़ी तादाद में आये। हम नतीजे से निराश है। मैच कठिन था और उन्होंने बेहतर शुरूआत की। हमें लय पकड़ने में समय लगा।

# वुशु के साथ खेलो इंडिया महिला लीग का चौथा सत्र शुरू

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया महिला लीग का 2024-25 संस्करण 10 जून को कर्नाटक के बागलकोट में दक्षिण क्षेत्र वुशु लीग के साथ शुरू होगा। इसमें सांडा और ताओलू स्पर्धाओं में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में कुल 300 एथलीट भाग लेंगे। इसमें आंध्र प्रदेश, पांडिचेरी, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप और ओडिशा के वुशु खिलाड़ी भाग ले सकते है।

लीग में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर स्पर्धाओं के शीर्ष आठ वुशू एथलीटों में 7.2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। राष्ट्रीय वुशू मुख्य कोच कुलदीप हांडू ने कहा, "खेलो इंडिया महिला लीग ने वुशू को राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बढ़ावा दिया है और तीनों डिवीजनों सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर की महिला एथलीट इससे लाभान्वित हो रही हैं।

**टी-20 विश्वकप** | न्यूजीलैंड को मिला है कठिन ग्रुप सी, जिसमें दो बार की चैंपियन मेजबान वेस्टइंडीज जैसी टीमें शामिल

# न्यूजीलैंड के सामने आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान की चुनौती

**प्रोविडेंस, एजेंसी**

न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में शनिवार को आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान टीम के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो विरोधी को हलके में लेने की गलती करने से बचना होगा। न्यूजीलैंड को कठिन ग्रुप मिला है जिसमें दो बार की चैम्पियन मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी टीमें हैं।

बारिश के कारण अभ्यास सत्र रद होने से न्यूजीलैंड की तैयारी पर असर पड़ा है। उसे पहले दो मैचों में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से खेलना है। अफगानिस्तान की टीम ने यहां पहला मैच जीता है और हालात से अच्छी तरह वाकिफ हो गई है। न्यूजीलैंड की ताकत हालांकि आईसीसी टूर्नामेंटों में हालात के अनुरूप तुरंत ढलना रही है और टीम पिछले कुछ साल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। उसके पास अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा फिन एलेन और रचिन रविंद्र जैसे युवा खिलाड़ी भी है। कागजों पर कीवी टीम बेहद मजबूत लग रही है जिसके पास बल्लेबाजी में गहराई और गेंदबाजी में विविधता है। नई गेंद ट्रेंट बोल्ट संभालेंगे जिनका साथ देने के लिये लॉकी फर्ग्युसन और टिम साउदी हैं। बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर ने भी वेस्टइंडीज में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनका इकॉनॉमी रेट 5.5 रहा है।



**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक। रिजर्व : सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी। रिजर्व : बेन सियर्स।

**मैच : सुबह पांच बजे से ।**

### विलियमसन ने की अफगानिस्तान के गेंदबाजों की प्रशंसा



**प्रोविडेंस (गयाना)।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि अफगानिस्तान के पास टी20 विश्व कप में खेल रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने के बाद उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। न्यूजीलैंड के टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। इस प्रारूप में इन दोनों टीमों के बीच अभी तक केवल एक मैच खेला गया है। विलियमसन ने कहा कि निश्चित तौर पर उनके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। ईमानदारी से कहूं तो उनके पास बेहद कुशल खिलाड़ी हैं। उनके पास इस प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है। अफगानिस्तान के पास कप्तान राशिद खान, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद के रूप में चोटी के स्पिनर हैं। विलियमसन आईपीएल में राशिद खान के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा कि हमने फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं में देखा कि अफगानिस्तान के कई खिलाड़ी उसमें खेलते हैं और उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। उन्हें निरंतर शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका मिल रहा है। हमने पिछले विश्व कप में देखा था कि वनडे में उनकी टीम कितनी अच्छी है। उनकी टीम बेहद कुशल है और कड़ी चुनौती पेश कर सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

**आज का मौसम**


आसमान में तेज धूप रहेगी।

43.2⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों पेन्टर लापता

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर की कांशीराम आवास कालोनी में रह रहा 29 वर्षीय एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। सूचना पुलिस को दी गई है। नगर की कांशीराम आवास कालोनी निवासी बबलू खां कम्पार्टमेंट 45 में रहकर पेन्टर का काम करते हैं। जो 12 दिन पहले बिना बताए कहीं गए थे, जो अब तक वापस नहीं लौटे हैं। इससे परिजन हाल बेहाल हैं। परिवार वालों ने गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर पुलिस को दी है।



बबलू खां।

### महिला से अभद्रता मारपीट की नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी कुसुमलता पत्नी रामनरेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पड़ोसी भोला, आकाश, हिमांशू ने उसके घर में घुस कर अभद्रता की और विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### नाबालिग को भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव कोंधवा निवासी कामता उर्फ छोटू बहला फुसलाकर भगा ले गया। जब वह मामले की जानकारी करने गांव कोधंवा गए तो वहां कामता उर्फ छोटू, उनके भाई जितेन्द्र, पवन, विश्नू, अभिषेक , विशाल और आनन्द कुमार मारपीट पर आमादा हो गये साथ ही जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### हैदराबाद एसओ ने स्टाफ को दिलाई तम्बाकू निषेध की शपथ

**बिलहरी। अमृत विचार :** थाना हैदराबाद परिसर में थानाध्यक्ष हैदराबाद दीपक तिवारी ने पुलिसकर्मियों को तम्बाकू का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। थाना हैदराबाद पर तम्बाकू नियंत्रण के लिए एसओ दीपक तिवारी ने थाना के पुलिस कर्मियों को तम्बाकू उपभोग न करने, अपने परिजन, मित्र या परिचितों को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने में योगदान देने की शपथ दिलाई।

# दम तोड़ रहे ट्रांसफॉर्मरों को ठंडा कर रहा एग्जॉस्ट फैन

▸▸ जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होकर फुंक रहे हैं। इससे जिले की बिजली आपूर्ति बुरी तरह से चरमरा गई है। ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए बिजली विभाग इनमें एग्जॉस्ट लगवा रहा है, जिससे भीषण गर्मी में इनका मिजाज ठंडा रह सके और लोगों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति मिल सके। हालांकि इसके बावजूद जिलेवासियों को बिजली कटौती के संकट से निजात नहीं मिल पा रही है।

गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ गई है। वहीं जैसे जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है वैसे वैसे बिजली की खपत भी बढ़ती जा रहा है। ऐसे में लोड़ बढ़ने से ट्रांसफार्मर ओवर लोड होने से जल जा रहे हैं। वहीं गर्मी और ओवरलोड की वजह से अन्य तकनीकी खामियां भी हो जा रही हैं। भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों का तापमान नियंत्रित रखने के लिए इनमें एग्जॉस्ट लगाए जा रहे हैं। मगर, बिजली संकट फिर भी लोगों का पीछा नहीं छोड़ रहा है। बार बार बिजली की आवाजाही के मामले में विभागीय जिम्मेदार ओवरलोडिंग की वजह से ट्रिपिंग होना बताते हैं।



ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए लगाए गए एग्जॉस्ट फैन।



10 एमवीए के ट्रांसफार्मर पर अब कंपनी से लगकर आ रहे एग्जॉस्ट।

### कई मोहल्लों की घंटों गायब रही बिजली

भीषण गर्मी में बिजली की कटौती कोढ़ में खाज सी बन गई है। जिला मुख्यालय से लेकर कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती होने से लोग परेशान हैं। शुक्रवार को सुबह से लेकर शम तक बिजली की कटौती जारी रही। ऐसे में दोपहर के समय बिजली गुल होने से लोग उमस भरी कमी से बेहाल हो गए। दिन भर बिजली की आवाजाही होने से परेशान शहरवासी बिजली विभाग के लोगों को कोसते नजर आए।

> गर्मी और ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मरों का तेल उबलने लगता है। इससे ट्रांसफार्मर फुंकने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए इनका तापमान नियंत्रित रखने के लिए एडजॉस्ट लगवाए गए हैं। हालांकि अब जो नए ट्रांसफार्मर आ रहे हैं उनमें यह कंपनी से ही लग कर आ रहे हैं।
> –शेर अली जेई, बिजली विभाग

# सीबीएसई बोर्ड: 15 जुलाई से शुरू होंगी पूरक परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत कंपार्टमेंट परीक्षा का नाम बदलकर पूरक परीक्षा कर दिया है। इस बार पूरक (कंपार्टमेंट) परीक्षाएं 15 जुलाई से होगीं। पूरक परीक्षा उसी पाठ्यक्रम पर होगीं, जिस पाठ्यक्रम पर छात्रों ने मुख्य परीक्षा दी थी।

सीबीएसई के सिटी कोआर्डीनेटर डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि बोर्ड की ओर से दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट पिछले माह की घोषित किया जा चुका है। जारी परीक्षा परिणाम में तमाम छात्र छात्राएं अनुत्तीर्ण रहे हैं तो कुछ कुछ विद्यार्थी मिले अंकों से सहमत नहीं हैं। इसके लिए बोर्ड की ओर से पूरक परीक्षा कराई जाएगी। इसका आयोजन 15 जुलाई से होगा। इसके लिए छात्र छात्राओं को स्कूल के माध्यम से 15 जून तक आवेदन करना होगा। सिटी कोआर्डीनेटर ने बताया कि बारहवीं के विद्यार्थी एक विषय में और दसवीं के विद्यार्थी दो विषयों में पूरक परीक्षा दे सकेंगे।

**परीक्षा शुल्क :** पूरक परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को 300 रुपये का भुगतान करना होगा। अंतिम तिथि 15 जून तक आवेदन न कर पाने वाले छात्र-छात्राएं 17 जून तक लेट फीस 2000 रुपये जमा कर आवेदन कर सकेंगे।

# चुनाव बाद बढ़ गई बिजली कटौती, किया चक्काजाम

## गुस्साए उपभोक्ताओं ने चौराहे पर प्रदर्शन कर की नारेबाजी

▸▸ जाम की वजह से वाहन फंसे, गर्मी में लोग हुए परेशान

▸▸ पुलिस ने समझा-बुझाकर कराया शांत, खुला जाम

संवाददाता, खीरी टाउन (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद से बिजली कटौती बढ़ गई है। इससे लोग परेशान हो रहे हैं। बरबर और मोहम्मदी के बाद मंगलवार को क्षेत्र के गुस्साए लोगों ने लहरपुर मार्ग पर फत्तेपुर चौराहा पर जाम लगा दिया और जमकर प्रदर्शन किया। इससे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। वहीं भीषण गर्मी में जाम की वजह से लोग परेशान रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराया, तब जाकर करीब तीन घंटे बाद जाम खुल सका।

करीब छह दिन पहले आई तेज आंधी तूफान में जिले की बिजली आपूर्ति व्यवस्था पटरी से उतर गई थी, जो अभी तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इधर भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। ऐसे में बिजली की हो रही अघोषित कटौती लोगों के लिए जी का जंजाल बनती जा रही है। पर्याप्त मात्रा में बिजली न मिलने से किसान फसलों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं। रवहीं बिजली उपकेंद्र के गांव झसिया, कटिया, भानपुर, गोपालापुर, फत्तेपुर, गरकटिया आदि गांवों में बिजली का हाल काफी खराब है। इन गांवों के लोगों को दो घंटे भी बिजली सप्लाई नहीं मिल पा रही है। इससे नाराज कई लोगों के उपभोक्ताओं का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग लहरपुर रोड पर फत्तेपुर चौराहा पर पहुंच गए और सड़क जाम कर बिजली विभाग के अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

विरोध प्रदर्शन और चौराहा जाम होने के कारण मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। तमाम लोग भी जाम में फंस गए। प्रदर्शनकारी बिजली विभाग के अफसरों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे और उन्हें मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। इधर जाम और प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और उन्हें किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया। तब जाकर लोग शांत हुए और अपने घरों को वापस लौट गए।



लहरपुर मार्ग पर जाम लगाते लोग।



जाम में फंसे वाहन और लोग।

### शहर में भी हो रही कटौती

शहर में भी जमकर कटौती हो रही है। शुक्रवार को दोपहर 12 से 12.30 बजे तक, 01.15 बजे से 01.50 बजे तक, 2.10 से 02.20 बजे तक और तीन से चार बजे तक कटौती गई है। इसके अलावा भी बिजली की आवाजाही जारी रही, जिससे लोग गर्मी में परेशान रहे।

**प्रदर्शनकारी बोले- पूरी तरह से धड़ाम हो गया है रोस्टर :** प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग का रोस्टर पूरी तरह से धडाम है। बिजली कब आई और चली गई। इसका पता ही नहीं चलता है। इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। गर्मी से सभी बेहाल हैं। खेतों में खड़ी फसलें भी सिंचाई के अभाव में सूख रही हैं। इसके बाद भी अघोषित कटौती जारी है। कभी-कभी तो पूरे दिन बिजली के दर्शन नहीं होते हैं।

## किशोरी को भगाने में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाया गया है।

कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी चार जून को किसी काम से घर के बाहर गई थी। फिर वापस नहीं आई, काफी देर खोजबीन की गई जब वापस नहीं आई तो पता चला कि उसे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा निवासी राहुल पुत्र छोटेलाल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीडित ने पुलिस से पुत्री को बरामद कराने की मांग की है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।


# उमस भरी गर्मी से नहीं मिल रही राहत

▸▸ न्यूनतम तापमान 28.0 तो अधिकतम रहा 43.2 डिग्री सेल्सियस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गर्मी का सितम अनवरत जारी है। बृहस्पतिवार सुबह आंधी के साथ बारिश भी जिलेवासियों को गर्मी से राहत नहीं दे सकी। बारिश के बाद बढ़ी उमस ने लोगों को और परेशान करके रख दिया। धूप से बचने के लिए लोग तरह तरह के जतन कर रहे हैं। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड रहा।

गर्मी निरंतर नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। पिछले दिनों अधिकतम पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। हालांकि आधी और बारिश के बाद से पारे में गिरावट दर्ज हुई। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम पारा 28.0 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से लेकर शाम तक तेज धूप के साथ गर्म हवाएं चलती रहीं। इससे शहर की सड़कों पर लोगों की आवाजाही अन्य दिनों की अपेक्षा कम रही। धूप से बचने के लिए लोग तरह तरह के जतन कर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. बिशेन बताते हैं कि आने वाले दिनों में गर्म हवाओं और तेज धूप से राहत मिलने वाली नहीं है। तापमान में और इजाफा होने की संभावना है। अब हवाओं की दिशा बदलने से बादलों की आवाजाही भी बनी रहेगी। पछुआ हवा चलने से उमस बरकरार रहेगी।



धूप से बचने के लिए चेहरे को ढक कर निकलते राहगीर। अमृत विचार

# प्रधानाचार्य कार्यालय से संबद्ध किए गए असिस्टेंट प्रोफेसर

▸▸ अक्सर विवाद करने की शिकायत मिलने पर प्रधानाचार्य ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में ओपीडी कर रहे मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर को हटा दिया गया है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने यह कार्रवाई जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से निरंतर मिल रही शिकायतों पर की है। उन्होंने देवकली स्थित मेडिकल कॉलेज शैक्षिक भवन स्थित अपने कार्यालय से संबद्ध कर लिया है।

देवकली में मेडिकल कॉलेज के शैक्षिक भवन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसी सत्र से छात्रों का प्रवेश करने के लिए शासन ने प्रधानाचार्य से लेकर सीनियर और जूनियर रेजीडेंट के साथ कार्यालय में लिपिकों की भी तैनात कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज में सीनियर से लेकर जूनियर रेजिडेंट की संख्या 60 के करीब बताई जा रही है। इनमें से 31 डॉक्टरों को जिला अस्पताल में ओपीडी करने के लिए लगाया गया है, जिससे जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिल सके। मगर, इनकी मनमानी मरीजों के साथ अस्पताल प्रशासन के लिए गले की फांस बनती जा रही है। असिस्टेंट प्रोफेसर व फिजीशियन डॉ. सौरभ शुक्ला का आए दिन विवादों में रहना अस्पताल के प्रशासन के लिए मुसीबत बनने लगा था। सीएमएस की शिकायत पर प्रधानाचार्य ने डॉ. सौरभ शुक्ला को जिला अस्पताल से हटाकर देवकली के शैक्षिक भवन स्थित अपने कार्यालय से संबद्ध कर नेशनल मेडिसिन काउंसिल यानि एनएमसी टीम के निरीक्षण के लिए आने से पहले संबंधित तैयारियां दुरूस्त करने के लिए लगा दिया है।




जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर पंजीकरण कराते मरीज।

### वर्तमान व पूर्व सीएमएस से लेकर स्टाफ तक से हो चुका है विवाद

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सौरभ शुक्ला का पूर्व सीएमएस डॉ. आईके राम चंदानी से लेकर वर्तमान सीएमएस डॉ. आरके कोली तक से विवाद हो चुका है। बताते हैं कि कुछ दिन पहले वार्ड में राउंड करने के दौरान स्टाफ नर्स से भी किसी बात को लेकर भिड़ गए। इस तरह की शिकायतें मिलने पर सीएमएस ने जब इन्हें तलब किया तो उनसे मिलने भी नहीं गए।

> गत एक माह में असिस्टेंड प्रोफेसर का कई लोगों से विवाद हुआ है। आए दिन इस तरह के मामले होने से अस्पताल का माहौल खराब हो रहा था। बार बार शिकायतें आने पर प्रधानाचार्य को अवगत कराया था, जिस पर उन्होंने डॉ. सौरभ शुक्ला को अपने कार्यालय से संबद्ध कर लिया है।
> –डॉ. आरके कोली, सीएमएस जिला अस्पताल

## जालिम नगर पुल से लटकता मिला बुजुर्ग का शव

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** खीरी-बहराइच सीमा पर स्थित जालिम नगर पुल पर एक वृद्ध का शव लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान कोतवाली धौरहरा के गांव चखलाखीपुर निवासी 65 वर्षीय गोले राम पांडेय के रूप में हुई है। परिवार वालों के पोस्टमार्टम कराने से इंकार करने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

गांव चखलाखीपुर निवासी हरिश्चंद्र ने बताया कि उनके भाई गोले राम पांडेय की पत्नी की मौत 25 साल पहले हो चुकी है। गुरुवार की शाम भाई घर से निकल गए थे। सुबह गांव से पांच किलोमीटर दूर पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सरयू नदी के जालिम नगर पुल की रेलिंग में रस्सी के सहारे उनका लटका शव मिला है। सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो नजदीकी पुलिस चौकी को सूचना दी। शव मिलने की खबर पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे तो शव उनके भाई का निकला। उन्होंने बताया कि पत्नी की मौत के बाद से भाई काफी उदास रहा करते थे। उन्होंने इससे परेशान होकर खुदकुशी करने की आशंका जाहिर की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में भाग ले रहे 500 एनसीसी कैडेट

▸▸ कमांडिंग ऑफिसर चित्र सेन ने पत्रकारों को दी कार्यक्रमों की जानकारी

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** नगर के द इंडियन एकेडमी स्कूल में 11 राज्यों से आए करीब 36 विद्यालयों के 500 एनसीसी कैडेट्स के 10 दिवसीय एक भारत, श्रेष्ठ भारत ईबीएसबी कार्यक्रम के कमांडिंग ऑफिसर चित्र सेन ने पत्रकारों से बातचीत की और कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि 11 प्रदेशों के करीब 500 एनसीसी कैडेट्स के स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने, खेल प्रतिभाओं में निखार लाने व उन्हें बॉर्डर एरिया में रहने वाले लोगों की बोली-भाषा, रहन-सहन, संस्कृति की जानकारी दिलाने, बॉर्डर पर हुए विकास का साक्षात्कार कराने एवं वन एवं वन्य जीवों की जानकारी करने सहित विभिन्न प्रशिक्षण दिए जाने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। 4 जून से प्रारंभ हुए इस ईबीएसबी शिविर में एएनओ और पी आई स्टाफ द्वारा जहां कैडेट्स को चार्ट पर विस्तार से जानकारी दी गई, वहीं उन्हें योग भी सिखाया गया । इसके अतिरिक्त विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिताएं भी हुईं। जिसमें सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उधर शिविर की मीडिया सेल प्रभारी मेजर कविता ने बताया कि गुरुवार को बच्चों ने दुधवा का भ्रमण कर थारू बाहुल्य क्षेत्र चंदनचौकी पहुंच थारू विकास कौशल केंद्र और एकलव्य स्कूल देखा, साथ ही मित्र राष्ट्र नेपाल सीमा पर पहुंच बच्चों ने नेपाल से आ जा रहे नेपाली नागरिकों से बातचीत कर उनके बारे में भी जानकारी हासिल की। सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों के समर्पण की झलक भी देखी।

# वकीलों के अनशन को व्यापार मंडल का समर्थन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सीएचसी अधीक्षक पर कार्रवाई के लिये तहसील परिसर में वकीलों का क्रमिक अनशन पांचवें दिन भी जारी रहा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अनशन स्थल पर पहुंचकर वकीलों को समर्थन पत्र सौंपा है।

चार मई को तहसील परिसर में सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार और अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव के बीच भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर मारपीट हो गई थी, जिसमें डॉ गणेश ने अधिवक्ता पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जबकि पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। इसी मामले को लेकर सोमवार से अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव तहसील परिसर में क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। शुक्रवार को नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राममोहन सोनी, शिवकुमार, विनोद मिश्रा, श्याम राजपूत, हरिशंकर गुप्ता, पवन गुप्ता सहित कई व्यापारियों ने अपना समर्थन पत्र अधिवक्ता को दिया।

**कार्यालय, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज लखीमपुर-खीरी**

पत्रांकः / ई0 / 98-101 /2024-25 दिनांक- 06-06-2024

**नीलामी निविदा सूचना विज्ञप्ति**

राजकीय बालिका इण्टर कालेज लखीमपुर-खीरी के प्रांगण में मुख्य गेट के सामने जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की अनुमति शिक्षा निदेशक (मा0) उ0प्र0 शिक्षा सा0नि0वि0 (गा0) अनुभाग, प्रयागराज के आदेश संख्या- सा0नि0वि0 (मा0)/8000-01/2023-24 दिनांक 01.02.2024 द्वारा आदेश प्रदान किये जाने के क्रम में निर्गत कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक लखीमपुर-खीरी के आदेश संख्या- प्रोजेक्ट अलंकार / जर्जर भवन / 9147-50 / 2023-24 दिनांक 27.02.2024 में निहित निर्देशों के अनुसार भवन का ध्वस्तीकरण की कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये गये है। अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण खण्ड-1 लोक निर्माण विभाग लखीमपुर के पत्र संख्या - 1714 / मूल्यांकन / सी-1 दिनांक 13.10.2023 द्वारा उक्त भवन की Depreciated Value रू0 - 3,50,000 ( तीन लाख पचास हजार) आंकलित की गयी है ।तद्नुसार नीलामी हेतु निविदा का प्रकाशन कर नीलामी प्रक्रिया किये जाने का निर्णय लिया गया है।

एतद्द्वारा नीलामी निविदा आमंत्रित की जाती है, नीलामी में सम्मलित होने वाले निविदादाता खुली बोली में सम्मलित होने हेतु नीलामी निविदा प्रारूप दिनांक 11.06.2024 की सांय 05: 00 बजे तक पंजीकृत नम्बर / जी0एस0टी0 नम्बर युक्त लेटर हेड पर प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करते हुए निर्धारित शुल्क रू0 - 1000.00 (एक हजार मात्र) प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज लखीमपुर-खीरी के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट देकर दिनांक 13.06.2024 तक किसी कार्यदिवस में प्रातः 10: 00 बजे से सायं 05: 00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है, तथा उन्हे पारित कर संलग्नकों सहित दिनांक 14.06.2024 को सांय 05: 00 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त अवधि के उपरान्त आवेदन स्वीकार नहीं होगा। प्राप्त निविदाओं के सापेक्ष खुली बोली की प्रक्रिया दिनांक 25.06.2024 को प्रातः 11: 00 बजे से 01: 00 बजे के मध्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज लखीमपुर-खीरी के प्रांगण में गठित समिति के समक्ष आयोजित होगी। नीलामी प्रक्रिया निविदा प्रारूप पर आवेदन करने वालों के अतिरिक्त अन्य को बोली में सम्मलित नहीं कराया जायेगा। उपरोक्त कार्यवाही के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा जर्जर भवन की मूल्यांकित धनराशि - रू0- 3,50,000 ( तीन लाख पचास हजार) से कम बोली पर नीलामी निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। नीलामी निविदा हेतु प्रारूप पर उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अनुपालन सम्बन्धितों द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।

**प्रधानाचार्या**
**राजकीय बालिका इण्टर कालेज**
**लखीमपुर-खीरी**

**जागरुकता** — कृषि विशेषज्ञों ने बताए कीट से बचाव के तरीके

# गन्ने में कीट लगने को लेकर कराया सर्वे

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान शुगर लि. के अधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों के गन्ने के खेतों में लग रहे कीटों से बचाव और उपचार के लिये कृषि वैज्ञानिकों से गन्ने के खेतों का भौतिक सर्वे कराया है।

उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुजीत प्रताप सिंह (पादप एवं कीट रोग विशेषज्ञ) ने चीनी मिल गोला क्षेत्र के ग्राम घरथनिया, कपरहा, बैदाखेड़ा, विष्णूबेहड़, बेलहरी, बेलाबोझी, जड़ौरा, कपरहा, कोटवारा आदि का भ्रमण किया। गन्ने में लगने वाले कीट तथा रोग की पहचान एवं निदान के बारे में कृषकों को बताया। उन्होंने कहा कि चोटी बेधक कीट से बचाव हेतु यांत्रिक नियंत्रण के अंतर्गत प्रभावित पौधों को यथाशीघ्र काटकर नष्ट कर दें तथा कोराजन/सिटीजन की ड्रेंचिंग करने की सलाह दी। गन्ने में लग रहे पोक्का बोइंग रोग के निदान हेतु कॉपर ऑक्सीक्लोराइड या अन्य फफूंद नाशक(प्रिज्म) का पर्णीय छिड़काव करने की सलाह दी। लाल सड़न रोग के प्राथमिक संक्रमण के लक्षण पत्तियों के मध्य सिरा पर लाल धब्बे के रूप में दिखाई देते है, इसकी रोकथाम हेतु संक्रमित पौधे को शीघ्र जड़ सहित निकाल कर नष्ट कर दें। चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक पीएस चतुर्वेदी ने प्रति इकाई गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु मृदा परीक्षण के आधार पर सन्तुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग करने, एनपीके विलेय उर्वरक का पर्णीय छिड़काव करने की सलाह दी। इस दौरान चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक डॉ ओडी. शर्मा, प्रबन्धक सत्येन्द्र कुमार मिश्र और संजीव चौधरी मौजूद रहे।



गन्ने के खेत में कीटों का सर्वे करते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

## रेखा वर्मा के करीबियों ने जिताया अपना बूथ

**मितौली खीरी, अमृत विचार:** चुनाव परिणाम के बाद भाजपा नेता बूथ वार समीक्षा कर रहे है। भाजपा सांसद रेखा वर्मा के करीबी नेताओं ने अपने बूथ व अपनी पंचायत में भाजपा को जिताया है। सांसद रेखा वर्मा के करीबी रहे सुधीर वर्मा के बूथ संख्या 209 पचदेवरा में भाजपा को 459 वोट मिले है। विधानसभा प्रभारी रहे मनोज वर्मा के बूथ संख्या 181, 182 मगही में भाजपा को 678 वोट मिले है। वही, खंजननगर प्रधान प्रतिनिधि अवधेश कुमार पप्पू ने अपनी ग्राम पंचायत में भाजपा को 966 वोट, सपा को 656 वोट मिले यहां 310 वोट से बीजेपी जीती है। मितौली के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव वर्मा व राधेश्याम वर्मा के चटोरा बूथ पर 38 वोटों से भाजपा ने जीत दर्ज की है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट आने से बुजुर्ग की मौत

## नाराज ग्रामीणों ने खेत में शव रखकर किया प्रदर्शन, पुलिस और संभ्रांत लोगों के समझाने पर माने परिजन

संवाददाता, मितौली



घटनास्थल पर रोते-बिलखते मृतक के परिवारीजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से एक बुजुर्ग की जान चली गई। वह पशुओं के लिए घास काटकर वापस घर आ रहा था। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद से लोगों में भारी गुस्सा है। गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ ही खेत में शव रखकर कर प्रदर्शन किया। लापरवाह बिजली अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। पुलिस और संभ्रांत लोगों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर परिवार वाले शांत हुए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के गांव डहर के निकट बहोरी पुरवा गांव निवासी रामपाल (60) पुत्र धनीराम भार्गव शुक्रवार सुबह अपने मवेशियों के लिए घास काटने के लिए खेतों की तरफ गए थे। घास लेकर वह वापस पैदल घर आ रहे थे। तभी वह खाली पड़े गेहूं के खेत में पड़े 11000 केवीए की लाइन के तार के चपेट में आ गए और उनकी झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। जमीन पर पड़ा तार और झुलसा शव देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास करने लगी। इस पर उत्तेजित हुए परिजनों ने शव नहीं उठाने दिया और ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करने लगे। उनका कहना था कि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाया जाए और लापरवाह बिजली विभाग के अधिकारियों और कार्रचारियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उसके बाद ही वह शव का पोस्टमार्टम कराएंगे। इससे पुलिस के हाथ पांव फूल गए। मौके पर मौजूद खम्हरिया प्रधान प्रतिनिधि अनूप राठौर, डहर प्रधान प्रतिनिधि, सचिन सिंह, नितिन सहित प्रबुद्ध वर्ग के व्यक्तियों ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। उधर सूचना पाकर नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्य भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने परिवार वालों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। तब जाकर परिवारीजन माने और पोस्टमार्टम कराने पर राजी हुए। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जेई देवतादीन ने हादसे पर कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर दिया।

## बरतेर में नकदी और जेवर चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल के गांव बरतेर निवासी दिनेश कुमार पांडेय के घर गुरुवार की रात चोर घुस गए और 50 हजार रुपये की नगदी व करीब एक लाख के जेवर चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने बताया कि वह अपने घर की छत पर परिवार के साथ सो रहे थे। चोरों ने तीन कमरों में रखें बक्सों के ताले टूटे पडे थे। उनमें रखी रखी नथनी, मांग बेदी, मटर माला सोने का व एक जोड़ी पायल, चांदी के सिक्के और 50 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। घर से करीब बीस मीटर की दूरी पर आम की बाग में लोहे की छोटी बकसिया छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

## प्रशिक्षणार्थियों को कराया गया वैदिक ज्ञान



गोला के समरकैंप में वैदिक जानकारी कराते पूर्व डिप्टी सीएमओ।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** मां कात्यायनी सेवा समिति द्वारा कराए जा रहे वैदिक समरकैंप में प्रतिदिन बच्चों को नई बातें सिखाई और बताई जा रही हैं। पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. रविंद्रनाथ वर्मा ने बच्चों को वैदिक ज्ञान कराया है। मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्रनाथ वर्मा ने बताया कि हमारे लिए संस्कार आवश्यक हैं और यदि कोई बच्चा संस्कारवान है तो वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है। समिति के प्रबंधक रामदेव मिश्र शास्त्री, मनोज मिश्र, रामेंद्र शुक्ला, हितेश पांडेय, गुरुदेव शर्मा, यज्ञदत्त तिवारी, राहुल शर्मा, शिवेंद्र अवस्थी, पंकज बाजपेई, आदर्श वर्मा, हर्ष भारद्वाज, अमरनाथ मिश्र, आदित्य कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

## बंजारा क्रिकेट क्लब ने 105 रनों से दर्ज की जीत

संवाददाता, मितौली



मैन आफ द मैच रहे अंकुर गुप्ता को सम्मानित करते डॉ आशीष गुप्ता।

**अमृत विचारः** कस्बे के खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे लीक मैच में बंजारा क्रिकेट क्लब मितौली ने लखीमपुर टीम को हरा कर 105 रनों से जीत दर्ज की है। अंकुर गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट में दूसरे दिन दूसरा लीक मैच खेला गया। शुक्रवार को लखीमपुर व बंजारा क्रिकेट क्लब मितौली के मध्य 14-14 ओवर का दूसरा लीक मैच खेला गया। लखीमपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाज करने उतरी मितौली की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर 3 विकेट खोकर 231 रन बनाए। मितौली की और से शानदार बल्लेबाजी करते हुए अंकुर गुप्ता नाबाद 81 रन बनाए, अखिल गुप्ता ने 47 रन, सिराज ने 40 रन, रियाज ने 22 रन व शमसुद्दीन ने नाबाद 12 रन बनाए।

लखीमपुर की टीम के राकेश ने 2 विकेट, चंदन ने एक विकेट लिया। 232 रनों का पीछा करने उतरी लखीमपुर की टीम 14 ओवर में 9 विकेट खोकर126 रन ही बना पाई। जिसमे यादव ने 21 रन, रोहित ने 16 रन, अवधेश ने 06 रन बनाए। वही टीम के 4 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। बंजारा टीम की और से मलिंगा ने 3 विकेट, लाइकू ने 2 विकेट, सिराज व रोशन ने एक एक विकेट लिया। बंजारा क्रिकेट टीम ने 105 रनों से शानदार जीत दर्ज की है। मैन ऑफ द मैच बंजारा टीम के अंकुर गुप्ता को दिया गया। अंकुर ने अपनी टीम के लिए नाबाद 81 रन बनाए। डॉ. आशीष गुप्ता ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस दौरान डॉ आशीष गुप्ता, डॉ शिवशरण राज, राजू सिद्दीकी, अफजल, हकीम, निसार बंजारा, रोशन सिद्दीकी, आलोक राज आदि लोग मौजूद रहे।

## बरसाइत मेले में बढ़ी दर्शकों की भीड़

संवाददाता, हंगापुर





मेले में लगे झूले व खेल तमाशे और जागरण कलाकारों का स्वागत करते मेला कमेटी के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गांव तिरकौलिया पढ़ुवा में तीन दिवसीय बरसाइत मेले में शुक्रवार को भी भीड़ उमड़ी। झूले व खेल तमाशों का लोगों ने आनंद लिया व दुकानों पर खरीदारी की। वहीं, रात में देवी जागरण करने आए कलाकारों का मेला कमेटी व अन्य ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। बता दें कि गांव तिरकौलिया पढ़ुवा में दशकों से बरसाइत मेला लगता आ रहा है। वट वृक्ष पूजन के साथ ही यह मेला लग जाता है।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए संपूर्णानगर, परसपुर आदि स्थानों की पुलिस भी तैनात रही। त्रिकौलिया ग्राम प्रधान होरीलाल यादव, सहित धर्मपाल ,संजीव कुमार मुन्ना, महबूब अली ,राजू यादव ,राजेश कुमार, बृजलाल, प्रेम कुमार, अनिकेत, शिवम, नितेश आदि ग्रामीण विशेष रूप से मौजूद रहे।

## डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में तीन टीमों ने बनाई बढ़त



गोला में हैट्रिक लगाने वाले गेंदबाज को पुरस्कृत करते पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गोला कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन हुए दिलचस्प मुकाबलों में रॉयल क्लब, किंग्स ऑफ गोला और केन क्लब मॉल गोदाम की टीमों ने जीत हासिल कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है।

नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में हो रहे टूर्नामेंट में तीन रोमांचक मैच खेल गए, जिसमें पहला मैच नाईट वारियर और रॉयल क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नाईट वारियर की टीम ने 89 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी रॉयल क्लब की टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बैटिंग कर आसानी से लक्ष्य पूरा कर सात विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में ज्ञान वाटिका की टीम के खिलाडी 10 ओवरों में मात्र 40 रन ही बना सके। जवाब में उतरी किंग्स ऑफ गोला की टीम ने बहुत आसानी से नौ विकेट से मैच जीत लिया और टूर्नामेंट में बढ़त हासिल कर ली। तीसरे मैच में केन क्लब मालगोदाम की टीम के कप्तान ने पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया और टीम के तेज गेंदबाज साहिल की बेहतरीन गेंदबाजी से एफसीसी की टीम के चार विकेट झटक कर विरोधी टीम को 86 रनों पर रोक दिया। केन क्लब मॉल गोदाम की टीम विजयी रही। खेले गए मैचों में अंपायरिंग शिवम् अवस्थी, रोहित गुप्ता, अनिकेत वर्मा ने, कमेंट्री राजेंद्र निषाद और आयुष शुक्ल ने, स्कोरिंग अमन और नदीम ने की। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि, बीजेपी नेता अजय गिरि, पूर्व सभासद पंकज गुप्ता, डॉ पीयूष शुक्ल, सुधीश शुक्ल, शशिकांत मिश्रा, शोभित सिंह, रामगुलाम पांडेय सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**साहिल ने हैट्रिक लगा लूटी वाहवाही :** गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : गोला कप डे नाइट टूर्नामेंट में खेले गए आठवें दिन के मैच में केन क्लब मालगोदाम के गेंदबाज साहिल ने एफसीसी क्लब के एक ही ओवर में चार विकेट लेकर दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। साथ ही एक फाउंडेशन के डायरेक्टर शिवांशु ने 500 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

## शादी अनुदान के लिए अभिभावक की आय सीमा बढ़ी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** शासन ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को बेटियों की शादी करने के लिए मिलने वाले अनुदान में बड़ी राहत दी है। इसके लिए आवेदक की आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपए वार्षिक कर दी है। अब एक लाख रुपये सालाना इनकम वाले ओबीसी वर्ग के लोग अनुदान के लिए आवेदन कर सकेंगे। जबकि पहले शहरी क्षेत्र में रहने वालों के लिए आय की सीमा 56,460 रूपये और ग्रमीण क्षेत्र के निवासियों के लिए 46,080 रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित थी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओबीसी के गरीब व्यक्तियों को पुत्रियों की शादी करने के लिए मिलने वाले अनुदान में आय सीमा बाधक नहीं बनेगी।

## सीएचसी बिजुआः 5 हजार की वसूली का चैट वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बीसीपीएम पर धन उगाही करने का आरोप
- अधीक्षक बोले-मामले की जांच कर होगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** सीएचसी पर आशा वर्करों से धन उगाही के मामले नहीं थम रहे हैं। भुगतान को लेकर मनमाने दाम मांगे जा रहे हैं। शुक्रवार को पांच हजार रुपये लिए जाने का व्हाट्सएप चैट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इससे विभागीय लोगों में हड़कंप मच गया। सीएचसी अधीक्षक का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी, जिससे सच्चाई आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक व्हाट्स एप चैट वायरल हो गई। जिसमें संगिनी ओमवती और बीसीपीएम राम मोहन अवस्थी का नाम है। चैट में एक युवक ने अपनी मां से वाउचर पर हस्ताक्षर कराने के बदले पांच हजार रुपये लेने लिखा है। बताते हैं कि आशा वर्करों के भुगतान के बदले उनसे धनउगाही होती है। जिसके बाद ही धनराशि उनके खातों में भेजी जाती है। तमाम शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार सीएचसी पर व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में नाकाम हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुभाष वर्मा ने बताया कि वायरल चैट मिली है। मगर, उसमें जिसका व्हाट्सएप है उसका नाम मिटा हुआ है। फिलहाल इस प्रकरण की जांच कराई जाएगी और जो दोषी मिलेगा उस पर कार्रवाई होगी।

## बाइकों की भिड़ंत में बच्ची की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** ओरंगाबाद के गांव अमरोलिया के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई। एक बाइक पर सवार सुधीर पुत्र रामकेश (30) रिहाना पत्नी सुधीर (28), रुद्र पुत्र सुधीर (2), अर्शाना पुत्री सुधीर (5) वर्ष निवासी पलिया थाना खीरी और पुलिस दूसरी बाइक पर सवार रामपाल पुत्र गंगाराम (40), हरिकिशोर पुत्र सियाराम (35) निवासी ग्राम औसरी थाना मैगलगंज सवार थे। हादसे में रामपाल, सुधीर व अरसाना घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल भेजा, जहां अरसाना की मौत हो गई।

## नीट पास कर नाम किया रोशन

- गुरुकुल एकेडमी पलिया के तीन बच्चों ने भी पास की नीट परीक्षा

संवाददाता, पलिया/बरवर



अमन वर्मा



पल्लवी मिश्रा



अनमोल तिवारी



मानव मित्तल

**अमृत विचारः** पलिया के गुरुकुल एकडेमी के तीन छात्रों ने नीट परीक्षा पास की है। वहीं बरवर के गांव भौनापुर निवासी एक छात्र ने 690 अंक लाकर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है।

गुरुकुल एकेडमी के प्रबंधक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय से कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण छात्र अनमोल तिवारी को नीट परीक्षा में 720 अंकों में 656 अंक प्राप्त हुए। उन्होंने ऑल इंडिया में 24726 वीं रैंक हासिल की, जबकि पल्लवी मिश्रा ने 720 में 658 अंक प्राप्त कर 22676 रैंक पाई। छात्र मानव मित्तल ने 720 में 690 अंक प्राप्त कर 4507 रैंक प्राप्त किया है। उधर दून स्कूल के एमडी जगत चौधरी ने बताया कि उनके विद्यालय के छात्र सुधांशु यादव ने 720 में 670 अंक प्राप्त कर 14344 वीं रैंक हासिल की है।

बरवर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के ग्राम भौनापुर निवासी अमन वर्मा पुत्र विमल कुमार वर्मा ने 720 मे से 690 अंक प्राप्त कर नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है। गांव स्थित चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से इंटर करने बाद अपनी मेहनत से अपने गांव, क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार वर्मा ने इस छात्र और उसके माता पिता को बधाई दी और कालेज में सम्मानित करने की घोषणा की।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0 262701)**

पत्रांक-71/ जननिर्माण एम0बी0एल0 / 2024-25 दिनांक- 06-06-2004

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यो हेतु दिनांक 10.06.2024 सायं 05: 00 बजे से दिनांक 02.07.2024 अपरान्ह 02: 00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. बेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 10.06.2024 सायं 05: 00 बजे से
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 02.07.2024 अपरान्ह 02: 00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि 03.07.2024 अपरान्ह 02: 00 बजे
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in एव www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(संजय कुमार)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

**(डा0 इरा श्रीवास्तव)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

## सार-संक्षेप

### मोनू ने नौवाखेड़ा में लगाए 11 नीम के पौधे



मोनू शर्मा।

संवाददाता, संसारपुर। अमृत विचार : कस्बा संसारपुर क्षेत्र के ग्राम नौआखेड़ा में पर्यावरण की शुद्धता हेतु गांव के नौजवानों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया। नौआखेड़ा गांव निवासी मोनू शर्मा ने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील कर उन्होंने अपने घर के आसपास 11 पौधे रोपे। युवाओं ने नीम, बकायन और पकरिया के भी पौधे रोपे हैं।

### श्रीराम कथा के लिए निकाली गई पोथी, कलश यात्रा



गोला की सड़कों पर निकलती कलश यात्रा। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : खुटार रोड स्थित नारायणी देवी मंदिर फूलबाबा आश्रम पर श्रीराम कथा की शुरुआत के लिए नगर की सड़कों पर कलश यात्रा निकाली गई। कथावाचक अंजनी शरण महाराज द्वारा श्रीराम कथा की शुरुआत की गई है। फूलबाबा आश्रम में सात से 15 जून तक कथावाचक अंजनी शरण महाराज द्वारा श्रीराम कथा आयोजन हो रहा है। कथावाचक के नेतृत्व में फूलबाबा आश्रम से कलश यात्रा शुरु हुई और पौराणिक शिव मंदिर स्थित तीर्थ सरोवर से जल भरकर खुटार रोड होते हुए वापस फूलबाबा आश्रम परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। कथा की शुरुआत करते हुए कथावाचक अंजनी शरण महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती।

### शहीद मर्द बाबा की मजार पर हुई कव्वाली और चादरपोशी

संवाददाता, बिलहरी, अमृत विचार : कस्बा सिकंद्राबाद स्थित शहीद मर्द बाबा की मजार पर तीन दिवसीय उर्स की शुरुआत चादरपोशी से हुई। रात में बिसवां सीतापुर के कव्वालों ने कव्वाली पेश कीं। कार्यक्रम आयोजक रहिवर हुसैन ने बताया कि शहीद मर्द बाबा की मजार पर उर्स पांच से सात जून तक किया गया, जिसमें पांच जून को चादरपोशी और मिलाद हुई। जायरीनो ने शहीद मर्द बाबा की चादरपोशी के साथ देश में अमन चैन की दुआयें मांगी। छह जून को बिसबां और सीतापुर के कव्वालों ने कव्वाली कर शमां बाधी। जिसे सुनने के लिए लोग देर रात तक जमे रहे। उर्स के आयोजक रहिवर हुसैन, मौलाना सलमान रजा, ग्राम प्रधान रायपुर मोहम्मद सलीम अंसारी, उबैद मास्टर, सलामतुल्ला, खुर्शीद खां, वशीउल्ला, रहिमुद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

### रोजगार सेवक के परिजनों को बीडीओ ने सौंपी सहायता राशि

संवाददाता, निघासन, अमृत विचार : ग्राम पंचायत छेदुई पतिया के ग्राम रोजगार सेवक देशराज गुड्डू का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। पारिवारिक समस्या को देखते हुए खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह रोजगार सेवकों के साथ मृतक रोजगार सेवक के घर पहुंचे। परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुए ब्लॉक के सभी रोजगार सेवकों के संयुक्त सहयोग से एकत्र की गई 1,11,000 रुपये नकद सहायता राशि प्रदान की।

### बीडीओ ने रकेहटी देहात गौशाला का किया निरीक्षण

संवाददाता, निघासन, अमृत विचार : ग्राम पंचायत ग्राम रकेहटी देहात की झोलहू मैदान स्थित गौशाला का बीडीओ ने निरीक्षण किया। हरे चारे, वाटर टैंक में ताजे पानी व गर्मी को देखते हुए टीन शेड में लगे वाटर कूलर आदि चेक किए। गौशाला में कुल 618 गौवंश संरक्षित पाए गए। बीडीओ जयेश कुमार ने बताया कि 3 एकड़ हरा चारा गौशाला की समीप भूमि पर तैयार है, जिसकी कटाई सुबह शाम की जा रही है। गौशाला में उचित मात्रा में भूसा स्टोर किया गया है। गौशाला में 9 गौसेवक व 1 चौकीदार है, जिनका पारिश्रमिक माह मई तक दिया जा चुका है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**शीघ्र चाहिए**
कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 /** 9554377000

**Notice**
I Pawan Kumar Srivastava S/O Shri Shatrohan Lal Srivastava state that my son Divya Srivastava was studying in City Montessori School, RDSO branch Lucknow and in school records my name was erroneously printed as Pawan Srivastava whereas true and correct name is Pawan Kumar Srivastava.

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राम स्वरूप निर्मल पुत्र जंगली प्रसाद, निवासी-ग्राम खौद, मजरे, पोस्ट- देवपुर, थाना- सरेनी, तह0-लालगंज, जिला- रायबरेली,** मेरा पुत्र राकेश कुमार व बहू रोशनी का चाल-चलन ठीक नहीं है वह घर पर अक्सर मारपीट किया करते है उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# लखनऊ-कानपुर रेलवे ट्रैक के किनारे बन रही दीवार

## जद में आएंगे दर्जनों मकान, मचा हड़कंप, हाईस्पीड ट्रेनों को चलाने के लिए हो रहे सुरक्षा के इंतजाम

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसको लेकर विभाग बराबर ट्रैक की मरम्मतीकरण कराने के साथ ही अन्य खामियों को दूर करने में जुटा हुआ है। इधर हाईस्पीड ट्रेनों की सुरक्षा को देखते हुये कानपुर से लेकर लखनऊ तक लगभग अस्सी किलोमीटर तक रेलवे की ओर से अप और डाउन लाइन के दोनों ओर सेफ्टी वॉल बनवाई जायेगी। जिसका काम गंगाघाट से शुरु हो गया है। वहीं जल्द ही डीआरएम कार्य का जायजा लेने के लिये स्थलीय निरीक्षण भी कर सकते हैं।

हाईस्पीड ट्रेनों को लेकर पिछले कई सालों से लखनऊ और दिल्ली के अधिकारी गंगाघाट क्षेत्र में आकर मौके का निरीक्षण कर चुके हैं। इसके साथ ही ट्रेनों को चलाने के लिये ट्रैक मरम्मतीकरण से लेकर अन्य खामियों को भी ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जा रहा है। वहीं हाईस्पीड ट्रेनें चलने के दौरान कोई जानवर और इंसान चलती ट्रेन के आगे न आ सकें, इसके लिये रेलवे विभाग की ओर से रेलवे लाइन के दोनों ओर सेफ्टी वॉल मतलब दीवारें बनाये जाने का काम शुरू हो गया है। सरैयां के पास दीवार बनाये जाने को लेकर नाप जोख कर जेसीबी से खुदाई शुरू हो गई है। सरैयां से लेकर गंगाघाट स्टेशन के बीच कई मकान जद में आयेंगे। वहीं दीवार बनाये जाने की सूचना पर गंगाघाट क्षेत्र रेलवे लाइन के किनारे बने मकानमालिकों में हड़कंप मच गया है। वहीं इसी कार्य को लेकर जल्द ही डीआरएम भी गंगाघाट आ सकते हैं। वहीं रेलवे विभाग ने नाप जोख का कार्य भी शुरू करा दिया है।



सरैयां के पास सुरक्षा दीवार के लिए जेसीबी से होती खोदाई। अमृत विचार



सरैयां गांव में इन मकानों को दी गई चेतावनी। अमृत विचार

### 80 किमी बनेगी सेफ्टी वॉल

डीआरएम एसएम शर्मा ने बताया कि कानपुर से लखनऊ व लखनऊ से कानपुर के बीच करीब 80 किमी की दूरी है। ट्रैक के दोनों ओर अप और डाउन लाइन के किनारे दो मीटर ऊंची दीवार बनवाई जायेगी।

### दो मीटर ऊंची होगी दीवार

दो मीटर ऊंची वॉल कानपुर से लखनऊ के बीच बनेगी, ऐसे में गंगाघाट क्षेत्र के रेलवे लाइन के किनारे बसे कई पॉश इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बने मकान जद में आयेंगे। जिससे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पैनल दगने से फीडर की पूरी रात गुल रही बिजली, उपभोक्ता हुए परेशान

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार रात विद्युत आपूर्ति चालू होने के कारण मगरवारा सब स्टेशन में केबल बॉक्स दग गया। वहीं लाइन ट्रिप होने के कारण जंपर उड़ गया। शुक्लागंज सबस्टेशन और गंगाघाट टाउन की बिजली भी 3 घंटा से अधिक बंद रही।

गुरुवार की रात लगभग दस बजे आपूर्ति चालू होने के दौरान गोकुल बाबा सबस्टेशन पर अधिक हीट के चलते केबिल बाक्स दग गया। आनन फानन बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। लाइन ट्रिप होने से शुक्लागंज पॉवर हाउस और गंगाघाट टाउन को सप्लाई देने वाली 33 केवीए लाइन की जंपर भी उड़ गया। बिजली फाल्ट के कारण पूरा नगर अंधेरे में हो गया। पूरे शुक्लागंज में बिजली न आने से रात के समय अंधेरा पसरा रहा। वहीं बिना बिजली के लोग परेशान हो गये और सब स्टेशन फोन कर जानकारी की लेकिन जिम्मेदारों का फोन तक नहीं उठा। बिजली विभाग की टीमों ने नगर की सप्लाई चालू करने के लिए पैट्रोलिंग की और रात लगभग एक बजे के बाद शुक्लागंज सबस्टेशन और गंगाघाट टाउन के सभी फीडरों की बाधित बिजली चालू की। वहीं गोकुल बाबा में केबिल बाक्स दगने के कारण फीडर एक के दर्जनों मोहल्लों में रात लगभग तीन बजे आपूर्ति चालू हो सकी। रात भर बिजली न आने पर उपभोक्ता परेशान रहे।



सब स्टेशन में मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

### फुंके ट्रांसफार्मर और जली केबल

गुरवार रात ओवरलोड होने के कारण नगर के कई स्थानों पर रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। जिसकी मरम्मत करने के लिये बिजली विभाग के कर्मचारियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं विष्णुपुरी में एबीसी लाइन धू धू कर जल गई।

# मीटर क्रास चेकिंग में उपभोक्ताओं का उत्पीड़न कर रहे विद्युतकर्मी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- ओवरलोड का भय दिखा उगाही का प्रयास
- मांग पूरी होने पर मनमाना बढ़ा देते हैं लोड

**अमृत विचार।** विद्युत उपकेंद्र दही चौकी के चमरौली-द्वितीय फीडर से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं में टीजी-दो पद पर कार्यरत कर्मचारी के प्रति लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। एक उपभोक्ता ने कर्मचारी पर जेल भेजने की धमकी देकर उगाही की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल व विभागीय अधिकारियों को भेजे गए पत्र में टीजी पर मनमाने ढंग से लोड बढ़ाने की भी शिकायत की है।

गर्मी में विद्युत आपूर्ति दुरुस्त बनाए रखने के लिए उच्चाधिकारियों ने मीटर की क्रास चेकिंग करने का अभियान चलाया है। इसके तहत मीटर रीडर के अलावा अन्य कर्मचारी घरों में पहुंचकर मीटर चेक कर रहे हैं। संबंधित फीडर से जुड़े सरांय कटियान गांव निवासी राजकिशोर पाठक ने बताया कि अप्रैल का बिल जमा करने के बाद मीटर रीडिंग करने पहुंचा व्यक्ति परिचय पूछने पर आग बबूला हो गया।

पदनाम बताने के बजाय उसने रिपोर्ट दर्ज करा किसी भी उपभोक्ता को जेल भेजने का दावा किया। कर्मचारी के पास रीडिंग मशीन देख उन्होंने मीटर दिखा दिया। लेकिन, संबंधित कर्मचारी ने स्वीकृत से अधिक लोड इस्तेमाल होने की जानकारी देते हुए कहा कि उसका 6000 रुपए बिल बन रहा है। अगर वो चाहे तो 3000 रुपए लेकर मामला सुलटा देगा। वरना मीटर लगे रहने तक रोना पड़ेगा। इस संबंध में मीटर रीडर ने बात करने पर बताया कि लोड बढ़ने से अब इसी तरह बढ़ा हुआ बिल आता रहेगा। उपभोक्ता ने आईजीआईआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए इसकी प्रतियां विद्युत निगम के उच्चाधिकारियों को भेजी हैं। शिकायत कर्ता के मुताबिक गांव के निर्माणाधीन भवन में दो किलोवाट लोड बढ़ाना अन्याय पूर्ण है। क्योंकि एलईडी व पंखों के अलावा वहां कोई उपकरण उपयोग नहीं होता है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मनमाने ढंग से उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने वाले कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्र के अधिकांश उपभोक्ता इसी तरह परेशान हैं।


# गांधी चौक के पास वाटर कूलर लगाने की मांग

**शुक्लागंज उन्नाव।** मिश्रा कॉलोनी स्थित गांधी चौक के पास पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने पालिका प्रशासन से वॉटर कूलर लगवाये जाने की मांग की है। क्षेत्र के रहने वाले लोगों ने बताया कि मिश्रा कॉलोनी स्थित गांधी चौक के पास सवारियां खड़ी होने के साथ ही पश्चिमी क्षेत्र से रोजाना लोगों का आना जाना रहता है। भीषण गर्मी पड़ने के कारण पालिका की ओर से अभी तक पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इधर गुरुवार को विधायक और चेयरमैन ने वॉटर कूलर चालू कर शुभारंभ किया था। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने गांधी चौक के पास वॉटर कूलर लगाये जाने की मांग की है। इस बावत पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने कहा कि जल्द ही गांधी चौक पर वॉटर कूलर लगवाया जायेगा।

# अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा, हो गई मौत

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर विद्युत उपकेंद्र के पास तेज़ रफ़्तार ट्रक ने साइकिल सवार को रौंद दिया। इसमें साइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई। हरदोई जिला के मल्लावां कोतवाली अंतर्गत गांव सुल्तानपुर कोट निवासी प्रमोद (35) पुत्र राम प्रकाश बांगरमऊ कस्बे के मोहल्ला शुक्लाना निवासी अपने रिश्तेदार शिवकुमार के घर आया था। शुक्रवार को वह साइकिल से वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित पावर हाउस के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें सिर में गंभीर चोट आने से साइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव कब्जे में लेकर सीएचसी भेजा। जहां काफी प्रयास के बाद पुलिस उसकी शिनाख्त करा सकी। बाद में पुलिस ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन अस्पताल पहुंचे और युवक का शव देख बिलख उठे। परिजनों के अनुसार प्रमोद अविवाहित था। एक वर्ष पूर्व उसके एक भाई अवधेश की बीमारी से के मौत हो चुकी है। प्रमोद दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था और एक हफ्ता पूर्व घर आया था। परिवार के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत होने से मां श्रीकांती व भाई पवन बिलख उठे।



प्रमोद।

## सार-संक्षेप

### चलती ट्रेन से यात्री के हाथ पर डंडा मारकर लूटा मोबाइल

**शुक्लागंज उन्नाव।** आजमगढ़ के ग्राम महराजगंज हाल पता लखनऊ के चिनहट के बादशाह नगर निवासी प्रदीप पुत्र राजकुमार अपने दो साथियों के साथ फर्रुखाबाद एक्सप्रेस से बैठकर शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे बिल्हौर जा रहा था, तभी वह ट्रेन के गेट के पास बैठा था, इस दौरान गंगाघाट रेलवे स्टेशन से पहले अप लाइन पर एक लुटेरे ने उसके हाथ में डंडा मारकर उसका मोबाइल गिरा लिया। मोबाइल गिरने पर वह चलती ट्रेन से कूद गया। ट्रैक के किनारे गिरने पर गिरकर घायल हो गया। किसी तरह वह गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां मौजूद आरपीएफ और जीआरपी को मोबाइल लूट की जानकारी दी। जिसके बाद जीआरपी एसओ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने यात्री से पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने लुटेरों को पकड़ने के लिये टीमें लगाई हैं। उन्होंने बताया कि यात्री ने शिकायत की है। जल्द ही लुटेरे को पकड़ा जायेगा। वहीं घायल को इलाज के लिये निजी अस्पताल भेजा गया है।

### गोताखोर कॉलोनी में सफाई न होने पर ईओ को लिखा पत्र

**शुक्लागंज उन्नाव।** गोताखोर कॉलोनी मोहल्ले में पालिका की ओर से साफ सफाई न होने पर क्षेत्र में गंदगी का अंबार है। जिसे देखते हुये रजा इस्लामिक मिशन की ओर से अधिशाषी अधिकारी को पत्र देकर साफ सफाई की मांग की है। रजा इस्लामिक मिशन के मौलाना तहसीन रजा कादरी ने पालिका के अधिशाषी अधिकारी को पत्र देते हुये बताया कि वार्ड 19 गोताखोर कॉलोनी, कर्बला, हुसैन नगर इन मोहल्लों में पालिका की ओर से साफ सफाई नहीं की जाती है। इसके साथ ही सफाई कर्मियों की कमी है समय से सफाई कर्मी मौके पर नहीं पहुंच पाते हैं।

### ट्रैक्टर-ट्राली ने कार में मारी टक्कर, दो लोग गंभीर

**गंजमुरादाबाद।** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव पूरन पुरवा निवासी प्रीतम (50) पुत्र नेवाजी व अरविंद पुत्र रामआसरे निवासी ख्वाजगीपुर हेम्मा सहित करीब आधा दर्जन लोग कार से गंजमुरादाबाद की ओर जा रहे थे। तभी शुक्रवार दोपहर बाद गांव सिरधरपुर से कस्बा मुरादाबाद जाने वाले मार्ग पर सामने से आ रही ईंट लदी अनियंत्रित ट्रैक्टर–ट्राली ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार प्रीतम व अरविंद गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन–फानन उन्हें बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया।

### किसान के खेत से जबरन खोदी मिट्टी, विरोध करने पर पीटा

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगतखेड़ा निवासी चंद्रशेखर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के बाहर उसका खेत है। गुरुवार रात लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस–वे निर्माण में मिट्टी भरान का ठेका लेने वाली कंपनी के ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति उसके खेत से बुलडोजर चलवाकर मिट्टी खोद ली गई। जब इसकी जानकारी उसे हुई तो उसने मौके पर पहुंच विरोध किया तो बुलडोजर चालक व एक अन्य ने उससे मारपीट की। शोर सुन आसपास के लोगों को आता देख वह उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है।

### मशीन की चपेट में आने से मजदूर के हाथ की अंगुलियां कटीं

**बिछिया उन्नाव।** दही औद्योगिक क्षेत्र की साइड नंबर–दो स्थित एक चमड़े की फैक्ट्री में काम करते समय मजदूर का हाथ मशीन में चला गया। जिससे उसकी हाथ की अंगुलियां कट गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। मौजूद कर्मचारियों ने मशीन को बंद कराया और फैक्ट्री के अधिकारियों व परिजनों को सूचना दी। फैक्टी कर्मियों ने घायल मजदूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बता दें कि दही थानाक्षेत्र के ओरहर गांव निवासी मिथिलेश पुत्र बाबूलाल रैदास दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक चमड़ा फैक्ट्री में मजदूरी करता है। शुक्रवार को कार्य करते समय उसका हाथ मशीन में चला गया। जिससे उसकी हाथ की अंगुलियां कट गईं। जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

### पंचायत सहायक पद पर होंगी भर्तियां

**उन्नाव।** युवाओं के लिए खुशखबरी की बात है कि जल्द ही प्रदेश में पंचायत सहायक/डीईओ पद पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। निदेशक पंचायती राज ने सूचना निदेशक को पत्र भेजकर 10 जून को इसके लिए विज्ञप्ति प्रकाशित कराने को कहा है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने बेरोजगारी और महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाया था। चुनाव की अधिसूचना समाप्त होते ही शुक्रवार को निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने सूचना निदेशक को पत्र लिखा है।



मिश्रा कॉलोनी में होती साफ-सफाई। अमृत विचार

# मिश्रा कॉलोनी में वेक्टरजनित रोगों से बचाव का अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में मच्छरों से फैलने वाले वेक्टर जनित रोगों से बचाव को लेकर पालिका अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को वार्ड 23 में साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिये पिछले कई दिनों से अभियान चला रहा है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका के सफाई वार्ड 23 पश्चिमी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी में पहुंचे। जहां पालिका कर्मियों ने गलियों में साफ सफाई। इसके अलावा बजबजा रही नाले-नालियों को साफ किया। जिसके बाद नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने कूलर, गमला, जलपात्रों का पानी सप्ताह भीतर बदलने को जागरूक किया।

# आकृति ने नीट परीक्षा में 1597 रैंक लाकर रोशन किया नाम

**सफीपुर।** तहसील क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी पूर्व प्रवक्ता महात्मा गांधी इंटर कालेज स्व. राजेंद्र सिंह की पौत्री आकृति सिंह ने नीट की परीक्षा पूर्णांक 720 के सापेक्ष 701 अंक हासिल कर आल इंडिया 1597वीं रैंक हासिल की है। आकृति के पिता कुंवर तेज प्रताप सिंह बैंक आफ बड़ौदा लखनऊ अंचल कार्यालय व मां कल्पना सिंह प्राथमिक विद्यालय बरवा खुर्द असोहा में सहायक अध्यापक पद पर तैनात हैं। आकृति ने बताया कि उनकी शुरुआती शिक्षा मिर्जापुर गांव में हुई थी। बाबा स्व. राजेंद्र सिंह ने लखनऊ पढ़ने के लिए भेज दिया।



आकृति सिंह।

# जल्द होगा मंदिरों का सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के कल्याणी सहित सदर विधानसभा क्षेत्र के कई मंदिरों का सुंदरीकरण होने की उम्मीद बंधी है। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को इस संबंध में प्रस्ताव सौंपा है। विभागीय मंत्री ने भी आर्हता में शामिल मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विकास कार्य कराने के लिए बजट आवंटित कराने का भरोसा दिलाया है।

विधायक ने सचिवालय स्थित पर्यटन मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को प्रस्ताव देते हुए बताया कि शहर के कल्याणी मंदिर को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूर्व में कुछ बजट स्वीकृत हुआ था, लेकिन किन्हीं कारणों से कार्य पूर्ण नहीं हो सके। प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है, जबकि नवरात्र के दिनों में देवी माता के दर्शन-पूजन को हुजूम उमड़ता है। इसलिए मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से सुविधापूर्ण बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा फत्तेपुर गांव स्थित मान देवी मंदिर, भदेउना का ठाकुरद्वारा, बंदाखेड़ा का शिव मंदिर और आंट भुसौली स्थित मंदिरों का भी सौंदर्यीकरण कराने की मांग की है। विधायक ने पर्यटन मंत्री को बताया कि संबंधित सभी मंदिरों के प्रति आसपास ग्रामीणों की आस्था है, जिससे यहां कोई न कोई श्रद्धालु धार्मिक आयोजन कराता रहता है। साथ ही स्थानीय लोग भी वार्षिक मेला सहित कथा-पुराण कराते हैं। इसलिए इन स्थानों को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। स्थानीय ग्रामीण लगातार यह मांग करते रहते हैं। विधायक के मुताबिक मंत्री ने प्रस्ताव लेते हुए जल्दी ही इस संबंध में शासन स्तर से बजट उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है।



पर्यटन मंत्री से वार्ता करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

**मौसम की मार** — दोपहर में सूर्य हुआ तल्ख, जरूरी काम के लिए ही लोग घरों से निकले

# धूप झुलसाने लगी शरीर की त्वचा, अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी की वजह से स्किन के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ रही है। वहीं अधिक पसीना निकलने और गीले कपड़ों के कारण भी त्वचा को नुकसान पहुंच रहा है। जिस कारण शुक्रवार को पीएचसी में ओपीडी के दौरान अधिकांश मरीज त्वचा से संबंधित पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनका परीक्षण करने के साथ ही एहतियात बरतने की सलाह दी।

जून माह में पड़ रही शरीर झुलसाने वाली गर्मी के कारण शरीर पर फफोले निकल रहे हैं और सनबर्न के मामले बढ़ गए हैं। शुक्रवार को राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की सुबह से लाइन लगी रही। जहां सर्दी, जुकाम, बुखार, डायरिया के अलावा सनबर्न के मरीज भी पहुंचे। जहां मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डॉ. रश्मि वर्मा ने उनका परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्हें दवाइयां दी। इसके साथ ही धूप से बचाव करने के तरीके भी बताये। उन्होंने बताया कि एहतियात बरतने से सनबर्न से बचा जा सकता है। गर्मियों की शुरुआत होते ही लोगों को त्वचा से संबंधित तमाम दिक्कतें होने लगती हैं। इस समय तेज धूप पड़ रही है, लिहाजा सनबर्न के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। ओपीडी में रोजाना 15 से 20 मरीज सनबर्न की शिकायत लेकर आ रहे हैं। जहां उनका परीक्षण करने के बाद दवाइयां दी जा रही है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर महिलाएं सनबर्न से बचाव के लिए सनस्क्रीन क्रीम का इस्तेमाल तो करती हैं, लेकिन इसके इस्तेमाल का सही तरीका पता न होने से दिक्कत का सामना करना पड़ता है।



अस्पताल में मरीज की ओपीडी करते प्रभारी चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

# बरस रही 'आग', सड़कों पर सन्नाटा

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** जून माह में पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी से आम जानमानस बेहाल हो गये हैं। दोपहर दस बजते ही सूरज कि किरणें आग बरसाना शुरू कर दे रही हैं। ऐसे में घरों से निकले लोग धूप से बेहाल हो जा रहे हैं। जरूरी कार्यों से निकले लोग सिर से पांव तक रुमाल, टोपी आदि से ढक कर लू से बचाव करते हुये आ जा रहे हैं।

शुक्रवार सुबह आठ बजते ही गर्मी के तपन से लोग बेहाल रहे। दोपहर बारह बजते ही गर्म हवाएं चलने से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। केवल जरूरी काम से निकलने वाले लोगों की ही चहलकदमी सड़कों पर दिखाई देती है। दोपहर होते ही हर कोई छांव की तलाश में इधर-उधर भटकता रहता है। आने जाने वाले राहगीर किसी तरह सिर छिपाते हुये अपने घरों को पहुंचे। अधिकांश लोग छाते के सहारे धूप का बचाव करते रहे। वहीं पारा बढ़ने से हीट स्ट्रोक का भी खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही दोपहर के समय मुख्य मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहता है। वहीं मई माह में नौपता नक्षत्र के बाद लोगों ने गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद थी लेकिन जून माह के पहले सप्ताह में सूर्य तल्ख होने के कारण गर्मी ने एक बार फिर लोगों को रूला दिया है। जिससे गर्मी से लोग व्याकुल हो उठे हैं।



दोपहर के समय फोरलेन पर इस तरह पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

# लू और तपन ने बढ़ाई मक्का किसानों की मुसीबतें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जून माह का पहला सप्ताह बीतने के बाद भी भीषण गर्मी और तापमान 42 पार होना मक्का किसानों की परेशानी बढ़ा रहा है। किसानों को कम पैदावार होने की चिंता सताने लगी है। इससे किसानों को खासा नुकसान हो सकता है। किसान फसल बचाने के लिए लगातार सिंचाई कर रहे है।

बता दें कि गेहूं की फसल की कटाई के बाद जिले में बड़ी संख्या में किसान मक्का की खेती भी करते हैं। जिससे किसानों को अच्छा मुनाफा मिलता है। लेकिन बीते वर्ष की अपेक्षा इस बार तापमान अधिक बढ़ रहा है। पारा लगाकर बढ़ने से किसानों की मक्का की फसल प्रभावित हो रही है। किसानों में शिव प्रसाद वर्मा, दिनेश द्विवेदी, मनोज सिंह, हरि प्रसाद व श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि अगर इसी तरह से एक हफ्ते और गर्मी पड़ी तो मक्का की पैदावार घट जाएगी। मक्का की फसल में भुट्टे आने के समय तापमान 40 डिग्री से अधिक नहीं होना चाहिए। इससे अधिक होने पर भुट्टे में दाने नहीं बनते हैं। लेकिन इस समय भी तापमान 42 डिग्री पार चल रहा है। ऐसे में किसान लगातार सिंचाई कर अपनी फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने बताया कि भीषण गर्मी में तापमान अधिक होने से फसल के दाने बनने की समस्या आ सकती है। किसान खेतों की सिंचाई कर नमी रखें। सिंचाई के अतिरिक्त फसल बचाने का कोई और उपाय नहीं है।



खेत में खड़ी मक्का की फसल।

# मांस से लदा कंटेनर पकड़ा, किया हंगामा

## प्रतिबंधित मांस का आरोप लगा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंचे, सीओ ने कराई स्वास्थ्य विभाग की टीम से सैंपलिंग

संवाददाता बिछिया, उन्नाव

**अमृत विचार।** दही औद्योगिक क्षेत्र साइट-वन में संचालित एक स्लाटर हाउस में बिहार प्रांत से पहुंचे दो फ्रीजर कंटेनर को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कंटेनर में प्रतिबंधित मांस लोड है। मांस का सैंपल कराकर जांच कराने की बात पर अड़ गए। कार्रवाई न किये जाने पर आत्मदाह करने की चेतावनी भी दी। इसके बाद सीओ सिटी व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर सैंपल करवाए और जांच के लिये भेजे हैं।

बिहार प्रांत से पीछा करते हुए हिंदू संगठन के कार्यकर्ता शुक्रवार सुबह जिले के दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित रुस्तम स्लाटर हाउस पर रघुवंश मणि त्रिवेदी, नीरज सिंह, दुर्गेश पांडेय, सतपाल, संजय सिंह सहित आधा सैकड़ा से अधिक हिंदू संगठन के लोग पहुंच गए। स्लाटर हाउस के बाहर खड़े दो कंटेनर में प्रतिबंधित मांस लदा होने की बात कह कर हंगामा कर दही पुलिस को सूचना दी। सूचना पर दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हिंदू संगठन के लोगों को समझाने का प्रयास किया। मगर वे नहीं माने। उनका कहना था कि डाक्टरों की टीम गठित कर कंटेनर में लदे मांस की सैंपलिंग कराकर लैब भेजा जाए। जब मामला काबू से बाहर होने लगा तो थाना प्रभारी ने अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर वहां पहुंची सीओ सिटी सोनम सिंह ने दोनों कंटेनर को थाने पर खड़ा करवाया और उच्चाधिकारियों से वार्ता की। इसके बाद सीवीओ डॉ. शिवमूर्ति प्रसाद ने तीन डाक्टरों की टीम गठित की। इसमें पशु चिकित्साधिकारी डा. मनीष अवस्थी, नरेंद्र वर्मा, विमल कुमार को जांच के लिए थाने भेजा। पुलिस ने हिंदू संगठनों की मौजूदगी में दोनों कंटेनरों को खुलवाकर दो-दो मांस के पैकेट निकलवाए। इसके बाद टुकड़े काटकर सैंपल लिया गया। डाक्टर द्वारा सैंपल लेने के बाद पैकिंग में हो रही देरी को देखते हुए हिंदू संगठन एक बार फिर भड़क गए। पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। हिंदू संगठन के लोगों का आरोप था कि उनके पास जानकारी आई है कि तीन कंटेनर केशनगंज बिहार जो पश्चिम बंगाल की सीमा है। वहां से उन्नाव स्थित रुस्तम स्लाटर हाउस के लिए प्रतिबंधित मांस लेकर निकले थे। इसके बाद हिंदू संगठन नजर बनाए हुए थे। जैसे ही यह कंटेनर उन्नाव में स्लाटर हाउस पहुंचे तो उन लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। लेकिन, तब तक स्लाटर हाउस के लोगों ने एक कंटेनर को खाली करवा लिया। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले तो मामले को टालने प्रयास किया। लेकिन जब संगठन के कार्यकर्ता आत्महत्या करने की धमकी देने लगे तो पुलिस ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद मामले का संज्ञान लेकर डीएम गौरांग राठी ने पूरे मामले को देखते हुए जांच टीम गठित कर दी है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि मीट की सैंपलिंग कराई गई है।


मौके पर जांच करतीं सीओ सिटी सोनम सिंह। अमृत विचार


थाने के पास खड़ा मांस से लदा कंटेनर। अमृत विचार

# नरेंद्र मोदी के एनडीए का नेता चुने जाने पर झूमे भाजपाई, बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराते भाजपाई। अमृत विचार

- सदर विधायक के नेतृत्व में मनाई गईं जीत की खुशियां

**अमृत विचार।** प्रधानमंदी नरेंद्र मोदी को राजग का नेता चुने जाने के बाद भाजपाइयों ने सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में जीत की खुशी मनाई। दोपहर बाद शहर के झंडेश्वर मंदिर में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने जहां ढोल-नगाड़े बजवाते हुए भाजपा, नरेंद्र मोदी व योगी आदित्यनाथ के जयकारे लगाए।

बता दें कि आदर्श आचार संहिता के चलते जिला निर्वाचन अधिकारी ने पहले से प्रत्याशियों को विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध की जानकारी दे दी थी। इसलिए व्यक्तिगत तौर पर ही भाजपाइयों ने एक-दूसरे को बधाइयां दे ली थीं। सदर विधायक पंकज गुप्ता के समर्थक भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम को राजग दल का नेता चुने जाने पर पहले से जीत की खुशी मनाने का कार्यक्रम तय कर रखा था। इसलिए शुक्रवार दोपहर बाद करीब एक बजे भाजपाई झंडेश्वर मंदिर में पहुंचने लगे। अपने नेता के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ होने की खुशी में भाजपाई यहां पहुंचते ही पार्टी के साथ नेताओं के जिंदाबाद के नारे बुलंद करते रहे। साथ ही वे ढोल-नगाड़े बजाते हुए जश्न का माहौल बनाते रहे। युवा कार्यकर्ताओं ने इस दौरान पटाखे भी छुड़ाए। साथ ही सभी ने मंदिर में स्थापित शिवलिंग सहित देवी-देवताओं के अन्य विग्रह के सामने शीश झुकाया। इसी बीच लड्डुओं के पैकेट खोलकर झंडेश्वर महाराज का भोग लगाकर सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराने का सिलसिला शुरू कर दिया। भाजपा के जीत के जश्न के दौरान सड़क का आवागमन थमा रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकल रहे राहगीरों को भी रोक-रोककर लड्डू खिलाए। इस मौके पर नगर पालिका उन्नाव व गंगाघाट चेयरमैन के प्रतिनिधि क्रमशः प्रवीण मिश्र भानू व संदीप पांडेय के अलावा भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, नूतन सिंह, विपिन मिश्रा, सुशील तिवारी, ब्रजेश पांडेय, संदीप पांडेय, मनीष, महेश दीक्षित आदि मौजूद थे।

# वैध की आड़ में हुआ था अवैध खनन, तहसील ने भेजी रिपोर्ट

**प्रभाव**

- भटपुरा में मिट्टी के अवैध खनन का मामला

संवाददाता सोहरामऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव भटपुरा में मिट्टी के अवैध खनन को लेकर लगातार वायरल हो रही खबरों के बाद लेखपाल द्वारा की गई जांच के बाद तहसीलदार हसनगंज ने बताया कि इसकी रिपोर्ट बनाकर खनन अधिकारी को भेजी जा रही है। कहा कि खनन आदेश के निरस्तीकरण की कार्रवाई करें।

बता दें कि गांव भटपुरा में शिवन्या इंटरप्राइजेज को खनन करने के लिए खनन विभाग द्वारा गांव के दो गाटा संख्या-491 व 525 पर खनन करने की अनुमति दी गई थी। लेकिन, खनन माफियाओं द्वारा परमीशन की आड़ लेकर गांव के किसान सोनू पुत्र छंगा का खेत गाटा संख्या-511 को अवैध तरीके से खोदा जा रहा था। जिससे संबंधित खबरें लगातार वायरल हो रही थीं। इसे लेकर अमृत विचार ने भी प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद तहसील से जांच करने पहुंचे लेखपाल सुशील शुक्ला ने खनन को अवैध बताया था और इसकी रिपोर्ट तहसीलदार विराट करवारिया को भेजी थी। इस बारे में तहसीलदार ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट मिली है। खनन फर्जी तरीके से किया गया है। इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर एसडीएम व खनन अधिकारी को भेजी जा रही है। इसमें खनन आदेश निरस्त करने के लिये भी कहा जा रहा है। बताया कि अवैध खनन करने को लेकर संबंधित पर कार्रवाई भी की जायेगी।

# हादसे में एसओ औरास समेत चार पुलिस कर्मी घायल

संवाददाता औरास, उन्नाव

- निजी कार से सुल्तानपुर जिले में दबिश देकर लौट रहीं थीं औरास एसओ
- गंभीर घायल होने पर एसओ को लखनऊ के एक निजी अस्पताल भेजा गया

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर निजी कार से दबिश देकर लौट रही एसओ औरास की कार में बिहार से मांस लादकर नोएडा जा रहे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें एसओ के अलावा तीन अन्य पुलिस कर्मी घायल हो गए। एसओ को गंभीर देख लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

बता दें कि करीब डेढ़ माह पूर्व लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर अटिया गांव के पास गोवंशों से भरे ट्रक का अचानक एक्सल टूट गया था। जिसे चालक व परिचालक छोड़कर भाग गए थे। सूचना पर औरास पुलिस व पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। इसके बाद ट्रक से पुलिस ने 20 गोवंशों को ट्रक से उतरवा कर नगर स्थित कान्हा गौशाला में सुरक्षित कराया था। इसके बाद औरास पुलिस ने पशु अधिनियम के तहत अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए औरास एसओ रेखा सिंह निजी कार से सुल्तानपुर जिले में दबिश देने गुरुवार रात चार सदस्यीय टीम बनाकर गई थीं। शुक्रवार सुबह 5 बजे एसओ लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से औरास थाना लौट रही थीं। जैसे ही वे औरास थानांतर्गत अटिया टोलटैक्स के पास पहुंची तभी चालक को झपकी आ गई। जिससे आगे चल रहे कंटेनर में एसओ की कार पीछे से घुस गई। कंटेनर बिहार प्रांत के फारबिसगंज दादरी से एनटीपीसी कंटेनर में मीट लादकर ग्रेटर नोएडा जा रहा था। टक्कर लगने से कार सवार एसओ रेखा सिंह के सिर में चोट लग गई। वहीं उनके साथ रहे चालक व तीन अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल एसओ को लखनऊ के एक निजी अस्पताल भेजा गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, कंटेनर चालक मंसूर पुत्र मंजूर अली को पुलिस ने हिरासत में लेकर कंटेनर को थाने में खड़ा कराया है।


एसओ की कार को एक्सप्रेस-वे से हटाती क्रेन। अमृत विचार

**फोर लेन पर चल रहा था कंटेनर**

हादसे का प्रमुख कारण यह रहा कि कंटेनर एक्सप्रेस-वे पर बनी ट्रक वाली लेन में न चलकर फोर व्हीलर वाली लेन में चल रहा था। जिसके चलते एसओ की कार उसमें पीछे से घुस गई।

## सार-संक्षेप


इसी जमीन पर है कब्जा किए जाने का आरोप। अमृत विचार

### चेयरमैन प्रतिनिधि पर जमीन कब्जा करने का आरोप

**पुरवा।** कस्बे के मोहल्ला पश्चिमटोला निवासी प्रमोद सहित एक दर्जन लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि मोहल्ला स्थित भूमि संख्या-1868 पर मां आनंदेस्वरी देवी का मंदिर है। उस भूमि पर तालाब भी बना है। उस भूमि को करीब 50 वर्ष पूर्व रामसेवक शुक्ला जमींदार ने मंदिर के लिए दान दिया था। मंदिर की भूमि के बगल में भूमि संख्या-1869 है। जिसे चेयरमैन द्वारा कुछ दिन पूर्व खरीदा गया था। आरोप है कि चेयरमैन द्वारा मंदिर, तालाब व नाले की भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते जल निकासी की भी समस्या हो गई है। चेयरमैन प्रतिनिध व पति से निर्माण रोकने के लिए कहा गया लेकिन, उन्होंने निर्माण कार्य नहीं रोका। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांच कराकर कार्रवाई जा रही है, जांच रिपोर्ट आने के बाद समुचित कार्रवाई की जाएगी।

### बेटी की शादी पर मिलेगा अनुदान

**उन्नाव।** अन्य पिछड़े वर्ग में शामिल परिवारों के लिए अब शादी अनुदान योजना की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अमित सोनकर ने बताया कि विवाह की तारीख से 90 दिन पहले और बाद में योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कोई भी आवेदन कर सकता है। पात्रता की शर्तें पूरी होने पर संबंधित को शादी अनुदान योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच पुत्री का विवाह करने वाले परिवारों के मुखिया इसके लिए किसी भी लोकवाणी केंद्र, साइबर कैफे या निजी संसाधन से आन लाइन आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन करने के साथ हार्ड कापी एसडीएम या बीडीओ कार्यालय में जमा करनी होगी। योजना के अंतर्गत मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं शामिल किया गया है।

### युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, हैलट में हुई मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत गंभीर देख परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। जहां देररात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के धाराखेड़ा गांव निवासी धर्मेंद्र (23) पुत्र महावीर ने बीती गुरुवार दोपहर अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। इसकी जानकारी होने पर परिजन उसे निजी साधन से नवाबगंज सीएचसी लाए। जहां डाक्टरों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। वहां से भी उसे गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया था। जहां देररात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में नहीं है। अगर तहरीर आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप ने साइकिल सवार वृद्ध को मारी टक्कर, हो गई मौत

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- उन्नाव-हरदोई मार्ग पर फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत कालीमिट्टी के पास हुआ हादसा
- वृद्ध बैंक से पैसे निकालने जा रहा था, तभी रास्ते में हुए हादसे में उसकी मौत हो गई


हरिप्रसाद।

**अमृत विचार।** बैंक से पैसे निकालने जा रहे साइकिल सवार वृद्ध को पीछे से आ रहे पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पिकअप को कब्जे में लिया है।

थानाक्षेत्र के गांव भड़सर नौसहरा के मजरा महमदपुर खोखापुर निवासी 58 वर्षीय हरिप्रसाद पुत्र श्रीकेशन शुक्रवार को गांव से साइकिल से हफीजाबाद स्थित बैंक जा रहे थे। अभी वह उन्नाव-हरदोई मार्ग पर नारा खेड़ा बाजार पार कर गांव उम्मरखेड़ा के करीब ही पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। लोगों के अनुसार वृद्ध पिकअप ने फंसकर काफी दूर तक घिसटता चला गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वृद्ध को टक्कर मारने के बाद पिकअप रोड किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। इसके बाद चालक पिकअप छोड़कर भाग गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पिकअप को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। मृतक के बेटे पप्पू ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। सूत्र बताते हैं कि पिकअप कस्बा बांगरमऊ की नगीना ट्रांसपोर्ट कंपनी से संबद्ध है।

## फांसी लगाकर युवक ने की खुदकशी

**बिछिया उन्नाव।** दही थानाक्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग गांव के मजरा इब्राहिमाबाद निवासी राजकुमार (38) पुत्र स्व. रज्जू रैदास महाराष्ट्र प्रांत में मजदूरी करता था। एक माह पहले वापस गांव लौट आया था। शराब का लती होने से वह अपनी कमाई इसी में उड़ा देता था। गुरुवार को राजकुमार मजदूरी कर लौटा था। मां बीटाना खाना खाकर सो गई। रात करीब 12 बजे उसकी नींद खुली तो बेटा नहीं दिखा। अंदर गईं तो वह तीन शेड में लगे पाइप में गमछे के फंदे से लटक रहा था। चीख सुन पड़ोसी एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद उसे फंदे से उतरवाकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**उन्नाव।** नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराया है। इसमें उसे 10 साल की सजा के साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बता दें कि 1 अक्टूबर-2014 को मौरावां थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की मां ने दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी कस्बा के एक कालेज में इंटर की छात्रा है। 30 सितंबर-2014 को छुट्टी के बाद वह कालेज से बाहर निकली तभी थानाक्षेत्र के मोहन खेड़ा गांव निवासी रवी कुमार पुत्र श्रीपाल उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मां का आरोप था कि वह पहले भी बेटी से छेड़खानी करता था। इसकी शिकायत उसके माता-पिता से भी की थी। उसमें बेटी को ले जाने में युवक की साजिश में उसके माता-पिता के शामिल होने का भी आरोप लगाया था। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी और किशोरी को बरामद किया था। पुलिस को दिए बयान में किशोरी ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस पर पाक्सो व दुष्कर्म की धारा बढ़ाकर रवि को जेल भेजा गया था। आईओ ब्रजमोहन ने जांच के बाद छह दिसंबर-2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

**राजनीति** संगठन में छोटे से बड़े पदाधिकारी भी चल रहे कार्रवाई की जद में

# जीत के बावजूद भाजपा संगठन में कई पर लटकी तलवार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- जिलाध्यक्ष से लेकर कई नगर अध्यक्षों पर हो सकती है कार्रवाई

**अमृत विचार।** जीत की हैट्रिक लगाने के बाद भी नव निर्वाचित सांसद साक्षी महाराज अपनी जीत का अंतर 50 हजार के अंदर सिमटने को लेकर खासे आहत हैं। चुनाव पूर्व किये गए दावों पर खरे न उतरने के बाद अब प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को दुरुस्त करने पर जोर दिया जाना तय माना जा रहा है। इसलिए भाजपाई चाणक्य जिलाध्यक्ष के तौर पर दूसरी पारी खेल रहे अवधेश कटियार से लेकर जिले के कई नगर अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों की कुर्सी भी खतरे में मान रहे हैं। उनका कहना है कि जिले में पार्टी की जीत तो हुई लेकिन, वह उत्साह भरने वाली नहीं रही।

बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश नेतृत्व ने अवधेश कटियार को जिला संगठन की कमान सौंपी थी। डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के बल पर जिले की सभी छह विधानसभा सीट पर पार्टी का कब्जा हो गया। हालांकि, पहला कार्यकाल पूरा होने पर आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की थी। लेकिन, लोकसभा चुनाव सिर पर होने से प्रांतीय नेतृत्व चेहरा बदलने का रिस्क नहीं ले सका। इस तरह उन्हें दूसरी बार जिलाध्यक्ष बना दिया गया।

जिलाध्यक्ष ने भी जिला संगठन में बदलाव कर टीम को अधिक सक्रिय बनाने की जद्दोजहद करने के बजाय लोकसभा चुनाव को लेकर न सिर्फ खुद की दावेदारी की बल्कि, आखिरी तक दूसरों की पैरोकारी में लगे रहे। भाजपाई सूत्र बताते हैं कि लोकसभा टिकट के दावेदारों में सदर विधायक पंकज गुप्ता के अलावा कई अन्य चेहरे भी शामिल थे। लेकिन, संगठनात्मक दायित्व संभालते हुए खुद के लिये प्रत्याशिता में अधिक रुचि लेना जिलाध्यक्ष के लिए घातक माना जा रहा है। प्रत्याशिता की दावेदारी करने के बावजूद सदर विधायक पार्टी प्रत्याशी को दिए गए भरोसे के मुताबिक खुद की प्रतिबद्धता को अपने निर्वाचन क्षेत्र में 10 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत दिला चुके हैं। हालांकि, भाजपा प्रत्याशी की लीड कम करने में जिले की सभी विधानसभा सीटें शामिल हैं। लेकिन वर्तमान जिलाध्यक्ष के गृह विधानसभा क्षेत्र बांगरमऊ में भाजपा पर सपा ने जीत हासिल की है। गले न उतरने वाली बात यह है कि जिलाध्यक्ष सहित भाजयुमो जिलाध्यक्ष भी इसी विधानसभा क्षेत्र के मूल निवासी हैं।

बताते दें कि तत्कालीन भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सजा होने के बाद रिक्त हुई इस सीट पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकांत कटियार न सिर्फ उप चुनाव बल्कि, बीते विधानसभा चुनाव में भी विधायक बन चुके थे।

**सांसद भितरघात पर मढ़ रहे दोष**

नव निर्वाचित सांसद लीड कम होने के लिए बिना किसी का नाम लिए भितरघात को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। मीडिया को दिए बयान में कहा कि सभी मिलकर ईमानदारी से लोकसभा चुनाव का प्रचार करते तो विरोधियों की जमानत जब्त हो जाती। मतदाताओं ने उन्हें जिताकर भितरघातियों को सबक सिखा दिया है।

**कुलदीप से शुरू हुआ था जीत का सिलसिला**

भाजपा के लिहाज से बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र का इतिहास मुफीद नहीं रहा है। यहां से चुनाव लड़ते हुए प्रदेश के महाधिवक्ता रहे रमेश सिंह लगातार शिकस्त का सामना करते रहे। वर्ष-2017 के चुनाव में सपा का दामन छोड़कर अपनी किस्मत अजमाते हुए कुलदीप सिंह सेंगर ने पहली बार यह सीट भाजपा की झोली में डाली थी। हालांकि, इसके बाद से विधानसभा क्षेत्र पर सत्तारूढ़ दल का कब्जा बरकरार है।

**चुनाव परिणाम आने के बाद से खामोश हैं जिलाध्यक्ष**

जिलाध्यक्ष चुनाव परिणामों को लेकर मीडिया के सामने आना गवारा नहीं समझ रहे। मतगणना के दौरान वह शहर व पार्टी कार्यालय में मौजूद रहे। लेकिन, चुनाव को लेकर प्रतिक्रिया देने से बचते रहे। शुक्रवार को उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बना रहा। करीबियों ने बताया कि वे इस समय जिले से बाहर हैं।

## पिता की डांट से क्षुब्ध युवती ने फांसी लगा दी जान

**हसनगंज उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर बुलाकीदास में किशोरी ने घर के अंदर कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच के बाद शव फंदे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शुक्रवार को फरहदपुर गांव के मजरा रामपुर बुलाकीदास निवासी रोशनी (18) पुत्री नारायण ने पिता की डांट से छुब्ध होकर घर में भूसा रखने वाले कमरे के कुंडे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर में मां ने बेटी को फंदे पर लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रोशनी दो भाइयों रज्जन व छोटू से बड़ी थी। उसकी मौत से मां लक्ष्मीना का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पंजाब पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को उठाया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- बिहार थाना क्षेत्र में दबिश देकर पकड़ा आरोपी

**अमृत विचार।** पंजाब के लुधियाना से फरार सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों में शामिल एक युवक को पंजाब पुलिस ने बिहार थानाक्षेत्र में दबिश देकर पकड़ा है। औपचारिकता पूरी करने के बाद पंजाब पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए उसे अपने साथ लेकर चली गई।

बता दें कि पंजाब प्रांत के लुधियाना में एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। पीड़िता की तहरीर के आधार पर वहां की पुलिस ने 25 मई-2024 को राहुल पुत्र नंदकिशोर व पूती पुत्र कल्लू निवासी धूरेमऊ थाना सरेनी जिला रायबरेली पर रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें बताया कि राहुल अपनी ननिहाल बिहार थानाक्षेत्र के गांव रामप्रसाद खेड़ा में रहता था। वह नौकरी के सिलसिले में लुधियाना गया था। जहां वह पूती के साथ गांधीनगर गली नंबर-6 झोपड़पट्टी में साथ में रहते थे। पीड़िता का आरोप है कि दोनों ने उससे दुष्कर्म किया और इसकी आड़ में शारीरिक शोषण भी किया। लुधियाना के थाना डिवीजन नंबर-4 में दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इसकी भनक लगते ही दोनों वहां से भाग निकले थे। पुलिस की टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों व नाते रिश्तेदारों के यहां छापा मार रही थी। शुक्रवार को पंजाब पुलिस ने आरोपी राहुल को बिहार थानाक्षेत्र के हुलासी खेड़ा गांव निवासी उसकी बुआ के घर में दबिश देकर पकड़ लिया। कागजी कार्रवाई के बाद पुलिस उसे अपने साथ लुधियाना ले गई। लुधियाना पुलिस के इंस्पेक्टर कुलबीर राज ने बताया कि एक आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। दूसरे की तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के आलम नगर तिराहा पर मारपीट की घटना पर पुलिस ने पिता–पुत्र के विरुद्ध दलित एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। शाहजहांपुर जनपद के थाना सेहरामऊ दक्षिणी के ग्राम बादशाह नगर निवासी गौरव ने बताया कि वह शुक्रवार की शाम अपनी बहन व बहनोई को दिल्ली के लिए जाने वाली प्राइवेट बस पर बैठाने के लिए मझिला थाना क्षेत्र के आलमनगर तिराहा गया था। उनको बस पर बैठाकर वह वापस जा रहा था। आलम नगर तिराहा पुलिया के निकट आलम नगर गांव के निवासी नौशाद अपने पुत्र दिलशाद के साथ खड़े थे। उन लोगों ने उसे रोक कर गाली गलौज किया। मना करने पर जाति सूचक गाली देते हुए मारना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसके दोस्त कपिल, आकाश और गांव वालों ने बचाया। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध दलित एक्ट और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पिटाई का लगाया आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला बाजार शंभा निवासी युवक ने मोहल्ले के व्यक्ति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला बाजार शंभा निवासी प्रेम नारायण उर्फ पिंटू ने बताया कि मोहल्ले के दीपू ने उसे फोन कर कहा कि वह परेली में खड़ा है, उसको लेने आ जाए। वह नहीं गया इस बात पर विपक्षी ने उसके दरवाजे पर आकर उसे गाली गलौज किया। मना करने पर मारा पीटा। उसके पिता उसे बचाने आए तो विपक्षी ने उन्हें भी मारा पीटा।

### विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत का शुभारम्भ

**हरदोई, अमृत विचार।** साण्डी के गुर्राखेड़ा (गहलवारी) में शुक्रवार से विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। जिसका संचालन महंत राजू चैतन्य ब्रह्मचारी सुर्री मौदिर अलवर राजस्थान करेंगे। जबकि आचार्य अमित बाजपेई वेदाचार्य,आचार्य सुशील कुमार मिश्रा और आचार्य अशोक शुक्ला यज्ञाचार्य होंगे।

# नोटा से भी हार गए छोटे दलों के प्रत्याशी व निर्दलीय

खालिद अय्यूबी, हरदोई

**नाराजगी**

**हरदोई में 8,727 और मिश्रिख सीट पर 8,029 मतदाताओं ने दबाया नोटा का बटन**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव-2024 में नोटा के आगे छोटे दल बिल्कुल सिमट कर रह गए, या यूं कहें नोटा ने चुनाव मैदान में कूदने वाले भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, नारी-नर रक्षक पार्टी, राष्ट्रीय जन शक्ति पार्टी, भारतीय कृषक दल, जस्टिस पार्टी,लोक जन संघर्ष पार्टी और पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया जैसे छोटे-छोटे दलों की दाल कतई नहीं गलने दी। हरदोई में 8,727 तो वहीं मिश्रिख में 8029 वोट नोटा के खाते में दर्ज किए गए। ऐसी तस्वीर का अगर दूसरा पहलू देखा जाए तो कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले कल में ऐसे छोटे दलों को अपना वजूद बचाना भी काफी मुश्किल हो सकता है।

लोकसभा चुनाव-2024 की बात करें तो वोटरों ने महापुरुषो के नाम पर दावे पर दावे करने वाले छोटे-छोटे दलों को पूरी तरह से नकार दिया है। उसका नतीजा यह निकला कि नोटा ने सपा,भाजपा और बसपा को छोड़ कर बाकी सभी दलों को बहुत पीछे धकेल दिया। किसानों के हितों के लिए लड़ने का दावा करने वाला भारतीय कृषक दल हो या फिर हर एक की रक्षा का दावा करने वाली नारी-नर रक्षक पार्टी हो,इस बार नोटा ने उन सभी की हवा निकाल कर रख दी। इस चुनाव में हरदोई में कुल 11,00,116 वोट पड़े,जिसमें भाजपा,सपा और बसपा को छोड़ कर जितने भी छोटे दल थे उन्हें नोटा से बहुत कम वोट हासिल हुए। इसी तरह मिश्रिख लोकसभा में कुल 10,51,983 वोट पड़े, कमोबेश उसकी भी तस्वीर कुछ वैसी ही रही। दोनों जगह के वोटरों ने छोटे दलों को कोई तवज्जो नहीं दी,जिसका यह नतीजा निकला कि नोटा के खाते में उनसे कहीं ज़्यादा वोट दर्ज किए गए। नतीजों की इस तस्वीर के अगर दूसरे पहलू पर नज़र दौड़ाई जाए तो कहना बिल्कुल ही गलत नहीं होगा कि आने वाले कल में उनके आगे वजूद बचा पाना भी मुश्किल हो सकता है।

**छोटे दलों का हाल**

| हरदोई लोकसभा सीट | |
|---|---|
| पार्टी | प्राप्त वोट |
| जस्टिस पार्टी | 2945 |
| भारतीय कृषक दल | 1349 |
| लोक जनशक्ति पार्टी | 1139 |
| नर–नारी रक्षक पार्टी | 1588 |
| पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 4196 |
| नोटा | 8727 |
| **मिश्रिख लोकसभा सीट** | |
| भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | 3815 |
| नर–नारी रक्षक पार्टी | 1912 |
| राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी | 1350 |
| नोटा | 8029 |

**निर्दलीयों का हाल (हरदोई)**

| प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|
| अवधेश | 1420 |
| ओमप्रकाश | 1559 |
| शिव कुमार | 4897 |
| सुनील वर्मा | 3819 |
| **मिश्रिख लोकसभा सीट** | |
| अवधेश | 1423 |
| नीलम सिंह | 2905 |
| रामपाल | 3978 |



# नगर में 18 बूथ पर सपा व 13 पर भाजपा ने पाई जीत

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव के परिणाम में मल्लावां नगर में समाजवादी पार्टी ने 18 बूथों और भाजपा ने 13 बूथों पर जीत पाई। ऐसे में समाजवादी पार्टी ने 2380 वोटों से जीत हासिल की जो विधानसभा चुनाव के आंकणे से काफ़ी आधिक है।

लोकचुनाव के परिणाम में भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत ने सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी से हराकर चौथी बार लोक सभा पहुंचे। मल्लावां नगर में 31 बूथों की अगर बात की जाए तो भाजपा को सबसे कम वोट बूथ संख्या 231 पर 33 वोट, बूथ संख्या 233 पर 37 वोट रहे। भाजपा को 13 बूथों पर ही जीत नसीब हो सकी। तो समाजवादी पार्टी ने 18 बूथों पर जीत हासिल की। समाजवादी पार्टी को 8247 वोट तो भाजपा 5867 वोट और बसपा को मात्र 646 वोट ही हासिल हो सके। ऐसे में बसपा के वोट बैंक में काफ़ी गिरावट देखने को मिली। समाजवादी पार्टी ने 2380 वोट से नगर में एक बार जीत हासिल की। अगर सपा और भाजपा की बात करें तो विधानसभा और लोक सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी हमेशा की तरह नगर में जीत हासिल की। एक तरफ जहां तमाम नगर में छोटे बडे नेता भाजपा के साथ लगे थे, लेकिन वोट डलवाने में कामयाब नहीं हो सके।

# निजी अस्पताल संचालक ने 20 हजार में बेच दिया बच्चा

## हिंदू महिला के नवजात को मुसलमान परिवार के हाथ बेचा, आरोपी का वीडियो वायरल होने पर खुली पोल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में पूरी तरह से पंगु हो चुके स्वास्थ्य प्रशासन की लापरवाही का एक और परिणाम सामने आया है। एक अस्पताल संचालक ने हिन्दू परिवार की प्रसूता के बच्चे को मुस्लिम परिवार के हाथ बेच दिया। अस्पताल संचालक का इस संबंध में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटी और उन्होंने जांच करने की बात कही है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पूरे नगर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वीडियो वायरल होने के बाद बच्चों को बेचने का भांड़ा फूट गया है। इससे स्वास्थ्य प्रशासन की काफी किरकिरी हुई है।

मामला मीरा बस्ती स्थित तबरेज हॉस्पिटल का है। यहां के संचालक का शुक्रवार को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें अस्पताल संचालक डॉक्टर तबरेज ब्राह्मण बच्चे को मुस्लिम परिवार के हाथ बेंचने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह बच्चा 20,000 में बेचे जाने की बात कही जा रही है। डॉक्टर यह भी कह रहे है कि इस बच्चे को लेने के लिए उनके पास ज्यादा पैसे देने वाले लोग भी आए थे लेकिन उसने मुस्लिम परिवार को बच्चा बेच दिया। अस्पताल संचालक की वार्ता का पूरा वीडियो उससे छिपाकर मोबाइल से बनाया गया। वायरल वीडियो के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। बच्चा बेचने के इस वीडियो के वायरल होने के बाद यह भी पता चल गया कि शाहाबाद में बच्चों की खरीद फरोख्त का कार्य प्राइवेट अस्पतालों में चल रहा है।



मीरा बस्ती स्थित तबरेज हॉस्पिटल, जिसके संचालक पर है बच्चा बेचने का आरोप। अमृत विचार

**आरोपी बोला- वायरल वीडियो अगस्त का**

वायरल वीडियो के बाद जब अमृत विचार ने डॉ. तबरेज से इस बाबत जानकारी चाही तो उसने बताया कि यह वीडियो अगस्त माह 2023 का है। सीएचसी अधीक्षक प्रवीण दीक्षित से बात करके वह मामले को समाप्त भी कर चुके थे। इससे स्पष्ट होता कि सीएचसी अध्यक्ष को बच्चा बेचने के इस कांड के बारे में पूरी तरह से पता था। जैसा कि अस्पताल संचालक द्वारा अमृत विचार से की गई बातचीत से पता चलता है। परंतु सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रवीण दीक्षित ने ऐसी जानकारी होने से स्पष्ट इनकार किया है। उन्होंने कहा वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला उनके संज्ञान में आया है।

**अवैध गर्भपात की बात हुई सच**

अस्पताल संचालक के वायरल वीडियो में संचालक द्वारा यह बात स्पष्ट रूप से कही गई है कि ब्राह्मण लड़की का बच्चा भी अनलीगल था। इसलिए उन्होंने बच्चा पैदा करवाने के भी 20000 लिए थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्राइवेट अस्पतालों में अवैध गर्भपात का गोरख धंधा भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

"वीडियो वायरल होने के बाद मामला संज्ञान में आया है। ऐसे कुकृत्य करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पहले जांच कराई जाएगी, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।"

–डॉ.प्रवीण दीक्षित, सीएचसी अधीक्षक, शाहाबाद

**आरोपी बोला**

तबरेज हॉस्पिटल के संचालक डॉ. तबरेज का कहना है कि वीडियो अगस्त माह का है और माहीबाग के रहने वाले नौशाद पुत्र इलियास द्वारा बनाया गया। वीडियो के बारे में सीएचसी के अधीक्षक से सब फाइनल भी हो चुकी थी उसके बाद इस वीडियो को एक प्लानिंग के तहत वायरल किया गया।

# मेडिकल कॉलेज के 13 डाक्टरों की छुट्टी

**हरदोई, अमृत विचार।** मेडिकल कालेज में तैनात13 नान पीजी जेआर/ट्यूटर/डिमान्सट्रेटर की सेवाएं खत्म कर दी गई है। प्रिंसिपल डा. देशदीपक तिवारी ने बताया कि नीट यूजी 2018 एमबीबीएस/बीडीएस बैच के अभ्यार्थियों को इन लाइन काउंसिलिंग के माध्यम से नान पीजी जेआर /ट्यूटर व डिमान्सट्रेटर के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के आदेश जारी हुए है। ऐसे में मेडिकल कालेज में पहले से तैनात नान पीजी जेआर/ट्यूटर व डिमान्सट्रेटर की सेवाएं खत्म कर दी गई है। बताया कि माइक्रो बायोलाजी, इमरजेंसी मेडिसिन, पीडीयाट्रिक, जनरल मेडिसिन व डेंटल जैसे विभाग में तैनात डा. तृप्ति शर्मा, डा.अरविन्द कुमार वर्मा, डा. विनोद कुमार गुप्ता, डा.लक्ष्मी यादव, डा. विनय कुमार मिश्र, डा. विजय कुमार, डा.अभिषेक शुक्ला, डा. राखी सिंह, डा. राघवेन्द्र मिश्रा, डा. अनुराग गुप्ता, डा.अवंतिका सिंह डा. लतिका भास्कर और डा. विकास कुमार की सेवाएं खत्म कर दी गई है।

# नरेन्द्र मोदी के नेता चुने जाने पर भाजपा में हर्ष

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला भाजपा कार्यालय पर केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी को एनडीए का नेता चुनने पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र, राम बहादुर सिंह, संडीला विधायक अलका अर्कवंशी ने सभी को सामूहिक रूप से बधाईयां दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए गठबंधन का नेता चुने जाने पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि विपक्ष ने जनता को भ्रमित करने का बहुत बड़ा षड्यंत्र रचा था, जिसमें कांग्रेस पार्टी ने लोगों से झूठ बोलकर वोट लिया। एनडीए गठबंधन ने बिना किसी शर्त के मोदी के नेतृत्व में आस्था प्रकट करते हुए उन्हें फिर से गठबंधन दल का नेता चुना। पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन एवं रामबहादुर सिंह ने कहा कि जनता का आशीर्वाद के साथ यह सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है जो तीसरी बार एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। जनता जानती है कि देश को यदि कोई दिशा दे सकता है तो वह एकमात्र नेता है नरेंद्र मोदी। विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि विपक्ष की सत्ता के विरुद्ध झूठी लहर को रोकने का काम किया है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, प्रीतेश दीक्षित, संदीप सिंह, सिद्धनाथ मौर्य, कर्मवीर सिंह, संजय सिंह गुड्डू जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, ओम वर्मा, सत्येंद्र राजपूत, जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।



भाजपा विधायक अलका अर्कवंशी को मिठाई खिलाते जिलाध्यक्ष।

# बदहाल बिजली आपूर्ति व्यवस्था से आक्रोश

**हरदोई, अमृत विचार।** गांव में पड़ी जर्जर लाइन के कारण भीषण गर्मी में बिजली न मिल पाने से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात नगर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। विकास खंड बावन के ग्राम कुंदौली से आए ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए कहा कि गांव में एक ही जगह पर दो ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। काफी पुरानी जर्जर लाइन आए दिन खराब हो जाती है, जिससे इस भयंकर गर्मी में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि दोनों ट्रांसफार्मर अलग-अलग रखवाए जाएं तथा जर्जर लाइन को दुरुस्त किया जाए।

# अवैध अस्पताल संचालक पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कछौना ब्लॉक के गांव कटियामऊ में कुछ दिन पहले छप्पर में चल रहे अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से सीज किया था। इस अस्पताल का नाम फौजी हॉस्पिटल है। इस अस्पताल के संचालक को स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस भी दी थी। अब इस अस्पताल के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। सीएमओ डॉ. रोहताश कुमार और नोडल अधिकारइ मनोज सिंह ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

हरदोई-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कछौना कस्बे के पास कटियामऊ गांव के बाहर मुख्य मार्ग के किनारे फौजी ढाबा है। इसी ढाबे के ठीक बगल में मानकों को ताक पर रखकर छप्पर के नीचे एक अस्पताल चल रहा था। जहां कैंसर से पीड़ितों मरीजों तक का इलाज किया जा रहा था। जानकारी होने पर कुछ दिन पूर्व नोडल मनोज सिंह और कछौना सीएचसी इन्चार्ज डॉ. किसलय बाजपेई ने सीज किया था। सीएमओ ने बताया कि टीनशेड के नीचे अस्पताल और छप्पर के नीचे वार्ड नहीं संचालित किया जा सकता। इस प्रकरण में कार्यवाई करने के लिए झोलाछाप कार्यक्रम के नोडल को निर्देशित किया है। जल्द ही कार्यवाई होगी। जिले में झोलाझाप के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# यज्ञशाला में आहुति डालने व परिक्रमा से दूर होते हैं कष्ट

संवाददाता, बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड के बरखेरा में 13वीं श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन अरण्य मंथन से अग्नि प्रज्वलित कर आहुति दी गई।

भागवताचार्य आचार्य घनश्याम शुक्ला आचार्य सुरेश शास्त्री कृष्ण यज्ञ आचार्य कुलदीप मिश्रा के सानिध्य में आयोजित अनुष्ठान में प्रातः कालीन पूजन के उपरांत अग्नि देव का आह्वान करते हुए मुख्य यजमान देवर्षि प्रताप सिंह द्वारा अरण्य मंथन किया गया। इस दौरान प्रज्वलित हुए अग्नि को हवन कुंड मे प्रवाहित कर मन्त्रोच्चार के बीच आहुति देने का क्रम प्रारंभ हो गया। भागवताचार्य ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का रसपान कराया।

## मेडिकल कॉलेज में साफ-सफाई नदारद

**हरदोई, अमृत विचार।** कदम–कदम पर लगे गंदगी के ढेर साबित कर रहे हैं कि मेडिकल कालेज की साफ–सफाई पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। पीडियाट्रिक आईसीयू वार्ड के ठीक सामने जल जमाव होने के साथ गंदगी पड़ी हुई है। शुरुआत से ही मेडिकल कालेज तमाम तरह की समस्याओं से उलझा हुआ है। वार्ड के अंदर हो या बाहर, कमोबेश हर जगह पर गंदगी के ढेर दिखाई देते है। सबसे खराब हालत पीडियाट्रिक आईसीयू वार्ड के बाहर की है। गंदगी के साथ वहां भरा हुआ गंदा पानी बीमारियों के फैलने के लिए काफी है।



बच्चा वार्ड के बाहर फैली गंदगी। अमृत विचार

**आयोजन** मंगल कलश यात्रा के साथ शिव कृपा सेवा समिति के तत्वाधान में शुरू हुई सात दिवसीय श्री रामकथा

# राम का नाम ही जीवन का आधार : गोविंदाचार्य महाराज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड सुरसा के ग्राम नेवलिया में शिव कृपा सेवा समिति के तत्वाधान में शुक्रवार से सात दिवसीय रामकथा का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। पीले एवं लाल परिधानों में सजे ग्रामवासी और सभी के पास मंगल कलश अनोखी छटा बिखेर रहे थे। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत हुआ। मंगल कलश लेकर चल रही महिलाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा था।

इस अवसर पर आचार्य राधे गोविंदाचार्य महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि श्रीराम ही संसार में ऐसे महापुरुष हैं जिनके चरित्र पर रामायण जैसा महान धर्म ग्रंथ बन गया रामायण भारतवर्ष का गौरवपूर्ण इतिहास है, जिसके माध्यम से आदर्श समाज की स्थापना हो सकती है। उन्होंने कहा कि राम का नाम ही जीवन का आधार है। इसके स्मरण करने से ही मनुष्य को मोक्ष प्राप्त होती है तथा जीवन में आने वाले संकटों से मुक्ति मिलती है। संगीतमय रामकथा के दौरान रामायण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री राम चरित्र से संयुक्त शास्त्र है, इसलिए इसको रामायण कहा गया है। रामायण भारतवर्ष का गौरवपूर्ण इतिहास है। पूरी दुनियां में कोई ऐसा महापुरुष नहीं हुआ जिसका जीवन चरित्र ही धर्मशास्त्र बन गया हो। रामायण में राम के प्राकट्य से लेकर संपूर्ण जीवन चरित्र का बड़े ही विस्तार से वर्णन किया गया है।रामायण की आराधना उपासना करने से भगवान राम की प्राप्ति हो जाती है। भगवान राम का निवास स्थान- जहां श्री सीता लक्ष्मण और समस्त परिकरों के साथ भगवान श्रीराम विराजते हैं, इसलिए इसका नाम रामायण है। रामायण और भगवान राम में अंतर नहीं है। रामायण का सुमिरन, चिंतन, ध्यान करने से उसी तरह जीव का कल्याण होता है। इस मौके ग्राम वासियों ने कथा का रसपान किया।



श्री राम कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

मुफ्त स्वास्थ्य मेला

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

09 जून 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज
शाहबाद, हरदोई

में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, दन्त रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग तथा मानसिक रोग आदि।

कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त • सामान्य दवायें मुफ्त
• हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त • ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त

कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।

अन्य सुविधायें:
1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/– रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/– रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।



सिया मिश्रा पुत्री श्री अनुज मिश्रा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में
सौजन्य से :
श्री हर्ष पाण्डेय जी, अनुज मिश्रा, राजकुमार यादव



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

पंचैव पूजयन् लोके यश : प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि-इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा-स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा क्षेत्र में सुधार

पिछले दशक में हमने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों पर ध्यान केन्द्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह बयान क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी-20 देशों के बीच भारत के सर्वोच्च वृद्धि दर्ज करने के बाद आया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर की 1500 यूनिवर्सिटी का सर्वे करने के बाद वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 जारी की गई है। वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के 46 संस्थान शामिल हैं जबकि 2015 में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इसमें शामिल थे। इस प्रकार पिछले 10 वर्षों में इस संख्या में 318 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और एशिया में चीन व जापान के बाद सबसे ज्यादा संस्थान भारत के हैं। रैंकिंग के अनुसार भारतीय आईआईटी बॉम्बे और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल है जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष रैंक बरकरार रखी है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग विभिन्न मानदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है जिसमें शैक्षणिक और नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय/छात्र अनुपात, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क और विश्वविद्यालयों के सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव शामिल हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने सरकार के तीसरे कार्यकाल में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए और अधिक काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। वास्तव में भारत में शिक्षा का मात्रात्मक विस्तार तो हुआ है, लेकिन गुणात्मक मोर्चे पर यह अभी भी पीछे है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लचीले समुदायों का निर्माण करती है और शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक समाज बनाने में योगदान देती है। यह नागरिक जीवन में सहिष्णुता, समझ और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती है।

शिक्षा व्यक्तियों को बेहतर नौकरी की संभावनाओं, स्थायी आजीविका और स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करती है। यह नवाचार है रचनात्मक सोच को बढ़ावा देती है। हाशिए के समुदायों में रहने वालों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच की कमी है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अब जब प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि आगामी राजग सरकार अगले दस वर्ष में सुशासन, विकास और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में देश के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, यह उपयुक्त समय है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाया जाए और ऐसा आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण अपनाया जाए जो उत्तरदायी एवं प्रासंगिक हो।

# विचारधारा को रूढ़ि बना लेना है जड़ता


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा।

विचारधारा मनुष्य के लिए अथवा मनुष्य विचारधारा के लिए? विचारधारा मनुष्य की ही है और मनुष्य के लिए है। मनुष्य जीवन विचारधारा के लिए नहीं है। विचारधाराओं का केंद्र मनुष्य है। मनुष्य जीवन का केन्द्र विचारधारा नहीं है। कोई भी विचारधारा यदि मनुष्य की गति को बाधित करती है तो वह पैरों की बेड़ी है। मनुष्य की युगयात्रा में न जाने कितनी विचारधाराएं आई थीं, बीत गईं, फिर नई विचारधाराएं आएगी, आती रहेंगी।

किसी भी विचारधारा को रूढ़ि बना लेना जड़ता है। यह तो कोई नहीं चाहेगा कि मनुष्य फिर से पाषाण-युग के अंधेरे में चला जाए! विकास हो, अवश्य हो, पर मनुष्य और प्रकृति का सामंजस्य बना रहे, मनुष्य और मनुष्य के बीच समरसता और सामंजस्य बना रहे। भारतीय मनीषा हाथ उठाकर कह रही है कि जीवन की पूर्णता प्रकृति की समग्रता के बीच है। मनुष्य जीवन प्रकृति रूपी वृक्ष का फल है, प्रकृति से विच्छिन्न नहीं है। बहुत से लोग अमेरिका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं, सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टेक्नोलॉजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव व्यवहार भी वैसा ही होगा। इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों।

आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी, पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं। एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार भूमि पर अनुसंधान कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार सरणि का अंतिम गंतव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है जिनमें अत्यंत कष्टपूर्ण जीवन है।

> भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल-प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है।

ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा यूक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने-सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया। ध्यान में रखने की बात है कि परंपरा भी परिवेश है।

भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल-प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है। देशकाल भिन्न होंगे तो धर्म-संस्कृति का भिन्न होना स्वाभाविक ही है, किंतु यदि उनकी आत्मा पर ध्यान केंद्रित करें तो जो बात सामने आएगी, वह मनुष्य और मनुष्य तथा मनुष्य और प्रकृति के बीच समन्वय के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है।

हां, धर्म संस्था व्यष्टि और वर्ग स्वार्थ से प्रेरित होती है और धर्म की कुत्सित व्याख्या करना उसका व्यापार होता है। समय बदलने पर वह धर्म विरुद्ध को ही धर्म बतलाती है। लोग रूढ़ि के कारण अधर्म को ही धर्म समझ लेते हैं -अधर्मे धर्म विभ्रमः। मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? मानवशास्त्रियों ने जीवन के दो महत्वपूर्ण निर्णायक तत्व माने हैं- आनुवंशिकता और जीवन का परिवेश। ये दोनों ही तत्व व्यक्ति जीवन को प्रेरित-उत्तेजित-निर्देशित करते हैं। उसे बनाते हैं, आगे बढ़ाते हैं। जीवन को मोड़ देते हैं। कठिनाई आने पर फैसला कर देते हैं। आनुवंशिकता भी एक वास्तविकता है? कुछ कहावतें पढ़ रहा हूं-नानी की टेव धेवती में आई! मूसे के जाए तो बिले ही खोदेंगे! मछली के बच्चनें तैरबौ को सिखाबै? मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? यह बहस बहुत पुरानी है। आनुवंशिकतावादी-विचारकों का निष्कर्ष है कि आनुवंशिकता ही मनुष्य की प्रतिभा तथा गुणों का निर्णायक तत्व है। शारीरिक मानव शास्त्रियों ने इस प्रश्न को यों सोचा था कि नस्ल जनता की संस्कृति को ढालती है या जनता की संस्कृति नस्ल को?

द्वितीय महायुद्धःनस्लवाद। इस संबंध में नस्लवादियों ने कहा था कि आनुवंशिकता और शारीरिक प्रारूप संस्कृति को निर्धारित करते हैं। राजनीति में आकर यह सिद्धांत अपने उग्र रूप में नात्सीवाद के नस्ली सिद्धांतों में व्यक्त हुआ था। यह औपनिवेशिक शासन का समर्थन करने वाली विचारधारा थी और आगे चलकर द्वितीय महायुद्ध का कारण भी बनी। इसके विपरीत परिवेश वादियों का निष्कर्ष है कि मनुष्य जीवन का निर्णायक तत्व परिवेश है। परिवेशवादियों के भी तीन ग्रुप हैं-भौगोलिक निर्णायकवादीः जो मानते हैं कि भौगोलिक परिवेश मानव शरीर पर ही प्रभावी नहीं है, अपितु संस्कृति का भी निर्णायक तत्व है।

भौगोलिक निर्णायकवाद :अफ्रीका के लोग काले और योरोप के गोरे। दक्षिण के, बंगाल के, नेपाल के, पंजाब के लोगों को देखते ही पहचाना जा सकता है। सांस्कृतिक परिवेशवादी संस्कृति को निर्णायक तत्व मानते हैं जबकि तीसरे ग्रुप के महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स कहते हैं कि संस्कृति ही नहीं मनुष्य के सामाजिक संबंधों का निर्णायक तत्व भी उत्पादन प्रणाली और अर्थव्यवस्था है। यह भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। दिन रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोक जीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है?

## प्रसंगवश

# मैं अयोध्या हूं

आज जो अयोध्यावासियों को अपशब्द कह रहें, उनसे बात कर रही हैं अयोध्या जी... मैं अयोध्या हूं। वह अयोध्या जिसने निर्माण और विध्वंस के हजार किस्सों को सरयू के पानी में बहते हुए देखा है। वह सरयू जिसने मेरे हर आंसू को अपने पानी से छिपाया है और मेरी हर खुशी को लहरों की उथल-पुथल से प्रकट किया है।

मैं वह अयोध्या हूं, जो कभी निराश नहीं हुई। मुझे साकेत कहा गया, मुझे कौशल की राजधानी बनाया गया तो मुझे अवध जागीर के फैजाबाद का दिल कहा गया, मगर मैं तो पहले से आखिर तक अयोध्या ही तो हूं। मैं वह अयोध्या हूं जिसके आंगन में राम ने जन्म की पहली थाप दी। मैंने कौशल्या के मां बनने की मुस्कान को देखा है। एक बालक, जिसे अपने भाई बहन से अथाह प्रेम था, उन राम को अपने आंगन में बड़ा होते देखा है। मेरे ही पहलू में गुरु वशिष्ट के वह पाठ भी थे, जिन्होंने कितने ही ऐतिहासिक अध्याय निखारे।


हफीज किदवई
लेखक

मेरे ही सामने तो दशरथ ने गले लगकर राम को अपना उत्तराधिकार दिया। मेरे ही सामने सीता बहु बनकर आईं। मैंने अपने राम का विरह भी तो देखा। यहां सुनो मेरे दर्द की पहली कहानी। राम, जो मेरा मान थे। मेरे ही सीने से दूर किए जा रहे थे, जिसे हमने नाजों से पाला था, उसे वनवास दिया जा रहा था। मैं ही वह अयोध्या थी, जो चीख-चीख कर रो रही थी। मगर राम के एक इशारे पर हमने अपना सारा दर्द सीने में दबा लिया, सारे आंसू सरयू में बहा दिए और आंखे उधर सजा दीं, जिधर से राम को वापिस आना था। इस दुनिया में वह मिट्टी का टुकड़ा भला कौन है जिसने खड़ाऊ के शासन को स्वीकारा। मैं वह अयोध्या थी, जो अपने राम के खड़ाऊ मात्र के सामने झुकी खड़ी रही। हम थे वह अयोध्यावासी जिन्होंने अपने राम के बिना उस सिंघासन पर किसी दूसरे को स्वीकार नहीं किया। हमने वनवास के दर्द को तो वापसी की दीवाली भी देखी है। हमने अपने राम को जन्मते देखा है। हम वह अयोध्या हैं जिसने बुद्ध को देखा है। बुद्ध के युग को देखा है। बुद्ध के प्रताप को देखा है। बुद्ध के ज्ञान को देखा है।

मैं वह अयोध्या हूं जिसने महावीर जैन और तमाम तीर्थंकर को भी देखा है। जैन मुनियों के ज्ञान और विचरण को देखा है। हमने तो अपने पहलू में मुगलों को भी आते देखा है। अपने सीने पर मंदिर बनते, मंदिर टूटते देखा है। मस्जिद बनते, मस्जिद टूटते देखा है, मठ बनते, मठ टूटते देखा है, स्तूप बनते, स्तूप टूटते भी देखा है। हमने नवाबों की हुकूमत भी देखी है। हम हैं अयोध्या जिसने इस देश की हर करवट को बहुत करीब से देखा है, मगर जों नही देखा था, वह अब देख रहे हैं। इतना कुछ बदला, एक से एक हुक्मरान आए, धर्मगुरु आए, विचार आए और गए मगर कभी अयोध्यावासी गाली नहीं खाए।

कभी किसी की हिम्मत नहीं पड़ी की अयोध्यावासियों पर उंगली उठाकर उनके गर्व को धिक्कारे। मैं हूं वह अयोध्या जिससे वनवास जाते राम ने पलटकर कभी एक शिकायत भी नहीं की। हां मैं हूं वह अयोध्या जिसका आंचल सरयू है, उस सरयू में जब राम विलीन हो रहे थे, तब भी किसी ने अयोध्यावासी को अपशब्द नहीं कहे। अयोध्या जो पीड़ा सहती रही है, उसका मोल आजकल की कुर्सी की दीमक क्या ही समझेंगी!

अयोध्या जिस बात पर मुस्कुराती है, उसकी मुस्कुराहट नफरत से भरे दिल भला क्या ही समझेंगे।

मैं फिर कहती हूं, मैं अयोध्या हूं। मुझे बनने से आजतक कभी भी ऐसे अपशब्दों का सामना नहीं करना पड़ा, जो अब हो रहा है। आज एक अदद कुर्सी तुमसे क्या छीनी, तुम छिन्न-भिन्न हो गए। तुम त्यागी अविनाशी अयोध्या को क्या ही जानोगे। सच तो यह है कि मुझे अपशब्द कहने वाले ही मेरे योग्य नही हैं, मगर मैं अयोध्या हूं, तुम्हारे इस दुस्साहस को भी क्षमा करूंगी, क्योंकि मेरा हृदय मेरे राम जैसा है।

मेरे बारे में एक बात और जान लो, मैं तुम्हारे दस रुपये की पानी की बोतल और बीस रुपये के नमकीन और चंद रुपल्ली के टूरिज्म से जीवित नहीं रहती हूं। मैं अयोध्या हूं, तुम जब नहीं थे, मैं तब भी गर्व से जीती थी, अब होकर भी न हो, तब भी गर्व से ही जिऊंगी। मैं और मेरी सरयू का पानी इतना सक्षम है कि हर अयोध्यावासी को हर विपरीत स्थिति में उनका साथ निभाए। मैं कल भी अवधेश के साथ थी, आज भी हूं, कल भी रहूंगी, तुम मेरे पर्याय को कभी नहीं समझोगे। तुम अपने अहंकार, कुर्सी की लालच और नफरत की आग में जलो, मगर मैं दुनिया को मर्यादा, प्रेम, सहिष्णुता, बराबरी और त्याग का संदेश देती रहूंगी। मैं अयोध्या थी, अयोध्या हूं और सदैव अयोध्या रहूंगी।

# गठबंधन के दो कमजोर बंधन


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी।

देश की जनता ने एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस चुनावी नतीजे की बुनियादी बात ये है कि आप जनता को और पूरे तंत्र को हल्के में लेंगे और जिस तरह से चाहेंगे, वैसे चलाने की कोशिश करेंगे तो जनता ये शायद पसंद नहीं करती। सबसे बड़ी चुनौती ये है कि मोदी जी के दस साल के कार्यकाल में सत्ता में किसी की भागीदारी नहीं थी, सिवाय खुद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के। अब वो सत्ता में भागीदारी बढ़ाएंगे, लोगों की सुनी जाएगी तो सरकार चल पाएगी।

2002 से 2024 तक तीन बार मुख्यमंत्री रहते और दो बार प्रधानमंत्री रहते उन्होंने एकछत्र राज किया। अब अचानक तालमेल और सहमति की राजनीति करना एक चुनौती होगी। अब वो इस नई भूमिका को कितना अपना पाते हैं उसी पर इस सरकार का टिकाऊपन निर्भर करता है। यानी सरकार के गठबंधन धर्म का पालन करेंगे और वाजपेयी मॉडल अपनाएंगे तो ये सरकार चला पाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि गठबंधन में तालमेल बिठाने की वाजपेयी की कुशलता ने पांच साल तक स्थिर सरकार दी।

पिछली सरकार में बीजेपी अपने दम पर 303 सीट जीती थी। ऐसे में एनडीए में शामिल सहयोगी दल पूरी तरह से बीजेपी की मर्जी पर निर्भर थे। बीजेपी नेतृत्व अपने मर्जी के आधार पर छोटे दलों को मंत्री पद मिला था, परंतु इस बार क्षेत्रीय दल बीजेपी एनडीए सरकार में अधिक मोलभाव करने की स्थिति में हैं। नीतीश कुमार का गठबंधन बदलना भारत की राजनीति में ऐसी प्रक्रिया बन गई है, जो हैरान नहीं करती, लेकिन सस्पेंस बरकरार रहता है कि वो किसे कब किंग की भूमिका में ला दें? विपक्ष के पास एक उम्मीद है कि बीजेपी के ये दो दल साइड बदल सकते हैं और यही बीजेपी के लिए चिंता भी होगी। अतीत में नायडू ने केंद्र में तीन सरकारें स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहली एच डी देवेगौड़ा की संयुक्त मोर्चा सरकार और बाद में 1996-1998 में आई के गुजराल की सरकार, इसके बाद दो बार अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बनाई।

भारत में गठबंधन राजनीति का शासन और नीति पर मिलाजुला प्रभाव रहा है। एक और गठबंधन सरकारों ने 1990 के दशक की आर्थिक उदारीकरण और यूपीए शासन के तहत सूचना का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण सुधारों और नीतियों का सफलतापूर्वक लागू किया है। दूसरी ओर गठबंधन की गतिशीलता ने कभी-कभी आर्थिक सुधारों, रक्षा खरीद और बुनियादी ढांचा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णायक कार्रवाई को बाधित किया है। गठबंधन सरकारों में स्वाभाविक रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच समझौता और बातचीत की आवश्यकता होती है। यह किसी एकल दल के प्रभुत्व पर अंकुश लगा सकता है जिससे अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी शासन को बढ़ावा मिलता है। सहमति की आवश्यकता अधिक विचारशील और सावधानीपूर्वक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की आड़ ले जा सकता है। एक गठबंधन सरकार में मंत्री पदों का आवंटन अक्सर गठबंधन भागीदारों का समायोजित करने में शामिल होता है। कभी-कभी योग्यता और दक्षता की कीमत पर। इससे शासन की गुणवत्ता और प्रशासनिक दक्षता में समझौता हो सकता है, जो सरकार के समग्र प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। जहां गठबंधन सरकार तानाशाही को रोकने में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है, वे चुनौतियों से मुक्त नहीं है।

सहमति की आवश्यकता नीति गतिरोध और धीमे निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को जन्म दे सकती है। इसके अतिरिक्त, गठबंधन सरकार की स्थिरता अस्थिर हो सकती है, क्योंकि गठबंधन सहयोगियों के बीच असहमति सरकारी अस्थिरता या यहां तक कि पतन का कारण बन सकती है। एक ऐसे युग में जहां लोकतांत्रिक मूल्य बढ़ते खतरे में हैं, गठबंधन सरकारें तानाशाही शासन के खिलाफ एक मजबूत तंत्र प्रदान करती हैं। कई पार्टियों के बीच शक्ति साझा करके और बातचीत तथा उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देकर, गठबंधन सरकारें लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं। यद्यपि उनकी जटिलताएं कम नहीं हैं।

## सोशल फोरम

# वक्त से मात खा गए

एक्स बिजली कर्मी रहा हूं, लेकिन फिर भी हमेशा डर लगा रहता है कि ऐसा न हो कि हम दोस्त से बिंदास गले मिलकर हाल-चाल पूछें और वो पलटवार कर दे-आप बिजली वालों के राज में जी रहे हैं, बस। बिजली वालों की गलतियों और हिमाकतों को डिफेंड करते-करते हमारी तो बैंड बज चुकी है।

किसी का बिल ठीक कराना टेढ़ी खीर है। बिल ठीक करने वालों ने अपने पिताजी की नहीं सुनी तो हम रिटायर कर्मी की क्या सुनेंगे? जब-जब बत्ती जाती है तो मेमसाब और बच्चे बत्ती वालों की पुंगी बजा देती हैं। लपेटे में हम भी आ जाते हैं। वैसे गर्मियों में बिजली की आवाजाही ज्यादा रहती है। सप्लाई कम और लोड ज्यादा। घर-घर में एयर कंडीशनर लगा है।


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

बेचारे बिजली कर्मी चाहे तप्ती धूप हो या अंधेरी रात, आंधी हो तूफान, जुटे रहते हैं फाल्ट तलाश कर उसे ठीक करने में। बिजली महंगी होती है तो मोहल्ले के तमाम लोग वाले हमें घूर कर देखते हैं। उस दिन एक मित्र के घर गए। अभी बैठने को हुए ही थे कि बिजली चली गई। कमेंट सुनने को मिल गया लो आप आए और बत्ती गई। हमें याद आता है कि 1963 में लखनऊ की बिजली सप्लाई एक प्राइवेट कंपनी मार्टिन बर्न के हवाले थी जिसका मुख्यालय कलकत्ता में होता था। उन दिनों हम लखनऊ के चारबाग स्टेशन के सामने मल्टी स्टोरी रेलवे कॉलोनी में रहते थे। हमारी कॉलोनी की बिजली रेलवे स्टेशन से जुड़ी थी। मौजां ही मौजां थी।

बिल का पेमेंट पिताजी के वेतन से कट जाता था। छटे-छमाही ही बत्ती गुल होती थी, लेकिन जब जाती थी तो कई-कई घंटे नहीं आती थी। उस जमाने के लोग भी बड़े सब्र वाले होते थे। बर्दाश्त कर लेते थे। उस दौर में न तो हर किसी के घर एयर कंडीशनर था और न हीटर गीजर, न टीवी और न वाशिंग मशीन। रेडियो भी चुनिंदा घरों में था। आजकल तमाम घरों में इंवर्टर जनरेटर लगा है, मगर दस मिनट बिजली न आए तो परेशान हो जाते हैं। अरे भई एयर कंडीशनर तो बिजली से चलेगा, इंवर्टर से नहीं। इधर बिजली से चलने वाले ऐशो आराम के आइटम बढ़ रहे हैं, लेकिन उस हिसाब से बिजली का प्रोडक्शन नहीं। बस बिजली वाले यहीं वक्त से मात खा गए।

-फेसबुक वॉल से

# बापू, लोकसभा चुनाव और वाल्मीकियों की उदासी

जब राजधानी ने पिछली 25 मई को लोकसभा चुनावों के लिए मतदान किया, तब यहां के मंदिर मार्ग स्थित ऐतिहासिक वाल्मीकि मंदिर में उत्साह और उम्मीद का माहौल था। इस वाल्मीकि मंदिर का गांधी जी से भी गहरा संबंध रहा है। वे यहां रहे थे। यहां पाकिस्तान से भी वाल्मीकि आते रहे हैं। वाल्मीकि मंदिर का कामकाज देखने वाले कृष्ण विद्यार्थी और उनके साथियों को उम्मीद थी कि ईस्ट दिल्ली का चुनाव नतीजा मील का पत्थर साबित होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने वाल्मीकि समाज से संबंध रखने वाले अपने दिल्ली विधानसभा के सदस्य कुलदीप कुमार को गैर-आरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया। जाहिर है यह एक बड़ा फैसला था।


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

हालांकि जब 4 जून को कुलदीप कुमार की हार की खबर आई, तो कृष्ण विद्यार्थी और वाल्मीकि समाज के दिल टूट गए। एक सफाई कर्मी के पुत्र, कुलदीप कुमार का बचपन कठिनाइयों से भरा था। कुलदीप कुमार का परिवार यूपी के मोदीनगर से है। राजधानी में अधिकांश वाल्मीकि परिवार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से या हरियाणा से आकर बसे थे। बापू, 214 दिन और बाबा साहेबः गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर को अपना आदर्श मानने वाले कुलदीप कुमार पहले नगर निगम पार्षद बने और फिर विधायक। राजधानी के दिल में स्थित मंदिर मार्ग पर वाल्मीकि मंदिर है, जहां महात्मा गांधी 1 अप्रैल, 1946 से 10 जून, 1947 तक 214 दिनों तक रहे। देशभर के वाल्मीकि समाज के लिए यह बेहद अहम स्थान है।

महात्मा गांधी शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। स्वच्छता मिशन की शुरूआतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2014 को इसी वाल्मीकि मंदिर से की थी। नरेंद्र मोदी ने वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरुआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे।

पाकिस्तान के भी वाल्मीकिः वाल्मीकि मंदिर में भारत के साथ-साथ पाकिस्तान के भी वाल्मीकि और कुछ ईसाई भी पहुंचते रहे हैं कृष्ण विद्यार्थी से मिलने के लिए। ईसाई भी? पाकिस्तान के पंजाब सूबे के ईसाई समाज का अध्ययन करने वाले दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि "पाकिस्तान के पंजाब सूबे के लगभग सभी ईसाई मूल रूप से वाल्मीकि थे। वे ईसाई बनने के बाद भी ज्यादातर मामलों में सफाई कर्मी ही हैं। भारत के विपरीत, उनके पास रोजगार या शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का अभाव है। उनक जीवन में सिर्फ अंधेरा है।" दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना की थी।

दुर्भाग्य से पाकिस्तान में गांधी जैसा कोई मसीहा नहीं हुआ, जिन्होंने वाल्मीकि समुदाय को मैला उठाने के काम से मुक्ति दिलवाने की दिशा में सोचा हो। अगर भारत में वाल्मीकि समाज को गांधी का सहारा न मिलता तो कुलदीप कुमार जैसे नौजवान अपने पुरखों के काम को ही कर रहे होते। कहने की जरूरत नहीं है कि हिन्दू समाज के सामाजिक पिरामिड में वाल्मीकि सबसे निचले पाएदान पर माने जाते हैं। अपने घर के आसपास की किसी भी वाल्मीकि बस्ती में जाएं तो आपको मालूम चल जाएगा कि यह समाज कितनी विषम परिस्थितियों में जीने के लिए मजबूर है। ये अब भी प्रायः मैला उठाने से लेकर कचरे की सफाई के काम से ही जुड़े हैं। यह इतना महत्वपूर्ण काम भी मेहनत और तन्मयता से करते है, यह देखकर आपके मन में इनके लिए सम्मान के भाव के अतिरिक्त कुछ नहीं आ सकता।

# अयोध्या के अवधेश

अयोध्या वालों को कोसना बेकार है। गैर भाजपा से जीतने वाले, अवधेश पासी भी को उन्हीं राम ने बनाया है, जिनने हम सबको बनाया है। राम पर उनका भी उतना ही अधिकार है, जितना किसी और का। संभव है, वे जन्म-जन्मांतर के किसी जीवन में राम के अति निकट रहे हों या कौन जाने इसी जीवन में राम के प्रति उनका सच्चा समर्पण और कठिन साधना रही हो जिसका उन्हें सुफल मिला है। (ध्यान-साधना नितांत व्यक्तिगत एवं गोपनीय चीजें हैं। न इनका बखान किया जाता है, न ही प्रदर्शन।)


ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

राम की आन थी कि जो भी उनकी शरण में आता था, उसकी वे रक्षा करते थे। कहते हैं, जब रामेश्वरम का सेतु बन चुका था और लोग राम के नाम का गुणगान कर रहे थे, उसी समय रावण मंदोदरी को अपनी महिमा दिखाने के लिए मंदोदरी को लेकर समुद्र तट पर आया। उसने एक पत्थर उठाया, उसे मुंह तक ले जाकर कुछ कहा और फिर जब उसे समुद्र में छोड़ा, तो वह पत्थर भी तैरने लगा। मंदोदरी ने यह देखा, तो उसने अतीव विस्मित होकर कहा, "नाथ! आपने कौन सा मंत्र पढ़ा था कि यह पत्थर तैरने लगा।" रावण ने कहा, "मैंने पत्थर के कान में कोई मंत्र नहीं पढ़ा था, बस यह कहा था कि राम यदि तुम्हारा नाम सच्चा है तो तुम्हें अपने नाम की सौगंध है, यह पत्थर भी डूबे नहीं, तैरने लगे।"

संभव है, अवधेश ने भी राम को सच्चे मन से ध्यान कर कुछ ऐसा ही किया हो। फिर एक बड़ी बात यह भी कि दोनों ही अवधेश ठहरे। दाता भी अवधेश और याचक भी अवधेश। राम को कोल, किरात, भील, पासी वैसे भी अधिक प्रिय रहे हैं। ऐसे में एक अवधेश की सहायता दूसरा अवधेश नहीं करता, तो कौन करता।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत, दी तहरीर

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। खेत से निकली हाईटेंशन विद्युत लाइन के खम्भे में अचानक करंट उतरने से उसकी चपेट में आए एक बेजुबान जानवर की झुलस कर मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेनीगंज देहात के ग्राम खेरवा निवासी बिरजू ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार को वह अपनी भैंस को घर से खेत पर ले जा रहे थे, खेत में लगे तारों में हाईटेंशन लाइन का करंट उतरने से उसकी गर्भवती भैंस की मौत हो गई।

### मानसिक रूप से बीमार किशोर ने लगाई फांसी

कोथावां, हरदोई। घर में अकेले छूटे मानसिक रूप से अस्वस्थ किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ऊधा पत्नी कल्लू रैदास निवासी ग्राम ऊगपुर थाना बेनीगंज ने बताया कि शुक्रवार को वह किसी काम से घर से बाहर निकली थी। इस बीच घर में अकेले उसके मन्दबुद्धि मानसिक बालक शोभित (12) ने कमरे के अन्दर छत पर लगे कुंडे से गले में दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली।

### साथी के निधन पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

हरदोई। अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह तोमर के असामयिक निधन पर अधिवक्ता संघ की हुई आमसभा की बैठक में वकीलों ने गहरा दुख व्यक्त किया तथा दो मिनट का मौन रखकर कर ईश्वर से मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक प्रस्ताव पारित किया। शोक प्रस्ताव पारित होने के बाद वकीलों ने उनके सम्मान में अदालती कामकाज ठप रखा। यह जानकारी संघ के महामंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने दी है।

### भाईयों के बीच चले लाठी-डंडा, तीन घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम टुरमुकी में दो भाइयों में पुरानी राजिंश को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्र लेकर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# कारोबारी को दोस्तों ने लगाया 95 लाख का चूना

संवाददाता, हरदोई




**धोखाधड़ी**

- मत्स्य पालन प्रोजेक्ट में घाटा दिखाकर हड़प ली रकम
- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों पर दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार।** एक करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से तैयार मत्स्य पालन प्रोजेक्ट में कारोबारी के दोस्तों ने घाटा दिखाते हुए 95 लाख रुपयों के गबन कर दिया। दोस्तों की कारस्तानी का पता होने के बाद पीड़ित कारोबारी ने पुलिस को तहरीर दी। लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई। कोर्ट के आदेश पर टड़ियावां पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ गबन करने और धमकी देने का केस दर्ज किया है।

पिहानी कस्बे के मोहल्ला मिश्राना निवासी आशुतोष बाजपेई ने कोर्ट में दाखिल की अर्जी में कहा था कि वह मत्स्य कारोबारी है। उसी के मोहल्ले के अभय बाजपेई के अलावा पिहानी कोतवाली के जरेली निवासी अश्वनी कुमार सिंह, अमित सिंह, झांसी के ताल बेहटा निवासी गौरव शंकर त्रिपाठी, सीतापुर के प्रेमनगर निवासी मयंक जेगवानी और कोतवाली शहर के बोर्डिंग हाउस निवासी विनय पाण्डेय ने कारोबार को बढ़ाने के साथ साथ जुड़ने की बात कही। सारी बातचीत के बाद शर्तें तय हुई और टड़ियावां के सिकरोहरी में 20 एकड़ के तालाब में एक करोड़ 25 लाख का प्रोजेक्ट बन कर तैयार होने के बाद सितंबर 2019 में शुरु हो गया।

कुछ दिनों तक सब कुछ सही रहा,उसके बाद लेनदेन की बात करने पर उसे घाटा होना बताया जाने लगा। आशुतोष बाजपेई का कहना था कि धीरे-धीरे कर लाखों रुपयों का घाटा होना बताया जाने लगा। लेकिन जब उसने उन्हीं दोस्तों से सफाई मांगी तो उन्होंने दुश्मनों जैसा रवैया अपनाना शुरु कर दिया और इस बारे में कहीं भी मुंह खोलने पर जान से मार डालने की धमकी देने लगे। आशुतोष ने कोर्ट को बताया कि उसके साथ 95 लाख रुपयों का गबन किया गया। जिसका केस दर्ज कराने के लिए वह पुलिस के पास पहुंचा था, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया, फिर थक-हार कर कोर्ट में अर्जी दाखिल की। पूरे मामले पर गौर करने के बाद कोर्ट ने पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया, जिस पर टड़ियावां पुलिस ने पांचों लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# फिरौती के लिए अपहरण व हत्या में आजीवन कारावास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला व सत्र न्यायाधीश राजकुमार सिंह ने एक फैसले में फिरौती के लिए अपहरण व हत्या के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जज ने आरोपी पर 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जिसे अदा न करने पर अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली देहात के पेनी पुरवा निवासी अल्ताफ ने 26 जनवरी 2011 को 11 वर्षीय बालक फैज का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया। जिसके बाद उसकी हत्या कर दी इस मामले के रिपोर्ट फैज के पिता मुजाहिद हुसैन ने दर्ज कराई स्त्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित को फिरौती के लिए अपहरण करने और हत्या के मामले में आरोपी पर जुर्म साबित पाया।

# हादसे में सराफा कारोबारी की मौत, चार घायल

## सीतापुर रोड पर इटौली तिराहे पर ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ममेरे दामाद की गुम हुई बेटी को ढूंढने निकला लखनऊ का सराफा कारोबारी अपने रिश्तेदारों के साथ कार से लौट रहा था, उसी बीच सीतापुर रोड पर इटौली तिराहे के पास तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने कार में टक्कर मार दी, जिससे सराफा कारोबारी की मौत हो गई और उस पर सवार चार लोग घायल हो गए। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



रोते-बिलखते परिजन व मृतक की फोटो (इनसेट में)। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार लखनऊ के मिरानपुर पिनवट थाना सरोजनी नगर निवासी 39 वर्षीय महेन्द्र पुत्र कालीचरन लखनऊ के ही दरोगाखेड़ा में सराफा का कारोबार करता था। 5 जून को आलमबाग निवासी उसके ममेरे दामाद दीपक की 16 वर्षीय पुत्री कहीं गुम हो गई। उसका मोबाइल सर्च किया जा रहा था। गुरुवार को प्रताप नगर चौराहे के आस-पास उसकी लोकेशन मिलने पर दीपक महेन्द्र, महेन्द्र के 30 वर्षीय दामाद शीलू पुत्र कन्हैया लाल निवासी लोन्हा थाना बंथरा लखनऊ दो और रिश्तेदारों के साथ स्विफ्ट कार से उसे ढूंढने आया हुआ था। शुक्रवार की सुबह सभी कार सवार वहीं से वापस लौट रहे थे।

बताते है कि उसी बीच टड़ियावां थाने के इटौली तिराहे पर तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने कार में ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे महेन्द्र की मौत हो गई और उसका दामाद शीलू, ममेरा दामाद दीपक के अलावा दोनों रिश्तेदार ज़ख्मी हो गए। इसका पता होते उसके घर वालों में कोहराम मच गया। महेन्द्र अपने दो भाइयों में छोटा था।उसके बड़े भाई भारत ने बताया कि महेन्द्र के तीन बेटे और एक बेटी है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### हादसे में मारे गए व्यापारी का हुआ अंतिम संस्कार

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलेरगंज के रहने वाले प्रमुख व्यवसायी पवन अरोड़ा के जेष्ठ पुत्र विशाल अरोड़ा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर पाकर उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी नर्मदा स्थल स्थित अंत्येष्टि स्थल पर पहुंची और मृतक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया। तत्पश्चात उच्च शिक्षा मंत्री जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत के दामाद की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के पश्चात लाला राम राजपूत के परियल आवास पहुंचीं और परिजनों से मिलकर उनके दुख को बांटा और ढांढस बंधाया। इस मौके के पर नगर अध्यक्ष पिंटू पांडे, कार्यालय प्रभारी सुभाष रस्तोगी, आसाराम राठौर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



व्यापारी के अंत्येष्टि कार्यक्रम में श्मशान घाट पहुंचीं राज्य मंत्री रजनी तिवारी।



करंट लगने से युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

### घर में बिजली सही कर रहे युवक की करंट से मौत

हरदोई, अमृत विचार। ई-रिक्शा चला कर अपने बच्चों की परवरिश कर रहा युवक शुक्रवार की सुबह अपने घर में रात में खराब हुई बिजली सही कर रहा था, उसी बीच करंट की चपेट में आने से उसकी वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसकी जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली देहात के आशा गांव निवासी 30 वर्षीय रजनीश पुत्र महेश प्रसाद खेती-बाड़ी के अलावा ई-रिक्शा चला कर अपने और अपनी पत्नी व दो बेटियों का पेट पाल रहा था। गुरुवार की रात में उसके घर की बिजली खराब हो गई थी। जैसे-तैसे सुबह हुई। उसकी पत्नी और बेटियां सो रहीं थी। उसी बीच रजनीश बिजली सही करने लगा, तभी अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते घर वाले जाग गए और उनका शोर सुन कर उसके भाई बलवीर व इंस्पेक्टर दौड़ पड़े। गांव में हड़कंप मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

# बैंक मित्र व मैनेजर पर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** पाली थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी युवक ने कोर्ट के आदेश पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाकर बैंक मित्र और शाखा प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि उसने थाना स्थानीय पर एवं उच्चअधिकारियों से शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली।

पाली थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी सोनपाल ने अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम हरदोई के न्यायालय में वाद दायर करके बताया था कि उसने बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा अल्लाहगंज जनपद शाहजहांपुर से किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण लिया था, जिसका भुगतान वह नहीं कर सका। शाखा प्रबंधक अपने सहयोगी बैंक मित्र अनूप सिंह निवासी जमलापुर के साथ उसके घर आए और लोन का भुगतान किस्तों में जमा करने को कहा। बैंक मित्र अनूप सिंह उससे किस्त प्राप्त करता रहा, जिस पर विश्वास करके उसने फोन पे के जरिए दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 तक अलग-अलग तिथियों पर 95000 रुपए व शेष एक मुस्त 55000 रुपए नगद देकर लोन का भुगतान कर दिया। जब वह बैंक शाखा में नो ड्युज लेने गया तो शाखा प्रबंधक ने नो ड्युज देने से इनकार कर दिया और बताया कि उसका पैसा जमा नहीं हुआ है। बैंक मित्र को फ्रॉड के चलते हटा दिया गया है। उससे कुल डेढ़ लाख रुपए की ठगी हुई है।



**समर कैंप में बच्चों ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग**

हरदोई,अमृत विचार। शुक्रवार बहादुर बेटियां फाउंडेशन ने आरआर इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप के द्वितीय दिन बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों को कलश सज्जा, क्राफ्ट, डांस, मेहंदी, मार्शल आर्ट की जानकारी दी गई। बहादुर बेटियां फाउंडेशन की संस्थापक कुसुम लता रेशमा गुप्ता ने बच्चों से मन लगाकर सीखने को कहा। माधवी श्रीवास्तव कलश सज्जा व पारंपरिक चौक, मार्शल आर्ट में हर्ष, क्राफ्ट में अमिता गुप्ता, योग में गीता गुप्ता, डांस में अंकित मिश्रा और शफी ने बच्चों को सिखाया। इस दौरान अनिल श्रीवास्तव, माधवी श्रीवास्तव, नीलम जिंदल, स्नेह लता गुप्ता व अमन नागर मौजूद रहे।

### पूर्व नगर अध्यक्ष का बीमारी के चलते निधन

**हरदोई, अमृत विचार।** पूर्व नगर अध्यक्ष श्रीनिवास अग्रवाल का गुरुवार रात कई वर्षों से प्रभावित बीमारी के चलते निधन हो गया। इन्होंने अपने कार्यकाल में कछौना को विकास का नया आयाम दिया था। अपने पीछे दो पुत्र अचल अग्रवाल, निखिल अग्रवाल व पुत्री सलोनी अग्रवाल को छोड़कर चले गए। इनका अंतिम संस्कार मेंहदी घाट पर किया गया है। मुखाग्नि बड़े पुत्र अचल अग्रवाल ने दी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने पूर्व नगर अध्यक्ष पति जगदीश गुप्ता, सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल, वर्तमान नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज शुक्ला, जय भगवान अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, रवि गुप्ता, ओमप्रकाश मिश्रा सहित तमाम लोग आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### भाजपा विधायक से बताया जान का खतरा



प्रेसवार्ता करते राजवर्धन सिंह।

हरदोई, अमृत विचार। पाली कस्बे में मृतक युवराज सिंह के घर शोक संवेदना व्यक्त करने गए बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू ने क्षेत्रीय विधायक पर गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने की बात कही है। गुरुवार को प्रेसवार्ता कर उन्होंने विधायक से जान का खतरा बताया। विधायक के खिलाफ कार्यवाही करने व अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री को एक पत्र भी भेजा है। सवायजपुर क्षेत्र से प्रत्याशी रहे राजवर्धन सिंह राजू ने सवायजपुर के विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। श्री सिंह ने कहा कि वह युवराज सिंह के घर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे, उसी समय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी वहां आ गए। श्रद्धांजलि देने के बाद वह अपने घर वापस चले आए। जिसके बाद विधायक व उनके भाई वाहनों का काफिला लेकर मृतक के गांव इस्मालपुर पहुंचे, वहां उन्होंने घर में घुसकर महिलाओं को गाली गलौज करते हुए धमकाया और यह भी कहा कि अगर दोबारा राजवर्धन को बुलाया तो अच्छा नहीं होगा। सभी को मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवा दूंगा। श्री सिंह ने कहा कि विधायक ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है।

### झूठा केस दर्ज करने को लेकर सीओ से मिले सभासद

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका परिषद के सभासद आदित्य कुमार गौतम के विरुद्ध 3 जून को शाहाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा भूसे के गूंगे में आग लगा देने का फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद सभासदों में आक्रोश है। सभासदों ने इस संबंध में क्षेत्राधिकारी से मुलाकात कर शाहाबाद कोतवाली पुलिस के बिना जांच पड़ताल किए दबाव में रिपोर्ट लिखने की शिकायत की। कहा गिगियानी मोहल्ले के रहने वाले अमित राठौर ने रंजिश के चलते 3 जून को रात 9 :45 पर उसके ऊपर भूसे के गूंगे में आग लगाने की फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई है। सभासद ने बताया अमित राठौर से उसकी रंजिश चल रही है। सभासद ने बताया अमित राठौर पर शाहाबाद कोतवाली में कई आपराधिक मामले दर्ज है। सभासदों ने क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा से मिलकर निष्पक्ष जांच करने और फर्जी मुकद्दमा समाप्त करने की मांग की है।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण तथा मानसिक रोगियों के निवारण विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने निरीक्षण के दौरान बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे जानकारी प्राप्त की। जेल प्रशासन व एलएडीसी को बंदियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। अपर जिला जज ने जागरूकता शिविर में उपस्थित बंदियों को खुश रहने व अनावश्यक मानसिक तनाव न लेने के लिए प्रेरित किया, डॉ. पंकज मिश्रा व डॉ. अंशु सूरी द्वारा शिविर में उपस्थित बंदियों को मानसिक रोगियों के लक्षण व बचाव के विषय मे विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा प्रतिदिन व्यायाम करने हेतु प्रेरित किया।

### घूस लेने में जेई व लाइन मैन पर मुकदमा दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। शाहाबाद 33 केवीए विद्युत सब स्टेशन पर तैनात जेई और संविदा लाइनमैन के खिलाफ रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया गया है। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम गजियापुर निवासी सोनपाल से निजी नलकूप के कनेक्शन के नाम पर अवर अभियंता द्वारा ने संविदा लाइनमैन के माध्यम से घूस मांगी थी। पीड़ित की सूचना पर एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को पाली विद्युत उपकेंद्र पर रिश्वत लेते हुए संविदा लाइनमैन अविनाश को गिरफ्तार किया। अविनाश द्वारा एंटी करप्शन टीम को बताया गया कि उसने यह रकम अवर अभियंता संतोष निषाद के कहने पर ली है। एंटी करप्शन टीम अविनाश को पकड़कर 33 केवीए विद्युत सब स्टेशन शाहाबाद पहुंची। जहां से अवर अभियंता संतोष निषाद भनक लगते ही फरार हो गए। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी नुरुल हुदा खान ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी एचडीसीए

हरदोई। हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अतुल मिश्रा ने बताया कि क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की तरफ से 10 मई से आयोजित अंडर-19 अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में किया गया है। जिसमें पूल-ए व पूल-बी होंगे। प्रत्येक पूल में 3-3 टीमें प्रतिभाग करेंगी। हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की टीम को पूल-ए में रखा गया है। हरदोई जिले के मैच 11 जून को उन्नाव के साथ और 12 जून को बाराबंकी के साथ होंगे। जिसमें हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से निम्नलिखित 20 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें शेखर राणा, हर्ष गुप्ता, वेद वेदांत त्रिवेदी, अभय प्रताप सिंह, कपिल वर्मा, तन्मय सिंह, विकास कुमार, विशाल कुमार, अनिकेत वर्मा, अवनेंद्र सिंह उपेंद्र कुमार, सत्यम मिश्रा, नमन गुप्ता, आर्यन तोमर, आयुष वर्मा, सुखदेव, कुलदीप यादव, हार्दिक गंगवार, हिमांशु पाल तथा नैतिक कुमार आदि शामिल हैं।

# मारपीट कर छीना बच्चा

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार

थाना क्षेत्र के रहुला गांव में एक महिला को ससुरालीजनों ने पीटा गोद में खेल रहे 10 माह के बच्चे को छीन कर महिला को घर से बाहर निकाला पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला शबनम का कहना है कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से एक वर्ष पूर्व मोबीन के साथ बिलग्राम थाना क्षेत्र के रहुला गांव में हुई थी। इस दौरान उसके चाचा ने हैसियत के अनुसार शादी में पैसे खर्च किये थे लेकिन शादी के बाद से ही उसके पति, मोबीन चचिया ससुर शफीक व सास नूर जहां कम दिये गये दहेज से खुश नही थे इसलिए आये दिन उसे ताने देते रहते तथा दहेज में बाइक की मांग करने लगे। जब उसने दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो वो उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया वही पीड़ित महिला शबनम के 10 माह के बच्चे को भी छीन लिया जब इसकी सूचना महिला शबनम ने पुलिस को दी तो पुलिस ने पीड़ित महिला को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि महिला की तहरीर पर जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उस के हिसाब से कार्रवाई होगी।।

# रेडक्रास सोसाइटी ने अग्निकांड के पीडितों को पहुंचाई आर्थिक सहायता

**हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड टड़ियावां के ग्राम फुकहा में लगी भीषण आग में रेडक्रास सोसाइटी ने पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया है। 5 जून की रात्रि में ग्राम फुकहा, टड़ियावां में आग ने ताड़व करते हुए 37 परिवारों से अधिक घरों को अपने आगोश में ले लिया। जिसमें कई मवेशी भी आग से जलकर मर गये तथा काफी राजस्व की भी हानि हुई। सभापति डॉ. रमेश अग्रवाल के निर्देश पर उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में आपदा अध्यक्ष महेश चन्द्रा व आपदा प्रभारी लक्ष्मीकान्त मिश्रा, एम्बुलेन्स ड्राइवर फरीद ने मौके पर पहुंचकर अग्निपीड़ितों को तिरपाल, किचनसेट, हाईजिन किट, सूती धोती, टी-शर्ट, मच्छरदानी आदि देकर राहत पहुंचाई। अग्निपीड़ितों ने सामग्री प्राप्त कर हर्ष व्यक्त किया और रेडक्रास सोसायटी की मदद के लिए धन्यवाद दिया। रेडक्रास सोसाइटी द्वारा सबसे पहले मदद पहुंचाने के लिए सभापति ने आपदा टीम की प्रशंसा की और आगे भी हर सम्भव मदद के लिए आश्वासन दिया।

# जीआरपी थाने के बाहर खड़ी रेलकर्मी की बाइक हुई चोरी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बीते दिन रेलवे स्टेशन पर एक ओर डीआरएम निरीक्षण कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर स्टेशन परिसर में खड़ी रेल कर्मी की बाइक चोरी हो गई। एक ओर जहां राजकीय रेलवे पुलिस चोरों पर लगाम लगाने के दावे कर रही है, वहीं चोरों ने जीआरपी थाने के बाहर खड़ी बाइक पर हाथ साफ कर दिया।

अभी कुछ दिन पूर्व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हरदोई रेलवे स्टेशन के निरीक्षण को आए थे यहां पर पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ द्वारा जीआरपी थाने, स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म फुटओवर ब्रिज का गहनता से निरीक्षण किया और जीआरपी थाना अध्यक्ष समेत पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस उपाध्यक्ष रेलवे द्वारा सतर्कता के दिए गए निर्देश के एक हफ्ते के अंदर ही चोरों ने जीआरपी की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए।

# भुगतान की नई व्यवस्था के खिलाफ प्रधानों में रोष, पहुंचे कलेक्ट्रेट

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों के भुगतान में गेटवे से होने में पंचायत सहायकों का ही फेस लगाए जाने से नाराज प्रधानों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। प्रधानों ने जिला प्रशासन के माध्यम से आठ सूत्री ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा।



मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष संपूर्णानंद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रधानों ने कहा कि सरकार ने एक नया आदेश जारी किया है, जिसमें भुगतान के लिए खोला जाने वाला गेटवे सिर्फ पंचायत सहायकों के फेस रीडिंग से खुलेगा। प्रधानों का कहना है कि गेटवे पोर्टल सिर्फ ग्राम पंचायत सचिवों के फेस से न खोल कर प्रधान व सचिव के संयुक्त रूप से फेस से खोला जाए या पहले वाली प्रक्रिया जारी रखी जाए। प्रधानों का मानदेय का पांच हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये किया जाए। मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का भुगतान सात दिन में कराया जाए। प्रधानों ने यह भी कहा कि मनरेगा में दैनिक मजदूरी 237 रुपये है, जबकि निजी क्षेत्र में मजदूरी अधिक मिलती है। इस कारण श्रमिक मनरेगा में कार्य करने से कतराते हैं। इनकी मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये की जाए। मनरेगा के तहत कराए गए कच्चे व पक्के कार्यों का भुगतान प्रधान व सचिव के डोंगल से ग्राम सचिवालय से भी कराने की व्यवस्था की जाए। पंचायतों को गांवों में नक्शा पास करने का अधिकार दिया जाए, जिससे अवैध कब्जों पर रोक लग सकेगी। जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में खोदी गई सड़क का निर्माण कराया जाए। मनरेगा में श्रमिकों की हाजिरी ऑनलाइन लगाने के निर्देश हैं, जबकि तमाम ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क नहीं मिलता है इस कारण कार्य कराने में काफी दिक्कत आती है इस व्यवस्था को समाप्त किया जाए।

प्रधानों ने यह भी कहा कि अधिकांश पंचायतों में पंचायत सहायक नहीं है। ऐसे में कई पंचायतों का चार्ज एक ही सहायक के पास है। फेस रीडिंग प्रक्रिया से भुगतान कराने में प्रधानों को काफी दिक्कतें आएंगी।

प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्री मांगों को सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस अवसर पर अंशू सिंह प्रधान खेतुई, रनवीर सिंह, नंदराम, वसीक, जयप्रकाश, रामशरण, भानु प्रताप सिंह गौर, मदनपाल, रेखा देवी, रीता देवी, सुंदर लाल, रामवती सहित दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।

## एक नजर

### बीजों पर दिये जाने वाले अनुदान की दी जानकारी

**लहरपुर**। क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानपुर सादात में शुक्रवार को खरीफ किसान पाठशाला का आयोजन प्रधान प्रतिनिधि सत्तार की अध्यक्षता में किया गया। पाठशाला में सहायक विकास अधिकारी कृषि राज कुमार वर्मा ने किसान पाठशाला में उपस्थित किसानों को खरीफ फसलों मे बोई जाने वाली प्रमुख फसलें धान और मक्का से संबंधित तकनीकी जानकारी जैसे बीज और भूमि शोधन और कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे बीज, रसायन, मानव जीवन मे श्री अन्न की उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने कृषि यंत्रीकरण और सिंचाई हेतु सोलर पंप का स्थापना और और बीजों पर किसानों को दिए जाने वाले अनुदान के बारे में भी विस्तार से बताया। किसान पठशाला में किसानों को हरी खाद, कम्पोस्ट खाद का प्रयोग, गहरी जोताई व खेतों की मेड़बंदी आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से सचिव प्यारेलाल, पंचायत सहायिका मनीषा देवी एवं ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

### पत्रकार के पिता की बरसी में पहुंचे कारागार राज्यमंत्री

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार**। एक दैनिक समाचार पत्र के जिला संवाददाता अनुज शुक्ल के पिता का 16 जुलाई 2023 को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। गुरुवार को निज निवास गांव उल्जापुर में काली माता मंदिर पर वर्षी कार्यक्रम कर श्रद्धांजलि दी गई। वर्षी कार्यक्रम में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने पहुंचकर स्व. पिता जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। स्वर्गीय प्रताप नारायण शुक्ल जी की आत्मा शांति हेतु आचार्यों ने वर्षी कार्यक्रम में पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कपिल सिंह सहित क्षेत्रीय पत्रकार शामिल रहे।

### युवती को दिया तीन तलाक

**लहरपुर**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर नेवादा निवासिनी हदीसुन पुत्री समीम खान ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी मार्च 2019 में ग्राम चकजोशी मजरा नवी नगर निवासी मुजाहिद खान के साथ उचित दहेज देकर की गई, परंतु उसका पति व नन्दोई नसीर अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल व सोने की जंजीर की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। विगत एक मई 24 को पति व नन्दोई ने असलहा से मारने का प्रयास किया। मेरे एक 5 वर्ष का पुत्र व 3 वर्ष की पुत्री भी है। मेरे पति ने तीन बार तलाक तलाक तलाक बोलकर जेवर व कपड़ा छीनकर घर से भगा दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि अपराध दर्ज कर पति, नंद, जेठ व नन्दोई के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# ट्रिपिंग के साथ लगातार जल रहे विद्युत उपकरण

## भवानीपुर उपकेन्द्र से जुड़े आधा दर्जन मोहल्लों की आबादी बिजली की समस्या से प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार**। गुरुवार की सुबह आंधी पानी के बाद मौसम ने करवट तो ली, लेकिन शुक्रवार को तापमान में बढ़ोतरी होने से भीषण गर्मी ने और तेज धूप ने फिर लोगों को परेशान किया है। गुरुवार की अपेक्षा तापमान में 3 से 4 डिग्री उछाल मारकर शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के बीच बिजली की हर 15 मिनट पर होने वाली ट्रिपिंग से लोग परेशान हैं। हर घंटे पर जल रहे विद्युत उपकरण ने लोगों को परेशानी को बढ़ा दिया है। भवानीपुर उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं को हर घंटे विद्युत समस्या के लिए जूझना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी के तल्ख तेवर ने हल्की बारिश के बाद लोगों का उमस से जीना मुहाल कर दिया है। शुक्रवार को आसमान से बरसती आग ने सड़कों पर लोगों का निकलना दुश्वार किया है। तपती धूप में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं रोजमर्रा की जिन्दगी से जुड़े लोग सड़कों पर गमछे और महिलाएं दुप्पटे से मुंह ढककर निकलने को मजबूर हुए है। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही विद्युत ट्रिपिंग ने लोगों को गर्मी से अधिक बेहाल कर दिया है। हर 10 मिनट में होने वाली ट्रिपिंग लोकल फाल्ट के नाम पर लम्बी कटौती के रूप में हो रही है।

### मुश्किल

▶▶ एसडीओ ने स्थलीय निरीक्षण कर समस्या से निजात दिलाने का दिया आश्वासन

लगातार ट्रिपिंग की समस्या से विद्युत उपकरण भी चलने से पहले ही बंद हो जा रहे है। शहर के भवानीपुर उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं को गुरुवार सुबह आंधी पानी आने के 24 घंटे बाद भी विद्युत व्यवस्था पटरी न आने से लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। दिन से लेकर रात तक लगातार अधिक लोड बढ़ने से तारों के जलने और ट्रांसफार्मर से जुड़े उपकरण जलने की समस्या गुरुवार रात भर लगी रही। जल्द ही समस्या से निजात न मिलने पर उपकेन्द्र से जुड़े मोहल्ला श्री नगर, विकास नगर, यादव कॉलोनी और खूबपुर स्थित अन्य इलाके के उपभोक्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से एकत्रित होकर विद्युत विभाग के अफसरों का घेराव करने की योजना बनाई है।



अधिक लोड होने पर केबल में लगी आग के बाद उपकेंद्र पर पहुंचे नाराज उपभोक्ता।

### रात में जल रहे उपकरण और केबल

गुरुवार को दिन भर लाइन दुरुस्तीकरण के नाम पर गायब रही करीब 18 घंटे की कटौती के बाद जब देर रात लाइट पहुंची तो कुछ ही मिनटों में लोड अधिक बढ़ने से ट्रांसफॉर्मर से जुड़े उपकरण भरभराकर जल गये। गुरुवार देर रात मोहल्ले वासियों ने भवानीपुर उपकेंद्र पहुंचकर हंगामा किया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे स्टॉफ ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उपकरणों को दुरुस्त कर जले केबिल को पुनः जोड़कर सप्लाई को सुचारु रूप से शुरू कराया।

### एसडीओ ने किया मौका मुआयना

भवानीपुर उपकेन्द से जुड़े आधा दर्जन मोहल्ले में लगातार ट्रिपिंग और उपकरण के साथ केबल जलने की समस्या से निजात पाने के लिए शुक्रवार को एसडीओ हिमांशु पटेल में फील्ड अफसरों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीओ ने जर्जर तारों और लोड देखते हुए दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर गली में एबीसी केबल को जल्द से जल्द डलवाने का आश्वासन दिया और ट्रांसफॉर्मर पर पीजी क्लैम्प और केबल बाएंडिंग का कार्य जल्द से जल्द करवाने का कर्मचारियों को निर्देशित किया।



श्री नगर मोहल्ले में स्थलीय निरीक्षण करते एसडीओ हिमांशु पटेल। अमृत विचार

# मनरेगा के तहत काम न मिलने पर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार**। विकासखंड पिसावां में डिमांड के बाद भी मनरेगा के तहत काम ना मिलने और नए जॉबकार्ड ना बनने से लगभग एक सैकड़ा नाराज मनरेगा मजदूरों ने संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर मनरेगा श्रमिकों ने बीडीओ की गैर मौजूदगी में एपीओ को ज्ञापन सौंप कर जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग की। इसके साथ ही निश्चित समय में मांगों का निस्तारण न किए जाने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी।

शुक्रवार को संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले विकास क्षेत्र के विभिन्न गांवों के करीब सौ मनरेगा मजदूरों ने ब्लाक परिसर में पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। संगठन की ब्लाक प्रमुख रामबेटी ने कहा कि लगभग एक दर्जन से अधिक गावों के सात सौ मनरेगा श्रमिको ने बीते एक मई को, वहीं एक जून को पन्द्रह सौ श्रमिकों ने मनरेगा काम के लिए आवेदन किया था। बावजूद इसके एक भी श्रमिक को कार्य नही दिया गया है। इसके साथ ही जनवरी,फरवरी व मार्च माह में किए गए आवेदन पर भी

### सौंपा ज्ञापन

▶▶ डिमांड के बावजूद काम न मिलने से मुखर हुए मनरेगा मजदूरों ने मनमानी का लगाया आरोप



काम नही मिल सका है। उन्होंने बताया कि नए जॉब कार्ड के लिए भी सैकड़ों श्रमिको ने आवेदन किया था। किंतु ब्लाक द्वारा उनके जाब कार्ड भी नही बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नही किया गया, तो श्रमिको को धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी ब्लाक जिम्मेदारों की होगी। इस बाबत एपीओ रामशंकर ने बताया बीडीओ नही हैं। श्रमिकों से ज्ञापन रिसीव कर लिया गया है। चुनाव आचार संहिता के कारण कार्य नही मिला है। जल्द ही श्रमिको की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

# बड़े फैसलों का होगा पीएम का तीसरा कार्यकाल

**सीतापुर, अमृत विचार**। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर लोकसभा के आम चुनाव में एनडीए को मिली जीत के उपरांत नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से एनडीए का नेता चुने जाने पर तथा तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने पर उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की।

सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा की तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के बाद हम सबके नेता नरेंद्र मोदी भारत के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। यह सब हम सबके लिए गौरव और हर्ष का विषय है। निश्चित तौर से तीसरे कार्यकाल में देश हित के बड़े फैसले लिए जाएंगे। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने देश के गरीबों को राहत मिलेगी। देश



उत्सव कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, सेउता व मिश्रिख विधायक। अमृत विचार

का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने एनडीए के प्रत्येक घटक दल को लोकसभा चुनाव में प्रचंड विजय के लिए बधाई दी और नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल को महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष बताया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि नौ जून को हम सबके नेता नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेंगे और नरेंद्र मोदी ने पहले ही कहा था कि तीसरा कार्यकाल बड़े फैसलों का है। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने एनडीए के तमाम घटक दलों को भी जीत की बधाई दी। इस अवसर पर सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नमेन्द्र अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रतन तिवारी, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, रमेश भार्गव दीपू, जिला मंत्री उदित वाजपेई, जिला मंत्री जया सिंह, उमाकांत मिश्रा, रामजीवन जायसवाल, नीरज वर्मा झल्लर सहित ब्लॉक प्रमुख जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# रोड पर गिरे पेड़ से टकराईं दो बाइकें बाइक सवार की मौत, 3 घायल

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार**। सिधौली महमूदाबाद मार्ग पर मोलहेपुर के आगे रोड पर गिरे पेड़ से सिधौली की ओर से आ रही बाइक पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। काफी देर तक घायल युवक सुनील कुमार 20 वर्षीय व पीछे बैठा उसका भाई मुनेश्वर निवासी पचदेवरा भान कोतवाली महमूदाबाद सड़क पर पड़ा दर्द से जूझता रहा, लेकिन किसी ने भी घायलों को सीएचसी पहुंचाना मुनासिब नहीं समझा।

तमाशबीन सिर्फ अपने मोबाईल से फोटो क्लिक करते रहे, उसी दौरान अपनी कार से महमूदाबाद आ रहे पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अंबरीश गुप्ता ने सड़क पर पड़े दो



घायल का इलाज कराते पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अंबरीश गुप्ता। अमृत विचार

घायलों को देखा तो दोनों घायलों को अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान घायल सुनील कुमार 20 को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके भाई मुनेश्वर 22 वर्षीय निवासी ग्राम पचदेवरा भान कोतवाली महमूदाबाद को इलाज के बाद घर भेज दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं इस हादसे के करीब दो घंटे बाद महमूदाबाद की ओर आ रहे बाइक सवार बुजुर्ग हामिद 60 पुत्र मंगर निवासी शाहपुर व तसउवर 35 पुत्र जाहिद निवासी दरियापुर पेड़ से टकराकर घायल हो गये। ऐसे में इन दो हादसों के बाद पूर्व चेयरमैन अंबरीश गुप्ता ने वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर सड़क पर गिरे पेड़ों को हटवाने की बात कहीं जिसके बाद वन विभाग की मौके पर पहुंची टीम ने सड़क पर पड़े पेड़ को हटवा दिया।

## ई-रिक्शा चलाता नाबालिग





**सीतापुर**। ये दृश्य शहर के सबसे व्यस्तम मुख्य लालबाग चौराहे का है। जहां से ये नाबालिग बच्चा ई-रिक्शा धड़ल्ले से चलाते हुए गुजर रहा है। ये तस्वीर सबको चौंकने पर मजबूर कर देगी, क्योंकि इसने एक हाथ से ई-रिक्शा का स्टेयरिंग संभाल रखा है तो दूसरे हाथ से पानी का खाली कंटेनर पकड़े हुए नजर आ रहा है। ये लापरवाही इस बच्चे को भारी पड़ सकती है। हालांकि देखा जाये तो मुख्य चौराहे पर दोपहर के समय पुलिसकर्मी मुस्तैद रहते हैं। जिम्मेदारों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। अमृत विचार

# शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ यौन शोषण का आरोप

**सीतापुर,अमृत विचार**। मछरेहटा थाना इलाके में शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते पुलिस के खिलाफ हिन्दू संगठनों में आक्रोश व्यापत है।

क्षेत्र के गांव के रहने वाले पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को मछरेहटा थाना क्षेत्र के हिसामपुर निवासी फहीम व उसके दोस्त बहला फुसला कर भगा ले गए और उसे अपने साथ चार दिन रखने के बाद उसे घर से भगा दिया। बालिका के पिता ने बताया कि आरोपी पूर्व से शादीशुदा है। वहीं बालिका ने भी आरोपी पर दो साल से

### केस दर्ज

▶▶ मंदिर के महंत की अगुवाई के बाद हरकत में आई पुलिस

प्रेम प्रसंग व अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। नाबालिग ने बताया कि फहीम अक्सर वीडियो वायरल कर देने की धमकी देकर बुलाता रहा और उसका यौन शोषण करता रहा। बीती 1 जून को आरोपी फहीम व उसके दोस्त लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गए और धर्म परिवर्तन कर शादी करने का बहाना बनाया। आरोप है कि उसी दिन लड़की के पिता ने थाना मछरेहटा में तहरीर भी दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। वहीं चार दिन लड़की को घर में रखने के बाद आरोपी ने जब उसे घर से भगा दिया तो लड़की सीधे थाने पहुंची। लेकिन पुलिस द्वारा उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं जानकारी पाकर बड़ा हनुमान मंदिर महन्त प्रीतमदास दास जब लड़की व उसके परिजनों को लेकर थाने पहुंचे। तब जाकर थाना प्रभारी ने मुकदमा लिखने व मेडिकल कराने की बात कही। पुलिस की यह लापरवाही महिला अपराधों के प्रति संजीदा नहीं दिख रही है। सीओ मिश्रिख सुशील यादव ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सप्ताह में तीन दिन चिकित्सक देंगे लोगों को परामर्श



नि:शुल्क शिविर का उद्घाटन करतीं डायरेक्टर अनीता चौहान। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार**। रेडिको खेतान लिमिटेड ने नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर एवं क्लीनिक का सीएसआर की डायरेक्टर अनीता चैहान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अब हर सप्ताह में नि:शुल्क आयुर्वेदिक डॉक्टर तीन दिन मिलेंगे और लोगों का मुफ्त इलाज करेंगे। क्षेत्र के करीब तीन दर्जन से अधिक लोगों ने शिविर में नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर का लाभ उठाया। क्षेत्र के लोगों ने आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करवाने का निश्चय किया। नाड़ी परीक्षण शिविर में रक्तचाप मधुमेह हृदय विकार समेत कई बीमारियों के इलाज के लिए सफल परामर्श दिया जाएगा। कंपनी की सीएसआर डायरेक्टर अनीता चैहान ने बताया कि क्षेत्र के कानूनी गांव में नदी परीक्षण शिविर एवं ओपीडी का उद्घाटन किया गया है। हर माह के सोमवार, बुधवार तथा शुक्रवार को आयुर्वेदिक डॉक्टर यहां बैठेंगे। क्षेत्र के लोग मधुमेह हृदय विकास जैसी गंभीर बीमारियों के सफल इलाज का परामर्श यहां निशुल्क ले सकते हैं। साथ ही यहां लोगों को दवाइयां भी नि:शुल्क दी जाएंगी। नाड़ी परीक्षण शिविर के डॉ. हिमांशु तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में लोग अंग्रेजी दवाओं का प्रयोग करते हैं। जो तत्काल में तो फायदा पहुंचाती है लेकिन उसके बाद इन दवाओं से अन्य घातक बीमारियां उत्पन्न होती है। इस मौके पर हरिशंकर शुक्ल, अनिल जैन, जनजीत, राजीव पांडेय, अजय तोमर एवं विशाल शर्मा मौजूद रहे।

### डोर फाउंडेशन टैलेंट एक्सपो का करेगा आयोजन



डोर की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार**। डोर फाउंडेशन टैलेंट एक्सपो का आयोजन करेगा। यह निर्णय आज डोर फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। डोर फाउंडेशन मीडिया प्रभारी (महिला) खुशी सिंह ने बताया कि यह आयोजन शहर के एचकेएम हाल में सात जुलाई को किया जायेगा। जिसका उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को मंच उपलब्ध कराना है। जिसमें डांस, सिंगिंग और मॉडलिंग से जुड़े बच्चे अपना प्रदर्शन करेंगे। इस बैठक मे सुधांशु मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र आर्या, डॉ. शांति स्वरूप रस्तोगी, शुभीत बाजपेयी, संतोष कुमार, उत्कर्ष मिश्रा, बृजेश तिवारी, सनी गुप्ता, संजय गुप्ता, पूनम मिश्रा, ममता तिवारी, भावना वेश्य, खुशी सिंह, रेखा पांडे, प्रेम कुमारी रेनु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पहल

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण

# मंदिरों में देवार्पित पुष्पों से धूपबत्ती एवं अगरबत्ती बनाएंगे बंदी

**सीतापुर, अमृत विचार**। जेल में रहकर बंदी अपने समय का सदुपयोग करें नई चीजें सीखें और जेल से बाहर जाने पर अपना जीवन यापन कर सकें। इसी को लेकर बंदियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर एवं जिला कारागार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ मनोज कुमार-तृतीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार में फीता काटकर किया।

सीतापुर के पुरुष एवं महिला बन्दियों के कौशल विकास हेतु मंदिरों में देवार्पित पुष्पों से धूपबत्ती



प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन करते जनपद न्यायाधीश।



अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण लेती महिला बंदी।

एवं अगरबत्ती बनाने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जनपद न्यायाधीश ने कहा कि समय का अधिक से अधिक सदुपयोग कर बेहतर प्रशिक्षण हासिल करें। अपर जिला जज भगीरथ वर्मा ने कहा कि जीवन में सकारात्मकता के साथ कौशल विकास करना चाहिए, जिससे जेल से बाहर जाने पर उस कौशल का प्रयोग करते हुये जीवन यापन कर सकें। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को अपने कौशल का विकास करने हेतु भी प्रेरित किया। अपर जिला जज नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय में बताया। सीमैप लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक आरके श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने मंदिरों में देवार्पित पुष्पों से धूपबत्ती एवं अगरबत्ती बनाये जाने प्रशिक्षण दिया और लागत एवं लाभ के विषय में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में सुबोध भारती अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, निशां झा, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, एसीजेएम स्वरांगी शुक्ला-दितीय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश, जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, डिप्टी जेलर मौजूद रहे। नैमिषारण्य मिश्रिख से मुन्ना लाल आचार्य भी उपस्थित रहे।

# सत्य का आचरण करना मानव धर्म का पहला कर्तव्य

**लहरपुर**। क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन में शुक्रवार को कथा व्यास अखिलेश महाराज ने कहा कि आप सब पर प्रभु की कृपा है। जिससे आप कथा का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम जैसा कोई पुत्र नहीं हुआ, वशिष्ठ जैसा गुरु नहीं हुआ, दशरथ जैसा कोई पिता नहीं हुआ, कौशल्या जैसी कोई माता नहीं हुई, भरत जैसा कोई भाई नहीं हुआ और रावण जैसा कोई शत्रु नहीं हुआ। कथा व्यास ने कहा कि मानव धर्म का पहला कर्तव्य सत्य का आचरण करना होता है, उन्होंने कहा कि प्रभु सर्वज्ञ है। इस मौके पर मुख्य यजमान आसाराम शुक्ला, उमेश दीक्षित, शैलेंद्र दीक्षित सूर्य प्रसाद दीक्षित, रमाकांत शुक्ला, रामस्वरूप तिवारी, अनूप मिश्रा, रमाकांत दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### युवती को पीटा फिर तलाक देकर घर से निकाला

**सिंगाही, अमृत विचार।** थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव मोतीपुर निवासी रेशमा बानो ने बताया कि उसका निकाह 10 साल पहले गांव के ही वसी के साथ हुआ था। निकाह के बाद से ही वसी उसे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगा और तलाक की धमकी देने लगा।पांच जून की रात करीब 10 बजे पति वसी, जेठ आमीन, जेठानी सबा व सास जैमुन ने उसे पहले जमकर मारापीटा। बाद में पति ने तीन बार तलाक.. तलाक.. तलाक कहकर उसे घर से निकाल दिया। वह किसी तरह से अपने मायके पहुंचे और घर वालों को पूरी बात बताई। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न व मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में पांच घायल

**बिजुआ, अमृत विचार।** लखीमपुर भीरा स्टेट हाईवे पर बिजुआ पावर हाउस के निकट शुक्रवार को दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में एक महिला समेत पांच लोग गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी बिजुआ लाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली भीरा क्षेत्र के कस्बा बिजुआ स्थित पावर हाउस के निकट शुक्रवार को सुबह 10 बजे दो बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइकों के परखच्चे उड़ गए। गांव बम्हनपुर निवासी गगन सिंह, प्रेम सिंह, अंकित तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर मड़हा बाबा स्थान पर मेला देखने जा रहे थे। दूसरी बाइक पर नारायण पुरवा निवासी लेखराम अपनी पत्नी सहित लखीमपुर पेशी करने जा रहे थे। बिजुआ में हाइडिल के पास इन दोनों की बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई।

# जेल से रिहा होने के बाद आजम से पत्नी तंजीम और बेटे अदीब ने की मुलाकात

## सीतापुर जेल पहुंचीं तंजीम, पूर्व जिलाध्यक्ष ने डेढ़ घंटे तक की मुलाकात

- पत्नी और बेटे को अपने पास देखकर भावुक हुए आजम
- बेटे अब्दुल्ला और आजम अभी रहेंगे जेल में

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से जेल में पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अदीब सहित तीन लोगों ने मुलाकात की। रामपुर जेल से छूटने के बाद पत्नी तंजीम फातिमा की आजम से यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। जेल में पत्नी और बेटे के साथ रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने भी एक साथ मुलाकात की है। जेल में पत्नी और बेटे को अपने पास पाकर आजम भावुक भी हुए। करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के दौरान पत्नी तंजीम से आजम का हाल जाना। इसके साथ ही बेटे और ओमेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर भी गहन चर्चा की।

बताते चलें कि रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम पत्नी तंजीम और बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई थी। रामपुर प्रशासन ने सुरक्षा कारणों के चलते आजम को 22 अक्टूबर 2023 को सीतापुर जेल और बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट कर पत्नी तंजीम को रामपुर जेल में भी रखा था। सजा की अपील के बाद हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद आजम और बेटे अब्दुल्ला और पत्नी तंजीम की जमानत दे दी थी। बावजूद इसके आजम और अब्दुल्ला को अन्य मामलों में सजा होने के चलते जेल से बाहर नहीं आ सके थे। लेकिन रामपुर जेल में बंद तंजीम फातिमा पर अन्य कोई


तंजीम फातिमा। अमृत विचार

केस होने के चलते 29 मई को जेल से रिहा कर दिया गया था। जेल से रिहा होने के बाद बेटे अदीब के साथ शुक्रवार को सीतापुर जेल पहुंचीं तंजीम फातिमा ने आजम से मुलाकात कर उनका हाल जाना। पत्नी और बेटे सहित पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ने दोपहर 11 बजे जेल पहुंचकर मैनुअल के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण कराकर जेल में अन्य मुलाकातियों के तरफ हाथों पर मुंहर लगाकर अंदर दाखिल हुयी।

जेल में मुलाकात के दौरान पत्नी और बेटे ने आजम को खाने की चीजों के साथ दवाइयां भी दीं। जेल सूत्रों की मानें तो लम्बे अंतराल के बाद पत्नी को सकुशल देखकर आजम भावुक हुए लेकिन पत्नी और बेटे ने उन्हें संभाला। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के बाद आजम को अपना ख्याल रखकर अलविदा कहकर पत्नी और बेटे सहित पूर्व जिलाध्यक्ष सहित जेल से बाहर निकलकर वापस रामपुर के लिए रवाना हो गये।


आजम से मुलाकात कर जेल से बाहर आते बेटे अदीब और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह (फाइल फोटो) अमृत विचार

### 298 दिनों तक सीतापुर जेल में रही रहीं तंजीम

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और शत्रु संपत्ति सहित करीब 34 मामलों में सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश न होने पर एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम, पत्नी तंजीम और बेटे अब्दुल्ला को जेल भेज दिया था। 26 फरवरी 2020 को सीतापुर जेल में बंद हुईं तंजीम फातिमा अपने पति आजम और बेटे अब्दुल्ला के साथ सीतापुर जेल में करीब 298 दिनों तक जेल में रही थीं। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद 22 दिसंबर 2022 को सीतापुर जेल से तंजीम फातिमा रिहा हो गई थीं। वर्ष 2022 के बाद 07 जून 2024 को बेटे अदीब के साथ आजम का हाल जानने के लिए तंजीम एक बार फिर मुलाकात करने सीतापुर जेल पहुंची थीं।

### 22 अक्टूबर 2023 से बंद हैं आजम खां

बताया जाता है कि आजम खां और बेटे अब्दुल्ला को अब तक तीन मामलों में सजा का ऐलान हो चुका है। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट से जमानत के बाद आजम के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हुआ था, लेकिन उससे पहले ही डूंगरपुर मामले सहित दो अन्य मामलों में कोर्ट द्वारा सजा सुनाते ही आजम और बेटे अब्दुल्ला के बाहर निकलने की अटकलों पर विराम लग गया है। आजम खां सीतापुर जेल में बीती 22 अक्टूबर 2023 से बंद हैं। आजम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

## कई दिन बाद पुलिस ने दर्ज की सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर के एक मोहल्ला में विवाहिता के साथ गैंगरेप होने पर पुलिस को सूचना देने के बाद भी कार्रवाई न होने से आहत पति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। अधिकारियों के दबाव में एक सप्ताह बाद अब पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

विवाहिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 24 मई की शाम को उसके भाई की पत्नी बांकेगंज मार्ग स्थित एक व्यक्ति के यहां किसी काम से गई थी। वहीं मौजूद तीन युवक पैसों का लालच देकर विवाहिता को कार में बैठाकर रात 11 बजे तहसील के पीछे स्थित एक गांव ले गए। जहां पांचों युवकों ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान युवकों और तहसील में चौकीदार के बीच झड़प भी हुई। मामला कोतवाली पहुंचने पर पुलिस ने रफादफा कर महिला और युवकों को घर भेज दिया था। 31 मई शुक्रवार को नामजद तीनों युवकों ने विवाहिता के पति के साथ अभद्रता कर मारपीट की, जिससे उसके शरीर पर काफी चोटे आई हैं। मारपीट की तहरीर लेकर विवाहिता का पति जब कोतवाली पहुंचा तो कोतवाली पुलिस ने उसे ही बैठा लिया था और काफी देर बाद छोड़ा। जिसके कारण महिला के पति ने कार्रवाई न होने से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया महिला की तहरीर पर तीन नामजद सहित पांच के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### पालिकाध्यक्ष ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा


निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष हाजी जावेद। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्यों में तेजी आ गई। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला बदायूं टोला व बारादरी में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने औचक निरीक्षण कर ठेकेदारों को मानक के अनुसार निर्माण कार्य करने एवं जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा करने को निर्देशित किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों से हो रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली और निर्माण कार्यों पर नजर रखने की अपील की। इस अवसर पर समीर राईन सभासद सुएब, सभासद रहमत अली सहित मोहल्ले के लोग उपस्थित थे।

### पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उरूज आलम बीमारी से निधन

**पैंतेपुर।** आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्षा जैनब जहां के पति हाजी उरूज आलम अंसारी का लंबी बीमारी से निधन हो गया। वह 55 वर्ष के थे। उनके आकस्मिक निधन पर समाजसेवियों ने गहरा



दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को असहनीय दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की। आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर में वर्ष 2012 से 2017 तक अध्यक्ष रहे वर्तमान चेयरमैन जैनब जहां के पति बरातीपुर वार्ड के सभासद हाजी उरूज आलम अंसारी लिवर संबंधी रोगों से कई माह से गंभीर रूप से परेशान थे। लखनऊ स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कई महीने से उनका इलाज चल रहा था। बीती रात उनका निधन हो गया। उनके निधन पर सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आर के वाजपेई विरल, समाजसेवी उमाशंकर जैन, डॉक्टर जयकीरत वर्मा, उमा शंकर मिश्र, अशोक पांडेय, दुर्गेश गुप्त, गया राठौर, राम सिंह, राधेश्याम वर्मा, विष्णुपोरवाल सहित अन्य समाजसेवियों ने दुख व्यक्त किया। आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर कार्यालय परिसर में पूर्व नगर पंचायत पैंतेपुर के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का अस्योजन किया गया। इस शोक सभा में वरिष्ठ लिपिक अवधेश कुमार ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को पुण्यात्मा की शांति एवं परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने के दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई।

### मांगों को लेकर बीएसए को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन


बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** प्राथमिक शिक्षण संघ ने प्रांतीय उपाध्यक्ष रवींद्र दीक्षित की अगुवाई में पदोन्नति देयकों के निस्तारण को लेकर बीएसए व वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन सौपा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में माध्यम से अवगत कराया गया कि परिषदीय विद्यालयों में लंबे समय से पदोन्नति न होने के कारण हजारों हजार पद रिक्त हैं। उसके सापेक्ष तत्काल पदोन्नति करने विषयक ज्ञापन दिया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बेसिक शिक्षा नियमावली के अंतर्गत यदि पद रिक्त हो तथा और अर्ह अभ्यर्थी हो तो तत्काल पदोन्नति करने का प्राविधान है। खेद है वर्ष 2013 से आघतन कोई भी पदोन्नति नहीं की गई है। जिस कारण जनपद के ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के शिक्षकों में रोष व्याप्त है। रवींद्र दीक्षित ने कहा कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं जो 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत हो गए अथवा मृतक हो गए उनके देयको के भुगतान की स्थिति अत्यंत ही खराब है। जब शिक्षकों के सभी डाटा ऑनलाइन है तो जीएफ का हिसाब ऑनलाइन क्यों नहीं, तथा इसे विभाग देने में क्यों हिचक जा रहा है। ज्ञापन देते समय नवीन श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष, रत्नेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, प्रदीप वर्मा संगठन मंत्री, अश्विनी सिंह अध्यक्ष ऐलिया, पवन सिंह अध्यक्ष खैराबाद, देवेन्द्र सिंह अध्यक्ष हरगांव, शिवसागर वर्मा अध्यक्ष महोली, अजीत सिंह मंत्री कसमंडा, प्रदीप कुमार मिश्र मंत्री ऐलिया, विनय गिहार मंत्री हरगांव आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा के अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव की शराबियों ने की पिटाई, लूट

**महमूदाबाद, सीतापुर**

**अमृत विचार।** नगर के वरिष्ठ सपा नेता व समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नदीम अहमद की कुछ युवकों ने बुरी तरह पिटाई कर दी। मौके से जान बचाकर कोतवाली पहुंचे नदीम ने लिखित प्रार्थना देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सपा नेता से हुई मारपीट से कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

बता दें कि शुक्रवार शाम नदीम महमूदाबाद कोतवाली इलाके के बिसवां रोड स्थित राजा महमूदाबाद


कोतवाली के बाहर खड़े नदीम।

की लखपेड़ा बाग में चल रही आम की तुड़ाई को देखने गए थे। राजा की बागों की देखरेख की जिम्मेदारी नदीम पर है। आरोप है कि जब वह बाग पहुंचे तो कुछ नौजवान शराब का सेवन कर रहे थे। बताते हैं कि जब इन्होंने विरोध किया तो शराब पी रहा वार्ड इंदौर निवासी राजपाल पुत्र गुरुदयाल सहित अन्य पांच अज्ञात लोग नदीम पर हमलावर हो गए और उनकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। आरोप है कि मनबढ़ युवकों ने नदीम से 50 हजार की नगदी भी बलपूर्वक छीन ली। नदीम नगर की मुस्लिम सियासत के कद्दावर नेताओं में शुमार हैं। लिहाजा सूत्रों का दावा है कि अगर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी न हुई तो सपा कार्यकर्ता एक विशाल धरना प्रदर्शन भी कर सकते हैं। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम को भेज दिया है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस सोती रही.. दुकान का ताला तोड़कर चोर बटोर ले गए सामान

- पुलिस पिकेट के सामने 20 कदम की दूरी पर हुई वारदात
- क्लेश हरण तिराहे व आसपास के लोगों में चोरों की दहशत

**संवाददाता, सिंगाही, अमृत विचार।** सिंगाही पुलिस की लापरवाही से क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं बढ़ने लगी हैं। अपराधियों में पुलिस का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। शुक्रवार की रात चोरों ने क्लेश हरण तिराहा पर सिपाही सोते रहे और चोरों ने पुलिस पिकेट के सामने एक परचून की दुकान का ताला तोड़ दिया। चोर नगदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। दुकानदार ने घटना की तहरीर सिंगाही पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव हरद्वाही निवासी अंगद कुमार की क्लेश हरण तिराहा पर परचून की दुकान है। इस तिराहे पर पुलिस पिकेट भी रहती है। रात में गश्ती सिपाही दुकान से चंद कदम दूर स्थित ट्रक यूनियन पर आधी रात आकर आराम फरमाते हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात भी गश्ती सिपाही ट्रांसपोर्ट पर आराम फरमा रहे थे। सिपाहियों से बेखौफ चोरों ने आधी रात में अंगद की परचून की दुकान का ताला तोड़ दिया। चोर उसमें रखी हजारों रुपये की रेज कारी के अलावा पान मसाला, साबुन, कड़वा तेल, दाल आदि हजारों रुपये का सामान बटोर ले गए। दुकान में फैले सामान को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों बेखौफ थे और उन्होंने इत्मीनान के साथ दुकान खंगाली, लेकिन चंद कदमों की दूरी पर सो रहे पुलिस वालों को इसकी जानकारी नहीं हुई।

सुबह जब दुकान मालिक अंगद दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि ताले टूटे हुए थे। दुकान में रखा सामान गायब था। चोरी की खबर मिलते ही आसपास के दुकानों में भी दहशत व्याप्त हो गई। दुकानदार ने घटना की तहरीर सिंगाही पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# अघोषित कटौती से त्रस्त हैं बालपुर बाजार के लोग

**संवाददाता, बालपुर**

**अमृत विचारः** क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। भीषण गर्मी के कहर से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 24 घंटे में 24 बार ट्रिपिंग से लोग परेशान हो चुके हैं। पिछले हफ्ते लाइन के मेंटिनेंस के नाम पर बिजली की आपूर्ति बाधित रही। उसके बाद अब ट्रिपिंग की वजह से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि सरकार का सख्त निर्देश है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित कटौती न की जाय।



बावजूद इसके क्षेत्रीय कर्मचारियों के मनमानी लोगों को झेलनी पड़ रही है। बिजली कटौती लेकर लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। अभियंता रामाजी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तूफान आने की वजह से लाईनो में जगह जगह फाल्ट आ गया था, जिसे ठीक करने के लिए बार बार ट्रिपिंग की जा रही है।

# बिजलीकर्मियों से अभद्रता पर प्रदर्शन

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचारः** शुक्रवार को विद्युत कर्मियों ने थाने के एक एसआई के दुर्व्यवहार और तानाशाही से नाराज होकर कार्य बहिष्कार कर दिया। जिससे इलाके की बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही।

विद्युत उपकेंद्र नवाबगंज पर तैनात अवर अभियंता राम अचल ने बताया कि कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास 33 केवी विद्युत काफी दिनों से खराब थी लेकिन चुनाव के चलते उसका मरम्मत का कार्य बंद था। चुनाव सम्पन्न होने के बाद शुक्रवार की सुबह टेक्निशियन व संविदा कर्मी लाइन का ब्रेक डाउन सही करने के लिए गये हुए थे। तभी थाने पर


उपकेंद्र के सामने प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। अमृत विचार

तैनात एस एसआई त्रियुगी नारायण शर्मा ने आकर अपना पुलिसिया रौब झाड़ते हुए विद्युत कर्मियों के साथ गाली गलौज करने लगे। अभद्र भाषाओं के प्रयोग से नाराज संविदा कर्मियों ने विरोध किया तो तिलमिलाये एसएसआई ने मुकदमा लिख देने की धमकी देते हुए जबरन कर्मियों क़ो वहां से भगा दिया। नाराज बिजली कर्मी उपखण्ड कार्यालय चले गए। और उप केंद्र पर एसएसआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर प्रदर्शन किया और कार्य बहिष्कार कर दिया जिससे घंटो विजली आपूर्ति बाधित रही।उपखण्ड अधिकारी क़ो प्रार्थना पत्र देने के बाद विद्युत सप्लाई बहाल हुई। वहीं कर्मियों ने कहा है कि जब तक इन पर कार्यवाही नहीं होगी तब तक 33 केवी का कार्य पूर्ण नहीं किया जायेगा। वहीं एसएसआई और पुलिसकर्मियों के बीच हुए विवाद का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस दौरान टीजीटू सौरभ श्रीवास्तव, अंकित कुमार, जनार्दन प्रसाद तिवारी, आशीष तिवारी, छोटे लाल यादव, नन्द कुमार, अशोक यादव, भरत लाल ओझा, शिव शंकर यादव, विनय यादव, भगवान दास, राम बाबू, गजेन्द्र सिंह, आनंद श्रीवास्तव, मुन्ना लाल सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

# संविदाकर्मी कर रहा था काम, चालू कर दी सप्लाई

**संवाददाता, कटरा बाजार**

**अमृत विचारः** कटरा बाजार ग्रामीण उपकेंद्र पर कार्य कर रहे बनगांव निवासी संविदाकर्मी देव प्रकाश तिवारी ने उपकेंद्र पर तैनात राम गोपाल दूबे पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विद्युत अधिकारी से शिकायत की है। लापरवाही का ऑडियो वायरल होते ही अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं। देव प्रकाश तिवारी के मुताबिक वह बृहस्पतिवार की रात 33 केवीए रामापुर फीडर के बनगांव के नए पुरवा गांव में 11 केवीए पर विद्युत पोल पर कार्य करने गया था। ग्रामीण उपकेंद्र पर तैनात विद्युत कर्मी रामगोपाल दूबे से शटडाउन मांगा गया। रामगोपाल ने कहा कि ट्राली बाहर है कार्य करो जैसे ही वह 11 केवीए लाइन की पोल पर चढ़ा तभी देखा की पास में लगे पेड़ की डाली तार पर रखा है और उससे धुंआ उठ रहा है। लाइन चालू देख वह घबरा गया। पोल से नीचे गिरा और रामगोपाल दुबे को फोन कर बताया कि लाइन चालू है। तब जाकर लाइन बंद की गई। अधिशासी अभियंता संदीप कुमार गौड़ ने बताया मामला संज्ञान में है। विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।

## अनदेखी

### तालाबों में एक बूंद भी पानी नहीं, पशु-पक्षियों के लिए संकट, अधिकतर ग्राम पंचायतों का यही है हाल

# खतरे में है अमृत सरोवर के तहत बने तालाबों का अस्तित्व

**संवाददाता, इटियाथोक**

**अमृत विचारः** एक तरफ भीषण गर्मी पड़ रही है। क्षेत्र में तालाब पोखरे सब सूखे पड़े हैं। पशु पक्षी सहित सभी लोगों के लिए पानी पीने सहित सिंचाई के लिए भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ सरकार अधिकतर ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया था जिस पर लाखों रुपए खर्च किए गए। अधिकतर तालाब सूखे पड़े हैं। गंदगी का अंबार लगा हुआ है। तालाब किनारे जो भी पेड़ लगाए गए थे। अधिकतर पेड़ सूख गए या


इटियाथोक ब्लॉक का सूखा अमृत सरोवर। अमृत विचार

गायब हो गए। इस पर किसी की कोई नजर नहीं है। अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया गया था। जिन उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो रही है। सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं खाओ कमाओ नीति के तहत योजना में बंदरबांट हो जाता है और जिन उद्देश्यों के लिए योजनाएं चलाई जाती है। उन उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पाती है।

इटियाथोक विकासखंड के अंतर्गत 25 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर तालाब बनाए गए थे। मौके पर अधिकतर तालाबों में पानी की एक बूंद भी नहीं है। आसपास झाड़ियां उग चुकी है। गंदगी का अंबार लगा हुआ है। अमृत सरोवर योजना के तहत जो तालाब तैयार किए गए थे उस समय अधिकारियों ने कहा था यह तालाब ग्राम पंचायत के विकास के लिए मॉडल स्थापित करेंगे। तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए किनारे किनारे वृक्ष लगाए गए थे। बैठने के लिए सीट की व्यवस्था की गई थी लेकिन योजना अपने उद्देश्य से पूरी तरीके से भटक गई है। इस बारे में खंड विकास अधिकारी व योजना से जुड़े सभी अधिकारी कुछ भी नहीं बोल रहे हैं और ना ही कोई समुचित उत्तर दे पा रहे हैं। ऐसे में जबरदस्त भीषण गर्मी पड़ रही है पानी की एक बूंद ना होने के कारण पशु पक्षी मौत के आगोश में जा रहे हैं। वाटर लेवल लगातार गिरता जा रहा है। यह कुछ दिन ऐसा ही रहा तो घरेलू नलों में भी पानी आना बंद हो जाएगा। जब पानी पीने के लिए ही भारी संकट आ जाएगा तो सिंचाई की तो बात ही ना करें यही हाल लगभग प्रतिवर्ष होता है लेकिन इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है जिसके कारण यह समस्याएं लगातार बनी रहती है।

# इनकमिंग फीडर में खराबी से 20 घंटे गुल रही दो उपकेंद्रों की बिजली

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचारः** धानेपुर बिजली उपकेंद्र का इनकमिंग फीडर शुक्रवार सुबह तीन बजे अचानक खराब हो गया। इस खराबी से धानेपुर व मेहनौन उपकेंद्र की बिजली गुल हो गयी। इस खराबी को दूर करने में बिजली कर्मी पूरे दिन हलकान रहे। दोपहर करीब 2 बजे फीडर की खराबी को दूर किया जा सका। इसके बाद धानेपुर फीडर की बिजली बहाल हुई। उपकेंद्र के देवरिया अलावल व बाबागंज की आपूर्ति देर शाम तक बहाल की गयी। इस दौरान करीब दो लाख की आबादी भीषण गर्मी और उमस से परेशान रही।

धानेपुर विद्युत उपकेंद्र की मशीनों में आए दिन होने वाली खराबी बिजली उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गयी है। आए दिन उपकेंद्र का इनकमिंग फीडर खराब हो जा रहा है। बृहस्पतिवार की सुबह आई आंधी से पूरे दिन इलाके की बिजली गुल रही थी। रात में किसी तरह आपूर्ति बहाल हुई तो शुक्रवार की सुबह इनकमिंग फीडर में खराबी आ गयी। इस खराबी के कारण बिजली आपूर्ति एक बार फिर से ठप हो गयी। सुबह बिजली कर्मियों ने मशीन को ठीक करने की कोशिश की लेकिन उन्हे सफलता नहीं मिली। इसके बाद पूरी मशीन को खोला गया तो भीतर की सीटी खराब पायी गयी। मुख्यालय से नई सीटी मंगाई गयी। तब जाकर मशीन की खामी को ठीक किया जा सका। इस पूरी कवायद में पूरा दिन बीत गया। दोपहर करीब चार बजे उपकेंद्र के नगर पंचायत फीडर की बिजली बहाल की गयी। अन्य दो फीडर देवरिया अलावल व बाबागंज की बिजली देर शाम तक बहाल हुई। मेहनौन उपकेंद्र को भी देर शाम आपूर्ति दी गयी। इस दौरान करीब 20 घंटे तक लोग गर्मी और उमस से परेशान रहे।

## एक नजर

### आज शक्ति भवन में लगेगी पेंशन अदालत

**अमृत विचार,लखनऊ :** पावर कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में आज पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए निदेशक कमलेश बहादुर सिंह ने बताया कि उप्र. पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के निर्देशों के बाद सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालतें शक्ति भवन एवं डिस्काम मुख्यालयों पर आयोजित की जाती है। जिसमें पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। इसी क्रम में पेंशन अदालतें कारपोरेशन मुख्यालय सहित शक्ति भवन डिस्काम मुख्यालयों पर कल 8 जून को आयोजित की जायेगी।

# जोमैटो की मदद से सर्वोदय विद्यालयों में बनेगी आधुनिक मेस

**104** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों को समाज कल्याण विभाग प्रदेश में कर रहा संचालित

**30** लाख रुपये की मदद करते हुए मेस के निर्माण में भी जोमैटो कर रहा है सहयोग

प्रयोग के तौर पर अभी लखनऊ के पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में की जा रही है शुरुआत

डीपी शुक्ल, लखनऊ


मेस का भवन।



मेस का रसोईघर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों को अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त मेस से ताजा भोजन और नाश्ता मिलेगा। प्रयोग के तौर पर विभाग यह व्यवस्था राजधानी के पारा क्षेत्र स्थित सर्वोदय विद्यालय में शुरू करने जा रहा है। इस अत्याधुनिक मेस के लिए जोमैटो ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतगर्त फंड दिया है। साथ ही व्यवस्था प्रबंधन में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

मालूम हो कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत पूरे प्रदेश में इस समय 104 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों के विद्यार्थियों को पूर्व की भांति ही भोजन और नाश्ते की व्यवस्था विभाग की तरफ से कराई जा रही है। भोजन में गुणवत्ता को लेकर मंत्री ने अफसरों के साथ मंथन करते हुए जोमैटो के साथ संपर्क कर आधुनिक मेस तैयार करने का निर्णय लिया।

### तैयार होंगे कई प्रकार के व्यंजन

जानकारी के अनुसार आधुनिक मेस की व्यवस्था की शुरुआत प्रयोग के तौर पर अभी लखनऊ पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में शुरू की जा रही है, बाकी विद्यालयों में यह व्यवस्था बाद में शुरू करने पर विचार किया जाएगा। जोमैटो ने 30 लाख रुपए की मदद करते हुए आधुनिक मेस के निर्माण में भी सहयोग भी दे रहा है। यहां गुणवत्ता युक्त भोजन तो मिलेगा ही साथ में कई प्रकार के व्यंजन भी तैयार किए जाएंगे।



आधुनिक मेस तैयार करने में जोमैटो सहयोग कर रही है। पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में अभी प्रयोग के तौर पर मेस को शुरू किया जा रहा है। बाद में प्रदेश के अन्य विद्यालयों में शुरू किया जाएगा। -असीम अरुण, राज्यमंत्री, समाज कल्याण

# परिवहन निगम में संविदा चालकों की भर्ती जल्द

▸▸ 1.89 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन निगम चारबाग, अवध डिपो, कैसरबाग, रायबरेली उपनगरी हैदरगढ़ डिपो लखनऊ क्षेत्र में संविदा चालकों की भर्ती होगी।

लखनऊ परिक्षेत्र के रोडवेज क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि रोडवेज बसों के बेहतर संचालन के लिए संविदा चालकों की बड़ी भर्ती होने जा रही है। कक्षा आठ उत्तीर्ण युवाओं के पास हैवी वाहन का दो वर्ष पुराना लाइसेंस होना अनिवार्य है। डिपो में पदों की संख्या तय नहीं की है, बल्कि जितने योग्य युवा मिलेंगे सभी को मौका मिलेगा।

भर्ती होने वालों को 1.89 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान मिलेगा, वहीं 22 दिन ड्यूटी करने पर 3000 रुपये प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा। दो वर्ष की निर्धारित सेवा पूरी करने के बाद उत्कृष्ट प्रोत्साहन श्रेणी में ड्राइवरों को प्रतिमाह 19593 रुपये व उत्तम प्रोत्साहन श्रेणी में 16593 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

# अनावश्यक बिजली कटौती न हो

## ऊर्जा मंत्री ने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को विद्युत आपूर्ति के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि बिजली विभाग में कार्यरत अधिकारी हो या कर्मचारी उपभोक्ताओं के प्रति अपने व्यवहार और कार्यशैली में सुधार लाएं। उन्होंने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि शटडाउन की अवधि दो घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है, गर्मी में आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए कहीं पर भी अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए।

ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को शक्ति भवन में राज्य की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, सभी डिस्काउंट में पर्याप्त ट्राली ट्रांसफार्मर की उपलब्धता रहे, जिससे कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भीषण गर्मी में शीघ्र ही आपूर्ति बहाल की जा सके। साथ ही सभी अधीक्षण और अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्रों में जनप्रतिधियों से संवाद कर विद्युत व्यवस्था में सुधार संबंधी सुझाव प्राप्त कर विद्युत सुधार के लिए आवश्यक कार्य करे। विद्युत संबंधी प्राप्त जन शिकायतों को निर्धारित समय में निस्तारण भी किया जाए।

उन्होंने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को उप्र. में हर पल विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने के साथ कहा कि अतिभारित फीडरों में विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए, साथ ही राजस्व वसूली के लिए भी प्रयास किए जाए।

**न बिजली चोरी हो और न बकाया हो ज्यादा:** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्रों में भी विद्युत अपूर्ति के साथ ही राजस्व वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। विद्युत का सबसे अधिक उपयोग इन्हीं क्षेत्रो में होता है, इसलिए इन क्षेत्रों में यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी प्रकार की बिजली चोरी न होने पाए। साथ ही विद्युत बकाया भी अधिक न होने पाए।

समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, डीजी विजलेंस एम.के. बशाल, प्रबन्ध निदेशक उत्पादन निगम रणबीर प्रसाद, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल पंकज कुमार उपस्थित रहे तथा सभी डिस्कॉम के एमडी, अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता समेत अन्य अधिकारी वर्चुअल मौजूद रहे।

▸▸ ऊर्जा मंत्री ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

▸▸ सघन चेकिंग अभियान चलाने के भी दिए निर्देश

### अधिशाषी अभियंताओं को चिन्हित कर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में शुक्रवार को अध्यक्ष उप्र पावर कारपोरेशन आशीष गोयल ने सभी डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों से प्रोविजनल बिलों को जारी करने में धीमी प्रगति के लिये असंतोष व्यक्त किया और डिस्काम के सभी निदेशक (कामर्शियल) को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सभी डिस्काम में जो सबसे खराब राजस्व वसूली के खण्ड हैं उनके चार अधिशाषी अभियन्ताओं को चिन्हित करके कार्रवाई के भी निर्देश दिये।

### उपभोक्ता से गलत वसूली पर होगी कार्रवाई

एके शर्मा ने कहा कि गर्मी का मौसम हैं और अभी 02 माह तक राहत मिलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां पर भी ट्रांसफार्मर जल्दी-जल्दी जल रहे हैं, वहां ट्रांसफार्मरों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाये,इसी के साथ उन्होंने कहा कि असेसमेंट बिलिंग और अधिकारियों व कर्मचारियों में व्यवहारिक सुधार आवश्यक है, ऐसी कोई भी शिकायत न हो, जिसमें किसी भी उपभोक्ता से दुर्व्यवहार या गलत वसूली की गयी हो, ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## फरार 26 तस्करों के खिलाफ गैरजमानती वारंट

**अमृत विचार, लखनऊ:** करोड़ों रुपए कीमत की सिगरेट लेकर शारजाह से लखनऊ पहुंचे 26 तस्कर अभी भी फरार हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी 26 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। इस प्रकरण में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

मालूम हो कि पहली अप्रैल 2024 को राजधानी के अमौसी एयरपोर्ट पर उतरे कुछ तस्कर शारजाह से साथ में लाए विदेशी सिगरेट को लेकर भागने की फिराक में थे। इसी दौरान सुरक्षा कर्मियों को तस्कर होने की भनक लगते ही उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। घबराए तस्कर सिगरेट की पेटियों को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सभी तस्कर रामपुर जिले के थे। वह वर्षों से तस्करी का ही काम करते थे। घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस दो महीने में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सकी है। बाकी सभी 26 तस्कर अब भी फरार हैं। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने सभी 26 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। उधर, पुलिस फरार तस्करों की गिरफ्तारी करने के लिए लगातार छापे मार रही है। अदालत में उक्त सभी आरोपियों ने अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

# सवा तीन लाख लोगों को पेंशन देने की तैयारी

▸▸ पेंशन योजना का लाभ देने के लिए विभाग कराएगा सर्वे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में सवा तीन लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। विभाग इनको पेंशन योजना का लाभ देने के लिए अब सर्वे कराएगा।

समाज कल्याण विभाग ने वृद्ध नागरिकों को आर्थिक मदद देने के लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी। योजना में आवेदन करने वाले वृद्ध नागरिकों को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। विभाग प्रदेश में अभी लगभग चार हजार लोगों को उक्त योजना के तहत पेंशन दे रहा है। प्रदेश में 3 लाख 27 हजार लोगों का राशन कार्ड बना है मगर उनको पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हालांकि राशन कार्ड के तहत मिलने वाले अन्य लाभ कार्डधारकों को मिल रहे हैं। विभाग अब इनको पेंशन योजना से लाभान्वित करने की तैयारी में है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सर्वे कर उक्त राशन कार्ड धारकों के संबंध में रिपोर्ट दें। पात्रत्रा के दायरे में आने वाले राशन कार्ड धारकों के मुखिया का पेंशन दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा कि अगले माह तक पात्र लोगों से आवेदन कराकर इनको वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जाए।

### यह है पेंशन योजना का लाभ लेने के मानक

- उम्र- न्यूनतम- 60, या उससे अधिक
- समस्त वर्ग के लोग।
- वार्षिक आय- ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रु. और शहरी क्षेत्र में 56460 रु.
- मूल निवास- लाभार्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए
- यदि आवेदक अन्य पेंशन योजनाओं से लाभान्वित है तो पात्र नहीं है
- बीपीएल कार्ड धारक या बीपीएल परिवार से होना चाहिए
- करदाता नहीं होना चाहिए

## शिक्षकों की कमी होगी दूर, शासन को भेजा जायेगा प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊः** यूपी के राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। आचार संहिता के समाप्त होने के बाद गुरूवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से खाली पड़े पदों को भरे जाने के निर्देश दिए जाने के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय भी सक्रिय हो गया है। प्रदेश भर में संचालित 554 राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों के खाली पड़े पदों का संख्या के साथ विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया है। मौजूदा समय में कुछ राजकीय कॉलेजों में एलटी ग्रेट शिक्षकों से काम चलाया जा रहा है वहीं काफी संख्या में शिक्षक सेवानिवृत्त भी हुए और नई तैनाती न होने के बाद से पद खाली चल रहे हैं। विभाग के उच्च अधिकारियों का कहना है कि नये भर्ती बोर्ड के गठन में देरी के चलते भी शिक्षकों के रिक्त पद नहीं भरे जा सके हैं। लेकिन अब उम्मीद है कि प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जायेगी।

# मुफ्त मिल रहे कैमरे, जिम्मेदारों को लगाने में रुचि नहीं

नीरज मिश्र, लखनऊ



▸▸ अधिकारी सचेत हों तो लग सकता है ओवरस्पीडिंग पर ब्रेक

▸▸ तेज गति के कारण होती हैं सड़क हादसों में 40 फीसद मौत

**अमृत विचार:** जिम्मेदारों को पता है कि सबसे ज्यादा मौतें ओवरस्पीडिंग से होती हैं। उन्हें यह भी पता है कि सड़क हादसों में 40 प्रतिशत लोग तेज रफ्तार के कारण ही अपनी जान गंवाते हैं। इसकी भी जानकारी उनके पास है कि एनएचएआई के एक बड़े हिस्से पर ही सर्वाधिक मौतें दर्ज हो रही हैं। बावजूद इसके रफ्तार पर नजर रखने के लिए मिल रहे मुफ्त कैमरे तक को लगवाने के लिए एनएचएआई के जिम्मेदारों को फुर्सत नहीं है। कमेटी के अफसर कितना सचेत हैं बानगी देखिए।

**ई-चालान से रफ्तार पर ब्रेक की कोशिश पर ही लगा है ब्रेक :** रफ्तार पर ई-चालान से ब्रेक लगाने के लिए आगरा से इटावा होते हुए कानपुर चकेरी रोड तक के बडे. दुर्घटना बहुल क्षेत्र में सेव लाइफ फाउंडेशन से ऑडिट कराया गया। मौतों का आंकड़ा और हालातों को देख सुप्रीम कोर कमेटी ऑफ रोड सेफ्टी ने इस रूट पर एनएचएआई को हर 50 किलोमीटर पर एनपीआर (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरा लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए छह माह का समय दिया गया। एक्सप्रेस-वे अथारिटी को अपने मार्गों पर 90 दिन यानी तीन माह की मोहलत मिली। एक्सप्रेस-वे ने तो काम पूरा कर लिया। लेकिन एनएचएआई ने अब तक इस ओर नहीं देखा। गौर करने की बात यह है कि सर्वे करने वाली संस्था खुद से आगे आई और मुफ्त कैमरा लगाने की अनुमति मांगी।

शर्त यह थी कि अधिकार पत्र के साथ ही कैमरे को ई-चालान प्रक्रिया से जोड़ दिया जाए जिससे हादसे वाले इस मार्ग पर चालान की ठोस कार्यवाही शुरू हो सके। लेकिन करीब सवा साल से अधिक समय बीत गया। एनएचएआई ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। वह भी तब जब ओवरस्पीडिंग से बीते साल प्रदेश के अलग-अलग मार्गों पर 4,115 लोगों की जान गई है।

### आंकड़ों पर एक नजर

- साल-2023 में एनएचएआई पर हुए हादसों की संख्या-4,675
  - ▸▸ मौत- 2,852
- एनएच अंडर स्टेट लोनिवि (स्टेट हाइवे) पर हादसे- 1,394
  - ▸▸ मौत - 785
- एनएच अंडर अन्य विभाग में हुई दुर्घटनाएं -872
  - ▸▸ मौत -478

सभी महकमों को एक साथ मिलकर काम करने को कहा गया है। यह सही है आगरा से इटावा होते हुए कानपुर चकेरी रोड स्थित एनएचएआई के एक बडे.पैच पर बीते वर्ष बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवाई है। रोड सेफ्टी की सुप्रीम कमेटी ने बीते साल मार्च और फिर फरवरी माह में बैठक के दौरान एनपीआर कैमरा तत्काल लगाने जाने को कहा। इसी बीच मार्ग का ऑडिट करने वाली संस्था ने कुछ शर्तों के साथ फ्री में कैमरा लगाने का प्रस्ताव दिया लेकिन अभी तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। कमेटी अब इस पर सख्ती करेगी।

**पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा**

# गेटवे पोर्टल मान्य, अफवाह पर न दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों का भुगतान पंचायत भवनों में अनिवार्य किए गए गेटवे पोर्टल से करना है। इसके अलावा बाहर से किया गया भुगतान मान्य नहीं होगा। जो लोग इस व्यवस्था का विरोध कर अफवाह फैला रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने बताया कि ग्राम पंचायतों के विकास संबंधित भुगतान में पारदर्शिता लाने के लिए गेटवे पोर्टल लागू किया गया है। जो विभाग ने सभी पंचायत भवनों के कंप्यूटर पर इंस्टाल किया है। भुगतान इसी कंप्यूटर के पोर्टल से करना है। अनिवार्यता के बाद भी कुछ जिलों में पूर्व की तरह अन्य जगहों से भुगतान हो रहा है।

### 35 सरकारी अस्पतालों को मिला बेहतर सेवा देने का प्रमाण पत्र

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश की 35 और सरकारी अस्पतालों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) सर्टिफिकेट मिला है। इसके साथ ही प्रदेश में एनक्वास प्रमाण पत्र पाने वाले सरकारी अस्पतालों की कुल संख्या बढ़कर 217 पहुंच गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने साल 2025 तक 50 प्रतिशत और वर्ष 2026 तक सभी सरकारी सरकारी अस्पतालों को एनक्वास प्रमाणित कराने के लिए प्रयास किए जाएं। बीते पांच माह में जिन 35 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास मिला है उनमें 32 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।


## वर्ग पहेली-94

**बाएं से दाएं**

1. जिसका संस्कार हुआ हो।
5. 1. जगमगाने की अवस्था या भाव, दमक 2. प्रकाश में होने वाली चमक, चमचमाहट।
7. 1. वनरक्षक, वनमाली, बागवान, (गार्डनर) 2. माला बनाने वाला व्यक्ति 3. बादल, मेघ 4. बहुत घने जंगलों वाला प्रदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नाज़ुक 2. जोखिम भरा 3. संकट में फंसा हुआ।
2. विभाजन करने वाला, अलग-अलग हिस्सों में बांटने वाला।
3. 1. धुआं 2. बादल 3. धूमकेतु 4. उल्कापात 5. कोहरा 6. अपच के कारण आने वाली डकार 7. एक ऋषि 8. मकान बनाने के लिए तैयार किया गया स्थान।
4. वह कागज़ जिसपर संपत्ति गिरवी रखने की शर्तें लिखी गई हों।
6. गीदड़ नामक जानवर।




### वर्ग पहेली -93 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 पु | ■ | ■ | 2 चु |
| 3 अ | व | स | रा | नु | कू | ल |
| व | ■ | ■ | भि | ■ | ■ | बु |
| पी | ■ | ■ | ले | ■ | ■ | ल |
| ड़ | ■ | ■ | खा | ■ | 4 वा | ■ |
| न | ■ | 5 ठ | गा | ठ | गी | ■ |
| ■ | 6 दी | ग | र | ■ | श | ■ |

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 8 | | 9 | | | 4 |
| | | 8 | | | | 1 | 2 | |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | |
| | 2 | 3 | | | 8 | | 4 | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | 9 | |
| | | | 9 | 1 | 4 | | | 3 |
| | 8 | 4 | | | | 6 | | |
| 2 | | | 5 | | 6 | | 7 | |

### सुडोकू - 6 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 2 |
| 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 15 .55 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 19 .42 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज अधिकारियों के द्वारा आपको प्रोत्साहन मिल सकता है। दिन का उत्तर भाग आपके लिए शुभ रहेगा। पेपरवर्क में सावधानी रखें। विवाह से जुड़ी परेशानियों का निवारण हो सकता है। धार्मिक विषयों को लेकर आपका रुझान बढ़ेगा।

**वृष** — आज आप काम के बजाय अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आज धर्म-कर्म की ओर आकर्षित हो सकते हैं। पिता के साथ झगड़ा हो सकता है। अहंकार में आकर किसी को नीचा न दिखाएं।

**मिथुन** — आज किसी लक्ष्य को लेकर संकल्प ले सकते हैं। पहले किए गए प्रयासों का आपको फल मिल सकता है। सरकारी अधिकारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। आप परिस्थितियों को अपने नियंत्रण में रख पाएंगे।

**कर्क** — आज राजनीतिक लोगों को शत्रुओं से भय हो सकता है। चुपचाप शांत होकर अपना समय व्यतीत करें। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। आप जिन पर बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं, वे भी आपकी विशेष मदद नहीं कर पाएंगे।

**सिंह** — आज जीवनसाथी के साथ की अनबन दूर होगी,किंतु ससुराल पक्ष के लोगों को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। ज्यादा भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में कोई बड़ा ऑर्डर अचानक आपको मिल सकता है।

**कन्या** — आज विवेकपूर्ण निर्णय लेने से आपको काफी सम्मान मिलेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। व्यवसाय में आपको सहयोगियों के ऊपर निर्भर होना पड़ेगा। दीर्घकालिक योजना बनाने के लिए समय काफी अच्छा है।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। विरोधियों के साथ आप संयमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिसके कारण संभव है कि आप किसी फंसे हुए मुद्दे को सुलझा लें। किसी गंभीर विषय को लेकर आज आप सोच-विचार कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अति आत्मविश्वास में आकर कोई भी त्वरित निर्णय न लें। गुप्त साधनाओं और विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी,लेकिन आपको भटकाव के बजाय अपने मूल कर्म पर अधिक ध्यान देना चाहिए। संपत्ति निवेश को लेकर आपको ध्यान रखना होगा।

**धनु** — आज आपको स्वजनों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। दूरस्थ मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं। तकनीकी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आप किसी इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब और व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — आज कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। लोग आपसे सहयोग लेने की अपेक्षा करेंगे। संतान को लेकर परेशानियां दूर होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप अति आत्मविश्वास में आ सकते हैं। किसी को कमजोर समझने की गलती न करें।

**कुंभ** — आज ऐसे कार्यों से बचें,जो आपका मनोबल गिराते हों। रिश्तेदारों के कारण आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें। आप किताबें पढ़ने में रुचि ले सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मीन** — आज दोस्तों से आपको काफी संबल मिलेगा जिससे आपको नई शुरूआत करने की प्रेरणा भी मिलेगी। आपको अपने व्यक्तिगत जीवन को सबसे ज्यादा समय देना चाहिए। आपको घूमने भी जाना चाहिए। आप अपनी गलतियों पर गहराई से विचार कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- अकेले हम अकेले तुम — सुबह : 09 .54
- चाइना गेट — रात : 07 .00

SONY PIX
- जॉन विक — दोपहर : 12 .00
- द मैकेनिक — रात : 07 .34

&pictures
- लगान — सुबह : 10 .26
- फुकरे 3 — रात : 08 .00

ZEE CINEMA
- सर्कस — सुबह : 10 .53
- इंटरनेशनल राउडी — शाम : 05 .13

colors CINEPLEX
- डुप्लीकेट — सुबह : 11 .19
- ओएमजी 2 — रात : 08 .49

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी-अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर स्थिर होने पर ही नीतिगत कदम पर कर सकते हैं विचार: दास

## एमपीसी की बैठक में बोले आरबीआई गर्वनर, तब तक दरों पर कार्रवाई संभव नहीं

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक 'आगे के नीतिगत कदम' पर तभी विचार कर सकता है जब उसे सकल मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर स्थिर रहने का भरोसा हो। दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि मुद्रास्फीति दर को चार प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप लाना केंद्रीय बैंक का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा-जब तक आरबीआई को मुद्रास्फीति के इस लक्ष्य के नीचे रहने का भरोसा नहीं हो जाता, तब तक दरों पर कोई कार्रवाई संभव नहीं होगी। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) पर रखने का लक्ष्य दिया हुआ है। आरबीआई के अनुमानों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत पर आई है, लेकिन बाद में फिर से बढ़कर पांच प्रतिशत पर पहुंच रही है। दास ने कहा-मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप होना चाहिए और एक बार यह चार प्रतिशत पर पहुंच जाए तो इसे वहीं रहना चाहिए।

### फास्टैग, एनसीएमसी में खुद से जमा हो सकेंगे पैसे

ग्राहक जल्दी ही फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी), यूपीआई लाइट में राशि तय सीमा से नीचे जाने पर उसमें स्वचालित रूप से पैसा डाले जाने की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने ई-मैंडेट रुपरेखा के तहत इन उत्पादों में स्वत: पैसा डालने की सुविधा देने का प्रस्ताव किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति के निर्णय की जानकारी देते हुए शुक्रवार को कहा कि निश्चित अवधि पर होने वाले भुगतान के लिए ई-मैंडेट का चलन बढ़ रहा है। इसको देखते हुए फास्टैग, एनसीएमसी आदि में खुद से पैसा डालने की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। ई-मैंडेट व्यवस्था के तहत बैंकों को भुगतान के लिए संबंधित ग्राहक के बैंक खाते से निश्चित राशि काटे जाने की अनुमति दी जाती है। दास ने कहा कि ई-मैंडेट के तहत अभी दैनिक, साप्ताहिक, मासिक आदि जैसे निश्चित अवधि वाले भुगतान के लिए तय समय पर ग्राहक के खाते से पैसा स्वयं कट जाता है।

### अप्रैल में घट गई औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल महीने में घटकर 3.87 प्रतिशत रह गई जबकि इस साल मार्च में यह 4.2 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को औद्योगिक श्रमिकों के लिए फरवरी, मार्च और अप्रैल, 2024 के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आंकड़े जारी किए। इस सूचकांक को आधार बनाते हुए सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत तय करती है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा-मार्च महीने के लिए सालाना आधार पर मुद्रास्फीति 4.20 प्रतिशत रही, जबकि मार्च, 2023 में यह 5.79 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2024 के महीने में मुद्रास्फीति साल भर पहले के 5.09 प्रतिशत की तुलना में 3.87% रही। वहीं फरवरी के महीने में मुद्रास्फीति 4.90% रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.16 प्रतिशत थी।

# तीव्र आर्थिक वृद्धि से विदेश गए स्टार्टअप देश का कर रहे रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आईपीईएफ की बैठक को वाणिज्य विभाग के सचिव बर्थवाल ने किया संबोधित**

वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से ऊंची बने रहने से पहले विदेश जाने वाले स्टार्टअप उद्यमी वापस भारत का रुख कर रहे हैं। बर्थवाल ने भारत-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक समृद्धि समझौता (आईपीईएफ) के तत्वावधान में स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है और यह विचारणीय विषय है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार बर्थवाल ने बैठक में कहा-देश की मजबूत विकास के कारण



ही अब भारत के लिए सकारात्मक उल्टे प्रवाह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। जो भारतीय स्टार्ट-अप कभी पूंजी पहुंच और कर लाभों के लिए विदेशों का रूख कर गए थे, अब स्वदेश वापसी कर रहे हैं। कहा कि आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,350-55,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर अब तक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 31 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर पर रहा था।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 31 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.1 अरब डॉलर की जबरदस्त बढ़त के साथ 572.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 21.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.5 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.33 अरब डॉलर हो गया।

### चांदी में 2,600 रुपये का उछाल, सोना 150 बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी 2,600 रुपये के उछाल के साथ 95,900 रुपये प्रति किग्रा पर पहुंच गयी जबकि सोने में 150 रुपये प्रति 10 ग्राम की मजबूती देखने को मिली। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक, लगातार दूसरे दिन मजबूत होता हुआ चांदी आज 2,600 रुपये बढ़कर 95,900 रुपये प्रति किग्रा हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,300 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुआ था। इस बीच, सोने की कीमत 150 रुपये की तेजी के साथ 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# गठबंधन सरकार में निर्णय लेने की प्रक्रिया होगी धीमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने कहा भविष्य में निवेशकों का भरोसा हो सकता है कम**

गठबंधन सरकार में राजनीतिक स्थिरता की कमी और आम सहमति बनाने की जरूरत के चलते निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि ऐसे में निकट भविष्य में निवेशकों का भरोसा कम हो सकता है।

रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने चुनाव के बाद एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों का मतलब है कि संसद में समीकरण बदलने वाले हैं, क्योंकि गठबंधन के सहयोगी नीतिगत निर्णयों में प्रभाव डालेंगे और फायदा उठाने की




कोशिश करेंगे। टिप्पणी के मुताबिक, हालांकि इससे शासन के लिए अधिक समावेशी दृष्टिकोण पाने में मदद मिलेगी। भारत चुनाव समीक्षा: मतदाताओं ने भाजपा को गठबंधन सरकार चलाने के लिए मजबूर किया' शीर्षक वाली समीक्षा में कहा गया, भाजपा को सरकार बनाए रखने के लिए बातचीत और समझौते की मदद लेनी होगी। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है और शायद पार्टी की कुछ प्रमुख नीतिगत पहल धीमी हो सकती हैं। भाजपा ने 2024 के आम चुनाव में 240 सीटें जीतीं हैं, जबकि इससे पहले उसे 2019 में 303 सीटें मिलीं थीं। इस बार के आम चुनावों में हालांकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को लोकसभा में 293 सीटें मिलीं। मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, लेकिन भाजपा की कमजोर स्थिति राजनीतिक समीकरण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है।

## राष्ट्रीय

# नीट परीक्षा में हुई धांधली, कोर्ट की निगरानी में हो जांच

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक पोस्ट में कहा-पेपर लीक होने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार की है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने शुक्रवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) में धांधली का आरोप लगाया और कहा कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके। नीट का परिणाम गत चार जून को घोषित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गया है। इसकी सीधी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से



जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फँसना- उनके भविष्य से खिलवाड़ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। उन्होंने कहा, "हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया-पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके परिणाम में भी भ्रष्टाचार हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, परिणाम आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है? प्रियंका गांधी ने कहा-छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली से जुड़े वाजिब सवालों के जवाब चाहिए। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वो जांच कराकर इन वाजिब शिकायतों का निस्तारण करे।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने नीट की उत्तर कुंजी से जुड़ी याचिका पर जानना चाहा एनटीए का रुख

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर कुंजी में दो सही जवाब वाले एक प्रश्न को लेकर शिकायत करने वाली नीट-यूजी अभ्यर्थी की याचिका पर शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति डी.के. शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए के वकील से याचिका पर निर्देश प्राप्त करने को कहा। याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि परीक्षा में इस प्रश्न का उत्तर नहीं देने वालों को समान अंक दिये जाने चाहिए, जैसा कि दोनों सही उत्तर देने वालों को दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतियोगी परीक्षा में निष्पक्षता का सिद्धांत यह प्रावधान करता है कि सभी अभ्यर्थियों का मूल्यांकन समान मानदंड पर होना चाहिए और आरोप लगाया कि प्राधिकारों ने दो सही विकल्पों को अंक प्रदान कर निष्पक्षता के साथ समझौता किया, जबकि निर्देशों में स्पष्ट संकेत दिया गया है कि केवल एक विकल्प सही है। अपने अंक पर नकारात्मक प्रभाव को टालने के उद्देश्य से 17 वर्षीय छात्रा व याचिकाकर्ता ने उक्त सवाल का जवाब नहीं दिया और 720 अंकों में 633 अंक और करीब 98 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। अखिल भारतीय स्तर पर उसकी रैंक 44,700 के करीब है।

### केजरीवाल की नियमित जमानत का ईडी ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत आवेदन का विरोध किया। एजेंसी ने दावा किया कि उसके पास दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को "गंभीर" आर्थिक अपराधों से जोड़ने के लिए "पर्याप्त सबूत" हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि उसके पास केजरीवाल के खिलाफ कई सबूत हैं। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 14 जून के लिए निर्धारित की है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धन शोधन के अपराध में शामिल होने के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

# मणिपुर के जिरीबाम में एक व्यक्ति की हत्या के बाद विरोध-प्रदर्शन

**इंफाल, एजेंसी**

- **राज्य सरकार ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया**

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद राज्य सरकार ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सोइबम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने खाली पड़े झोपड़ों में आग लगा कर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार रात वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी। स्थानीय लोगों द्वारा हत्या का विरोध जताने के बाद वहां स्थिति तनावपूर्ण रही। जिरीबाम के जिलाधिकारी के कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेशों का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया, असामाजिक तत्वों की गैरकानूनी गतिविधियों के कारण यहां अशांति फैलने, दंगे भड़कने और मारपीट होने की संभावना है। स्थानीय प्रशासन ने पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, आग्नेयास्त्र, लाठी-डंडे लेकर चलने...और जिले के राजस्व क्षेत्राधिकार के भीतर किसी भी व्यक्ति के अपने निवास स्थान से बाहर घूमने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह बृहस्पतिवार को सुबह अपने खेत पर गया था, जहां से वह लापता हो गया। बाद में उसका शव बरामद किया गया। बताया कि सिंह पर किसी नुकीली चीज से हमला किया गया था।

## एक नजर

### दिल्ली के लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा हरियाणा : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यदि हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय राजधानी के लिए पानी छोड़ भी दे तो भी शहर में जल संकट का हल नहीं होगा, क्योंकि हरियाणा ने आने वाले पानी का प्रवाह कम कर दिया है। वजीराबाद बैराज का दौरा कर आतिशी ने जल स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हरियाणा पर आरोप लगाया कि हरियाणा उच्चतम न्यायालय के पीठ पीछे दिल्ली के लोगों के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहा है।

### हत्या के मामल में 16 लोगों को उम्रकैद

**औरंगाबाद।** बिहार में औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को वृद्ध की हत्या मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दो) संजय मिश्रा की अदालत ने कुटुंबा थाने में दर्ज एक कांड में सुनवाई करते 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी के खिलाफ 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर सभी अभियुक्तों को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# राहुल लोकसभा चुनाव के मैन ऑफ द मैच, बनना चाहिए नेता प्रतिपक्ष : थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव का मैन ऑफ द मैच करार दिया और कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव में लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम से निर्वाचित हुए थरूर ने दिए साक्षात्कार में कहा कि जनादेश का संदेश यह है कि मतदाताओं ने भाजपा के अति अहंकार और उसके मेरी बात मानिये, नहीं तो रास्ता नापिये के रवैये को अनुचित ठहराया है। अगली राजग सरकार को लेकर उनका कहना था, यह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लिए एक चुनौती होगी, जो अपनी सरकार चलाने में बहुत अधिक सलाह-मशविरा करने के आदी नहीं रहे हैं और मुझे लगता है कि यह उनके काम करने के तरीके को बदलने और सरकार के भीतर अधिक समायोजन करने की उनकी क्षमता की परीक्षा होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष के साथ भी सरकार का अधिक समायोजन रहेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार कुछ मुद्दों पर मजबूर सरकार साबित हो सकती



है क्योंकि इस गठबंधन का हिस्सा बनने वाली पार्टियों को हर बात पर सहमत होना होगा। थरूर ने कहा, पहले से ही अग्निपथ योजना पर एक पार्टी द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। इस विचार का जद (यू) और चिराग पासवान पार्टी द्वारा समर्थन किया गया है। आंध्र प्रदेश और बिहार दोनों में कई नेताओं ने अपने राज्यों के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा है, जिससे भाजपा सरकार ने अब तक इनकार कर दिया था। इसको भी फिर से देखना होगा।

कांग्रेस के निर्वाचित शशि थरूर ने कहा कि अब इस सरकार को अधिक सहमति वाला मॉडल शासन लाना होगा। उन्होंने मोदी सरकार पर पिछले 10 वर्षों में संसद को एक नोटिस बोर्ड की तरह मानने का आरोप लगाया और उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि यह उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं होगा कि सरकार के सभी निर्णयों के लिए संसद रबर स्टांप होगी।

# केजरीवाल के सहयोगी बिभव की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट का मामला

दिल्ली की एक सत्र अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज करते हुए कहा कि यदि आरोपी को रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। कुमार ने दूसरी बार जमानत के लिए अदालत का रुख किया था। न्यायाधीश एकता गौबा मान ने कहा-जांच अभी शुरुआती चरण में है और पीड़िता के मन में अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भी आशंका है क्योंकि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। आवेदक या आरोपी बिभव कुमार के गवाहों को प्रभावित करने की आशंका है। न्यायाधीश ने याचिका खारिज करते हुए कहा-इसलिए, मुझे वर्तमान जमानत याचिका में कोई दम नजर नहीं आता। कुमार को 31 मई को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस बीच कोर्ट ने कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका की पोषणीयता पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

# हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 48 घंटे में अतिसार के 58 नए मामले आए

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के 10 गांवों में 48 घंटे के भीतर अतिसार के 58 नए मामले सामने आए जिसके बाद जिले में अतिसार के मरीजों की संख्या बढ़कर 310 हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार शाम तक अतिसार के 58 मामले सामने आए। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कुल 310 मामलों में से 14 मरीज अस्पताल में हैं, 233 को छुट्टी दे दी गई है और शेष मरीज घर पर ही इलाज करा रहे हैं। हमीरपुर जिले की लांबलू, चमनेड़, गसोता, बफरीन और पंधेर ग्राम पंचायतों के 12 गांवों में पिछले शुक्रवार से अतिसार के मामले सामने आ रहे हैं। इस क्षेत्र की आबादी करीब 4,550 है।

### कर्नाटक के राज्यपाल ने स्वीकार किया मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राजभवन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी निगम से धन के अवैध हस्तांतरण के आरोपों के बीच नागेंद्र ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। राजभवन की ओर से कहा गया है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंत्री का इस्तीफा स्वीकार करने की सिफारिश की थी। कहा गया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में 87 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में इसके कर्मचारी चंद्रशेखर पी ने आत्महत्या कर ली थी।

# किसान संगठनों ने सीआईएसएफ कांस्टेबल के प्रति जताया समर्थन


**चंडीगढ़, एजेंसी**

### कंगना रनौत प्रकरण

- **कहा-पूरे प्रकरण की उचित जांच की जानी चाहिए**

देश के कुछ किसान संगठनों ने शुक्रवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल का समर्थन किया, जिसने अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की नव निर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था। इन संगठनों ने कहा कि पूरे प्रकरण की उचित जांच की जानी चाहिए।

रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान



सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा उन प्रमुख संगठनों में से है, जिन्होंने कहा कि वे सीआईएसएफ आरोपी महिला कांस्टेबल के साथ खड़े हैं। किसानों के विरोध प्रदर्शन पर कंगना के रुख को लेकर उनसे नाराज दिखाई देने वाली कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने का काम करने वाली सीआईएसएफ ने भी घटना की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

### कंगना रनौत की आतंकवाद को लेकर की गई टिप्पणी की पंजाब के नेताओं ने की आलोचना

पंजाब के नेताओं हरसिमरत कौर बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया और सुखपाल सिंह खैरा सहित कई अन्य ने अभिनेत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत की पंजाब में आतंकवाद को लेकर की गयी टिप्पणी के लिए आलोचना की है। रनौत ने कहा था कि पंजाब में आतंकवाद और अतिवाद बढ़ रहा है। गुरुवार को चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर हुई एक चौका देने वाली घटना में सीआईएसएफ की एक महिला जवान ने कंगना को थप्पड़ मार दिया था। बताया जा रहा है कि महिला किसान आंदोलन को लेकर अभिनेत्री की टिप्पणी से आहत थी। शिरोमणि अकाली दल के सांसद बादल ने कहा कि किसी को भी पंजाबियों को आतंकवादी या उग्रवादी कहने और लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की इजाजत दी जानी चाहिए। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मजीठिया ने एक्स पर लिखा कि हालांकि वह किसी भी रूप में हिंसा के समर्थक नहीं हैं।

# बांग्लादेशी सांसद की हत्या का आरोपी भारत को सौंपा

काठमांडू, एजेंसी

- अवामी लीग के सांसद 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे



नेपाल ने पिछले महीने कोलकाता में हुई बांग्लादेशी सासंद अनवारुल अजीम अनार की नृशंस हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया है। शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एक समाचार पोर्टल ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया, नेपाल पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने के बाद सोमवार की सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया।

समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, हत्या के बाद नेपाल भाग गए हुसैन को पिछले गुरुवार को नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेशी सासंद के परिचित द्वारा 18 मई को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार 56 वर्षीय अवामी लीग के सांसद अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे लेकिन 17 मई को उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# भारत में विशिष्ट लोगों को मिलता है सुरक्षा घेरा

भारत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या फिर अन्य गणमान्यों को जेड+, जेड, वाई और एक्स श्रेणी की सुरक्षा की जाती है। यह सुरक्षा कई प्रमुख सुरक्षा एजेंसी द्वारा प्रदान की जाती है जिनमें एसपीजी, एनएसजी, आईटीबीपी और सीआरपीएफ जैसी एजेंसी शामिल हैं। इस सुरक्षा को लेने के लिए सरकार को एप्लीकेशन देनी होती है, इसके बाद खुफिया एजेंसी व्यक्ति को होने वाले खतरे का अंदाजा लगाती हैं और उसके बाद ही सुरक्षा तय की जाती है। गृह सचिव और डायरेक्टर जनरल और चीफ सेक्रेटरी की कमेटी तय करती है कि किस व्यक्ति को कौन सी सुरक्षा दी जाए। इसके बाद व्यक्ति का विवरण औपचारिक मंजूरी के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी दिया जाता है।



### यह होती है सिक्योरिटी सिस्टम की प्रक्रिया

यदि किसी व्यक्ति को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलती है, तो उसे पूरे देश में सुरक्षा मिलेगी, इसके लिए एक तंत्र है। जैसा कि ऊपर बताया गया है, जेड श्रेणी की सुरक्षा में एनएसजी या सीआईएसएफ जैसी सुरक्षा एजेंसियां तैनात होती हैं, लेकिन जब कोई व्यक्ति राज्य से बाहर जाता है, तो उसके साथ कुछ ही कमांडो जाते हैं। बाकी सुरक्षा प्रदान करना उस विशेष राज्य की जिम्मेदारी है। लेकिन, इसके लिए वीआईपी को राज्य में दौरे की पूर्व सूचना देनी होगी। इस प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था कभी उजागर नहीं की जाती है।

### प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राज्य के सीएम को जेड+ सुरक्षा

जेड प्लस भारत में सुरक्षा की सर्वोच्च श्रेणी है। इसमें 10 प्लस एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मियों सहित 55 कर्मियों का सुरक्षा कवर प्रदान किया जाता है। प्रत्येक कमांडो मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध में विशेषज्ञ होता है। देश में जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और कुछ अन्य लोग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अति विशिष्ट लोगों व बिजनेसमैन को यह सुरक्षा श्रेणी प्रदान की जाती है।

### अधिकांश सेलेब्रिटी को मिलती है जेड श्रेणी सुरक्षा

जेड श्रेणी में 22 कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। यह दिल्ली पुलिस या आईटीबीपी या सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा प्रदान की जाती है। उदाहरण के लिए योग गुरु रामदेव और कई अभिनेताओं को जेड सुरक्षा प्रदान की जाती है।

### वाई श्रेणी में आठ और एक्स श्रेणी में दो सुरक्षा कर्मी होते हैं तैनात

वाई श्रेणी में आठ सुरक्षा कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 2 कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते हैं। इसमें दो निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) प्रदान किए जाते हैं। भारत में इस श्रेणी की सुरक्षा पाने वाले लोगों की संख्या काफी हैं। वहीं एक्स श्रेणी में दो कर्मियों (कोई कमांडो नहीं, केवल सशस्त्र पुलिस कर्मी) का सुरक्षा कवर होता है। यह एक पीएसओ द्वारा प्रदान किया जाता है।

## एक नजर

### सुनीता विलियम्स ने बोइंग स्टारलाइनर आईएसएस पर उतारा

**ह्यूस्टन।** नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफलतापूर्वक जोड़ दिया है। रास्ते में आई कुछ नई समस्याओं को दूर करने के बाद यह संभव हो पाया है। विलियम्स (58) ने विल्मोर के साथ बुधवार को तीसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा की।

### अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को अमेरिकी संसद को संबोधित कर सकते हैं। इससे उन्हें इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करने का मौका मिलेगा। अमेरिकी नेताओं ने पिछले सप्ताह नेतन्याहू को सांसदों को संबोधित करने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था और गुरुवार देर रात संबोधन की तारीख तय की।

### फिलेमोन यांग संरा महासभा के नये अध्यक्ष

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग को अपना नया अध्यक्ष चुना है। मीडिया रिपोर्टों के श्री यांग सितंबर में शुरू होने वाले महासभा के 69वें सत्र की अध्यता करेंगे। महासभा के आगामी सत्र की थीम और उनका मुख्य संदेश 'विविधता में एकता, शांति की उन्नति, सतत विकास तथा हर जगह सभी के लिए मानवीय सम्मान' है।



### बाइडन ने जेलेंस्की से माफी मांगी

**पेरिस।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अमेरिकी सैन्य सहायता में महीनों की देरी के लिए माफी मांगी। हथियारों की आपूर्ति में देरी के कारण रूस को युद्ध के मैदान में बढ़त हासिल करने में मदद मिली। पेरिस डी-डे लैंडिंग की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में दोनों नेता शामिल हुए। इस मौके पर बाइडन ने जेलेंस्की से कहा कि वह यूक्रेनी लोगों से उन महीनों के लिए माफी मांगते हैं जब उन्हें यह पता नहीं था कि और सहायता आएगी या नहीं।

# हूती ने संरा के नौ कर्मी बंधक बनाए

## इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया

दुबई, एजेंसी

बढ़ते वित्तीय दबाव और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन से हवाई हमलों का सामना कर रहे हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कम से कम नौ यमनी के कर्मचारियों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहायता समूहों के लिए काम करने वाले अन्य लोगों को भी बंधक बनाए जाने की आशंका है।

ये घटना ऐसे समय हुई है जब हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और उसके बाद से ही सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ लड़ रहे हैं। हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालांकि अधिक ध्यान आकर्षित करने के साथ-साथ इस गुप्त समूह ने घरेलू स्तर पर असहमति के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिसमें हाल ही में 44 लोगों को मौत की सजा सुनाना भी शामिल है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में काम करने वाले कर्मचारियों को बंधक बनाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी, इसके विकास कार्यक्रम, विश्व खाद्य कार्यक्रम के कर्मचारी तथा इसके विशेष दूत के कार्यालय में काम करने वाला एक व्यक्ति शामिल है। बंधक बनाए एक कर्मचारी की पत्नी को भी विद्रोहियों ने पकड़ रखा है। संयुक्त राष्ट्र ने इस पर तत्काल टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। माय्यून ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ने बंधक बनाए गए संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की पहचान की है।



मध्य गाजा में इजराइली हमले के बाद क्षतिग्रस्त इमारतें।

### मध्य गाजा में इजराइली हमलों में 18 लोगों की मौत

**यरूशलम।** मध्य गाजा में गुरुवार देर रात इजराइल के हवाई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 18 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे एक दिन पहले, एक स्कूल परिसर पर किए गए हमले में 33 लोग मारे गए थे, जहां विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। अधिकारियों ने बताया कि नुसैरत और मागजी शरणार्थी शिविरों तथा देर अल-बला और जावैदा कस्बों में शरणार्थी शिविरों पर हमले किए गए। अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, जान गंवाले वाले लोगों में चार बच्चे और एक महिला तथा नुसैरत शरणार्थी शिविर के मेयर भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि मध्य गाजा में उसका अभियान जारी है और सैनिकों ने दर्जनों आतंकियों को मार गिराया तथा इलाके में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है।

### ठोस ईंधन वाली फिलिस्तीनी मिसाइल का किया प्रक्षेपण

**दुबई, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अपने शस्त्रागार में एक नई, ठोस ईंधन वाली मिसाइल का प्रदर्शन किया और उसका प्रक्षेपण किया। यह मिसाइल ईरान द्वारा पहले प्रदर्शित की गई मिसाइल से मिलती जुलती है जिसे तेहरान ने हाइपरसोनिक गति से उड़ने वाला बताया है। विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल में दक्षिणी खाड़ी क्षेत्र में अकाबा के ईलात बंदरगाह पर अपनी नई फिलिस्तीनी मिसाइल दागी। प्रक्षेपण के कारण हवाई हमले के सायरन बज उठे लेकिन किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है। बुधवार देर रात हूतियों द्वारा जारी किए गए फुटेज में फिलिस्तीन को एक मोबाइल लॉन्चर पर रखा हुआ और बाद में हवा में जाते हुए देखा गया जिसके इंजन से सफेद धुआं निकल रहा था। ठोस ईंधन वाली मिसाइलों में सफेद धुआं निकलना आम बात है। ठोस ईंधन वाली मिसाइल को तरल ईंधन वाली मिसाइल की तुलना में तेजी से स्थापित किया और दागा जा सकता है। ईरानी मीडिया ने फिलिस्तीन के प्रक्षेपण की जानकारी दी।

### दो डॉक्टर, अस्पताल कर्मी एवं बिचौलिए को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**पुणे कार हादसा**

**पुणे, एजेंसी।** पुणे की एक अदालत ने 19 मई के पोर्श दुर्घटना मामले में शुक्रवार को ससून अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी के साथ-साथ एक अन्य व्यक्ति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मध्यप्रदेश के रहने वाले दो आईटी पेशेवरों की उस दिन तड़के कल्याणी नगर में उस समय मौत हो गई, जब उनकी मोटरसाइकिल को कथित तौर पर नशे में धुत्त एक नाबालिग लड़के द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार ने टक्कर मार दी। ससून अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनौर, अतुल घटकांबले और अमर गायकवाड़ को जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी आर कचारे की अदालत में पेश किया गया, जिन्होंने सभी अरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तोवड़े, हलनौर एवं घटकांबले पर किशोर के माता-पिता के साथ मिलकर रक्त के नमूनों को बदलने की साजिश रचने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गायकवाड़ ने आरोपी डॉक्टरों और किशोर के पिता के बीच बिचौलिये के रूप में काम किया था। जांच अधिकारी (आईओ) सुनील तांबे ने अदालत को बताया कि गायकवाड़ और एक अन्य कथित बिचौलिये अशफाक मकानदर की पुलिस हिरासत 10 जून को समाप्त हो रही थी, लेकिन उनकी भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने के बाद से गायकवाड़ की मजिस्ट्रेट हिरासत रिमांड (एमसीआर) की मांग की जा रही है।

# केन्या से हिमालय पहुंचीं ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** यदि आप हिमालय क्षेत्र में रहते हैं तो इन दिनों और एक विशेष प्रकार की ड्रैगनफ्लाई हजारों लाखों की संख्या में अपने आसपास उड़ते हुए देख रहे होंगे। यह ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई हैं। इन दिनों ये अरबों, खरबों और उससे भी अधिक संख्या में हिमालय क्षेत्र में प्रवास के लिए आई हुई हैं।


बटर फ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक बताते हैं कि यह ड्रैगनफ्लाई अपनी चौथी पीढ़ी के रूप में इन दिनों हिमालय क्षेत्र में है। अभी यह ड्रैगनफ्लाई भारत में केन्या से आई हैं। हिमालयी क्षेत्र में इनका प्रवास 15 से 20 दिनों का रहता है। इस दौरान इसकी यह पीढ़ी यहां ( भारत ) में अंडे देगी और मर जाएगी।

इसके बाद अंडों से निकलने वाली ड्रैगन फ्लाई फिर केन्या वापस जाएंगी। वहां वह पीढ़ी अंडे देगी और वहीं मर जाएंगी। वहां उन अंडों से निकले बच्चे केन्या से दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। वहां वह अंडे देंगे और मर जाएंगे। वहां अंडों से निकले बच्चे केन्या का रुख करते हैं और फिर वहां अंडे देंगे। इसी चक्र के तहत ड्रैगनफ्लाई फिर भारत पहुंचेंगी। इस तरह यह ड्रैगनफ्लाई चार पीढ़ी में लगभग 25 हजार किलोमीटर का सफर तय करती हैं।

### अमूर फाल्कन से ड्रैगन फ्लाई का विशेष संबंध

अमूर फाल्कन बाज परिवार का एक छोटा शिकारी पक्षी है। यह दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीकी तटों में सर्दियों के लिए भारत और अरब सागर में बड़े झुंडों में प्रवास करने से पहले दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन में प्रजनन करता है। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक अमूर फाल्कन एक मात्र ऐसा मांसाहारी पक्षी है जो कि माइग्रेट करते हुए समुद्र के बीच से भी गुजरती है और ऐसे में भी कभी यात्रा के दौरान नहीं उतरती है। बताते हैं कि अमूर फाल्कन ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई के साथ उड़ान भरती है और रास्ते में इनको खाती है और इसलिए रास्ते भर उसको भोजन मिलता रहता है।





दक्षिण भारत में पाई जाने वाली ड्रैगनफ्लाई भी इसी प्रजाति की है। लेकिन, दक्षिण भारत की यह ड्रैगनफ्लाई माइग्रेट नहीं करती है। -पीटर स्मैटाचैक, निदेशक बटर फ्लाई शोध संस्थान

# रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्र नदी में डूबे

मॉस्को, एजेंसी

- सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में हुआ हादसा

रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्रों की सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में डूब से मौत हो गयी है। रूस में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा वेलिकि नोवगोरोड शहर में नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय मेडिकल छात्र - दो लड़के और दो लड़कियां - रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में डूब गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार,एक छात्रा वोल्खोव नदी में डूबने लगी। चार छात्रों ने उसे बचाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रा और उसे बचाने गये चार में से तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। एक छात्र को बचा लिया गया।

दूतावास ने कहा, शवों को जल्द से जल्द रिश्तेदारों तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। जिस छात्र की जान बच गई है, उसे उचित उपचार भी प्रदान किया जा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि ये छात्र वेलिकी नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। उसने एक्स पर लिखा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना। महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह वेलिकी नोवगोरोड के स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि शवों को जल्द से जल्द उनके रिश्तेदारों तक पहुंचाया जा सके।

# मोदी-लाई की बातचीत सिर्फ शिष्टाचार

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने चीन की आपत्ति के संबंध में दिया जवाब

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते के बीच बधाई संदेशों के अदान प्रदान पर चीन की आपत्ति पर अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो विदेशी नेताओं का इस प्रकार के बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, मैं कहूंगा कि इस तरह के बधाई संदेश राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा हैं। मिलर ने चीन की आपत्ति के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। दरअसल लोकसभा चुनाव में मोदी की जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था जिसके प्रत्युत्तर में मोदी ने बुधवार को कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। लाई पिछले महीने ही ताइवान के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, चुनाव में जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को बढ़ाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं।



### ताइवान ने विरोध करने पर की चीन की निंदा

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जीत के बाद ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनके बीच ट्वीट्स के आदान-प्रदान का विरोध करने पर चीन की निंदा की। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो लोकतंत्रों के नेताओं के बीच एक्स पर सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी अनुचित है और ताइवान भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है। ताइवान ने पोस्ट में कहा, दो लोकतंत्रों के नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी पूरी तरह से अनुचित है। ताइवान भारत के साथ पारस्परिक लाभ और साझा मूल्यों के आधार पर साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है।

# इमरान ने सुप्रीम कोर्ट में दिया केजरीवाल का उदाहरण

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उनके साथ किये गए दुर्व्यवहार की उच्चतम न्यायालय में शिकायत की और भारत में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने का उदाहरण दिया। राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन से जुड़े एक मामले में प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के समक्ष गुरुवार को अपनी पेशी के दौरान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष ने अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से उन्हें प्रताड़ित किये जाने की शिकायत की।



न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखेल, न्यायमूर्ति अतहर मिनाल्ला और न्यायमूर्ति सैयद हसन अजहर रिजवी भी पीठ में शामिल हैं। न्यायमूर्ति मिनाल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि खान जेल में हैं जबकि वह एक बड़ी पार्टी के प्रमुख हैं जिसके लाखों समर्थक हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# पति, पत्नी और पड़ोसी लोगों को गुदगुदाने के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे दर्शकों के लिए गेम्स नाइट थीम पर आधारित एक दिलचस्प एपिसोड लेकर आएगा, जिसमें फन टास्टिक कॉमेडियन गैग्स और मज़ेदार वन-लाइनर्स के साथ प्रफुल्लित करने वाले गेम खेलेंगे। जाने-माने कॉमेडियन परितोष त्रिपाठी, सागर करांडे और हेमांगी कवि टीम बनाकर अपना अनूठा गैग पति, पत्नी और पड़ोसी पेश करने वाले हैं, जिसमें हेमांगी पत्नी की भूमिका निभाएंगी, जो अपने पति के लिए स्वादिष्ट खाना लेकर आती है, जिसकी भूमिका सागर ने निभाई है। जैसे ही वे अंदर जाने वाले होते हैं, उनका तंग करने वाला पड़ोसी, जिसका किरदार परितोष ने निभाया है, बिन बुलाया मेहमान बनकर आ जाता है। यह दंपत्ति अपना खाना छुपाने और उसे घर से बाहर निकालने के लिए बड़े मज़ेदार तरीके से संघर्ष करते हैं। जैसे ही पड़ोसी को छुपी हुई दावत का पता चलता है, हंगामा मच जाता है, जिससे जोड़े को हास्यास्पद तरीके से उसका पीछा करना पड़ता है! परितोष त्रिपाठी ने कहा,लोगों के जीवन में झगड़ालू पड़ोसी काफी परेशान करने वाली हकीकत है।

# वरुण धवन की फिल्म जुग-जुग जियो का बनेगा सीक्वल!

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन की सुपरहिट फिल्म जुग-जुग जियो का सीक्वल बनाया जा सकता है। करण जौहर निर्मित फिल्म वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। जुग-जुग जियो में वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर जैसे सितारे थे। इस फिल्म में दो अलग-अलग जेनरेशन के कपल को दिखाया गया था। जुग-जुग जियो 2 पर काम किया जा रहा है। इस बार यह फिल्म नए टाइटल के साथ आ सकती है। चर्चा है कि जुग जुग जियो के सीक्वल में एक बार फिर वरुण धवन नजर आ सकते हैं। संभव है कि टाइगर श्रॉफ भी इस फिल्म का हिस्सा बने। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन फिल्म होने वाली थी, जिसमें वरुण और टाइगर लीड रोल में होंगे। निर्देशक राज मेहता के साथ राइटर्स की एक टीम ने इस मूवी की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत या 2025 की शुरुआत में कर सकते हैं।



### 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा बिग बॉस ओटीटी 3

**मुंबई, एजेंसी।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 ,जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 प्रीमियर के लिए तैयार है। इस बार सलमान खान शो की मेजबानी नहीं करेंगे।अनिल कपूर शो को होस्ट करने जा रहे हैं। शो की लॉन्चिंग डेट का खुलासा कर दिया गया है। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। अनिल कपूर ने इस शो को लेकर कहा है कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं। हम दोनों दिल से जवान हैं। लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है। ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और रोमांचक प्रयास करना। मैं बिग बॉस में उसी ऊर्जा को 10 गुना अधिक लाने जा रहा हूं।

**खगोल विज्ञान** इस खोज को आश्चर्यजनक मान रहे हैं वैज्ञानिक, एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में प्रकाशित हुई खोज

# यह ग्रह तारे के करीब होने के बावजूद बनाए हैं वजूद

अमृत विचार, नैनीताल

- ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया
- इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे, तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है

वैज्ञानिकों ने दूर गगन में एक ऐसे ग्रह की खोज की है, जो अपने सूर्य के बेहद करीब होने के बावजूद वातावरण का वजूद बनाए हुए है। खोजे गए इस ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया है। इस खोज को वैज्ञानिक आश्चर्यजनक बता रहे हैं। इस ग्रह का स्वामी रेड जायंट स्टार है। इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे हैं। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह ग्रह सिग्नस तारामंडल में मौजूद है, जो हमसे 1,810 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। इसके तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है। यह ग्रह हर 4.2 दिनों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी करता है। इस बाहरी ग्रह की दुनिया खगोलविदों की सोच से आश्चर्यजनक रूप से छोटी, पुरानी और बेहद गर्म है। यह दुर्लभ एक्सोप्लैनेट की श्रेणी में आता है । अपने मेजबान तारे के बहुत करीब और बहुत अधिक गर्म होने के बावजूद, इसका वातावरण बरकरार है। मगर अभी तक इसका कारण पता नहीं लग सका है। इसका आकार पृथ्वी से 6.2 गुना बड़ा है। बुध व सूर्य की दूरी की तुलना में अपने तारे से लगभग 6 गुना अधिक करीब है। यह भीषण तापमान के साथ तप रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि लगभग 100 मिलियन वर्ष में इसकी मौत हो जाएगी।

### पृथ्वी के वातावरण को समझने में मददगार होगी यह खोज

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बाहरी ग्रह के जरिए पृथ्वी के भविष्य के बारे में अनुमान लगा सकते हैं। जब हमारा सूर्य अंत समय में फैलना शुरू होगा, तो उसके ताप में पृथ्वी का वातावरण गायब होना शुरू हो जाएगा। जिस कारण इस खोज को पृथ्वी के भविष्य के साथ जोड़ा जा रहा है।



तारे का बेहद नजदीकी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर। ● अमृत विचार